मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	32.0	25.0
जमशेदपुर	35.0	26.6
डालटनगंज	35.4	20.6

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● सोमवार, 16 अक्टूबर 2023 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 02, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 181 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

827 माध्यमिक शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

श्रीमती महुआ माजी
माननीया सांसद, राज्यसभा

श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा रांची

श्री सी.पी. सिंह
माननीय विधायक, विधानसभा रांची

दिनांक : 16 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : स्व॰ रामदयाल मुण्डा फुटबॉल मैदान मोराबादी, रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

ब्रीफ खबरें

सीयूजे में मना मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

रांची। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एनएसएस द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर्यक्रम किया. इसमें विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण कर अमृत वाटिका बनाया गया. छात्रों द्वारा घर से लाई गई मिट्टी को घड़े में लेकर पूरे परिसर में कलश यात्रा निकाली गई. इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया, जिसमें परिवहन आपातकाल जागरूकता, अलग अलग राज्य की सांस्कृतिक झलक की प्रस्तुति की गई है. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. क्षिति भूषण दास ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान को राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने में एक मुख्य अभियान के रूप में प्रेरित किया. कुलसचिव प्रो.केके राव,कार्यक्रम समन्यवक डॉ. विजय कुमार यादव , प्रो. भगवानदास, डीन, एसएमएस, विवि के वित्त अधिकारी, डॉ. मानवी यादव आदि शामिल रहे.

मिडिल स्कूल बुकाड़ से तीन सोलर प्लेट चोरी

चौपारण। चौपारण प्रखंड की ताजपुर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुकाड़ में अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात को विद्यालय भवन की छत पर लगे तीन सोलर प्लेट की चोरी कर ली. प्लेट चोरी होने की सूचना मिलते ही प्रधानाध्यापक प्रदीप साहू ने चौपारण थाने में लिखित आवेदन दिया. आवेदन में कहा कि ताजपुर मुखिया उषा देवी ने सोलर सिस्टम हैंड वाश यूनिट लगाया था. इससे बच्चों को पेयजल की समस्या से निजात मिली थी. उन्होंने बताया कि पूर्व में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रसोइया के साथ-साथ बच्चे भी अपने घर से बोतल में पानी लाते थे, तब जाकर भोजन पकाया जाता था. सोलर चोरी हो जाने से विद्यालय के बच्चों को पानी की समस्या से पुनः जूझना पड़ेगा. उन्होंने बताया कि सोलर सिस्टम में लगे तीन सोलर की कीमत 60 हजार रुपये थे.

स्कूल में चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के सुआ गांव में जिला परिषद सदस्य बासु देवी और सुआ मुखिया दुलारी देवी ने 37 लाख 92 हजार की लागत से बनने वाले चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया. जिला परिषद बासु देवी के प्रयास से यह संभव हो पाया. मौके पर जिप सदस्य बासु देवी ने कहा कि जिला परिषद बनने के बाद क्षेत्र का समुचित विकास हुआ है. क्षेत्र के विकास के लिए वे संकल्पित हैं. उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिले, इसके लिए प्रयासरत हैं. उन्होंने कहा कि स्कूल की चहारदीवारी निर्माण हो जाने से विद्यार्थी सुरक्षित रहेंगे. वहीं सुआ मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि सुआ पंचायत में कई तरह की योजनाएं धरातल पर संचालित हो रही हैं. मौके पर उप प्रमुख शीतल सिंह, सरजा मुखिया आनंद कुमार, उपाध्याय सिंह, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे.

विद्या भारती, केपीएस बर्मामाइंस बना विजेता

जमशेदपुर। सीबीएसई क्लस्टर-3 बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2023 के अंतिम दिन अंडर-19 बालक वर्ग में रविवार को विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को और संत माइकल्स हाई स्कूल, पटना के बीच फाइनल मैच खेला गया. इसमें विद्या भारती चिन्मया विद्यालय ने संत माइकल्स हाई स्कूल, पटना को हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया. संत माइकल्स हाई स्कूल, पटना उप विजेता बना. बालक वर्ग में टूर्नामेंट के श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार सुमित कुमार (संत माइकल्स हाई स्कूल, पटना) को मिला. वहीं लड़कियों में केपीएस, बर्मामाइंस ने जेवीएम श्यामली रांची को फाइनल में हराकर खिताब जीत लिया. नंदिनी राज (केपीएस, बर्मामाइन्स) को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला.

क्लासिफाइड

नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 से

शिक्षा का अधिकार, कार्य व दायित्व की मिलेगी ट्रेनिंग

सुकेश कुमार। चाईबासा

राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची ने राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया है.

इस तहत चाईबासा के अमला टोला वार्ड संख्या 19 में अवस्थित आदर्श नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय के सभागार में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 अक्टूबर से शुरू होगा. सीआरपी नीलम सिन्हा की देखरेख में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

दो दिनों तक चलनेवाले इस गैर आवासीय प्रशिक्षण में सदस्यों को प्रशिक्षण मॉड्यूल साझेदारी के आधार पर ऑफलाइन एवं वीडियो आधारित मिश्रित प्रशिक्षण दिया जाएगा.

विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि 16 और 17 अक्टूबर को प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों के लिए गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है.

इसके तहत सदस्यों को उनके कार्य एवं दायित्व, शिक्षा का अधिकार एवं नई शिक्षा नीति, अधिगम स्तर एवं उसे बढ़ाने में माता पिता की भूमिका, विद्यालय विकास योजना एवं बाल सुरक्षा और विद्यालय अनुश्रवण की विस्तृत जानकारी दी जाएगी. ताकि वे विद्यालय की गतिविधियों में अधिक जागरूक होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें.

जागरूक व क्रियाशील है विद्यालय प्रबंधन समिति

संकुल साधन सेवी नीलम सिन्हा ने कहा कि विद्यालय स्तर से विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को इसकी जानकारी दे दी गयी है. नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय का विद्यालय प्रबंधन समिति पहले ही जागरूक व क्रियाशील है. समिति के सदस्य पूर्व में भी इस तरह के प्रशिक्षण में भाग ले चुके हैं. अत: प्रशिक्षण लेने में उन्हें काफी आसानी होगी.

आपकी बात

नाम : उमेश कुमार चौबे
पद : सामाजिक कार्यकर्ता
जन्मस्थल : मेरू, हजारीबाग
कार्य क्षेत्र : हजारीबाग

> भ्रष्ट व्यवस्था का खत्म करने के लिए सभी लोग अपने हिस्से की ईमानदारी बरतें, तभी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा.

हजारीबाग के मेरू निवासी उमेश कुमार चौबे पढ़ाई के बाद से ही जनसेवा में लगे हैं. उनका मानना है कि अपने देश में भ्रष्टाचार इस कदर फैला हुआ कि कोई अपना काम ईमानदारी से नहीं करना चाहता. हर साख पर लोगों को परेशानी हो रही है. ऐसे में वह युवा पीढ़ी को संदेश देना चाहते हैं कि इस भ्रष्ट व्यवस्था का खत्म करने के लिए हर लोग अपने हिस्से की ईमानदारी बरतें, तभी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा. हाई स्कूल इटखोरी से वर्ष 1987 में मैट्रिक, अन्नदा कॉलेज हजारीबाग से 1989 में इंटर और विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से 1992 में अर्थशास्त्र से स्नातक की डिग्री लेनेवाले उमेश पढ़ाई के बाद आरएसएस से जुड़े रहे. इस दौरान वह लगातार गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों की सेवा करते रहे. नेहरू युवा केंद्र से जुड़कर उन्होंने मेरू में वर्ष 1996 में राष्ट्रीय एकता शिविर लगाया था. उसमें 11 प्रांतों से विद्यार्थियों का जुटान हुआ था और राष्ट्रीय एकता का संदेश बिखेरा था. लायंस क्लब से जुड़कर वर्ष 1993 से लगातार छह वर्षों तक मोतियाबिंद मरीजों की आंखों की ज्योति लौटाने के प्रति सेवारत रहे. इंश्योरेंस और मेडिकल सेक्टर से जुड़कर उन्होंने रोजगार भी किया. वहीं, छात्र जीवन में क्रिकेट से भी उनका काफी लगाव रहा. इसमें जिला स्तर पर उनके प्रदर्शन को काफी सराहा भी गया. इसके अलावा बॉलीवॉल, चेस व कैरम में भी उन्होंने हाथ आजमाए. अंचल के बड़ा बाबू रहे पिता भुनेश्वर चौबे और माता चंद्रमणि देवी के सुपुत्र उमेश कुमार चौबे कहते हैं कि जीवन में जरूरतमंदों की मदद जरूरत करें. इससे उन्हें आत्मिक शुकून मिलता है.

गुरु श्रेष्ठ : सुभाष पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी का समारोह आयोजित

13 उत्कृष्ट शिक्षक सम्मानित

मिला सम्मान

- नगर पंचायत के भवन में समारोह का आयोजन
- स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी

संवाददाता। चाकुलिया

चाकुलिया नगर पंचायत के पुराना बाजार स्थित नगर भवन में रविवार को नेताजी सुभाष पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में गुरुश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों के 13 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया.

मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड शिक्षा परियोजना की निदेशक किरण कुमारी पासी उपस्थित हुईं. समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि किरण कुमार पासी, विधायक सह सोसाइटी के संरक्षक समीर कुमार मोहंती समेत अन्य अतिथियों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया.

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बेरेलिया, चाकुलिया प्रखंड प्रमुख धनंजय करुणामय, बहरागोड़ा के प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती, निशु कुमारी, बीस सूत्री के अध्यक्ष साहेब राम मांडी, गौतम दास, समीर दास, राजा बारीक, सुभदीप दास, प्रणव बेरा, गौतम शर्मा, विशाल बारीक, प्रणव बेरा, असित कुमार मिश्रा, गणेश प्रसाद रुंगटा समेत अनेक लोग उपस्थित थे. धन्यवाद ज्ञापन प्रमुख धनंजय करुणामय ने किया. समारोह में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व उत्क्रमित मवि खेजुरिया की छात्राओं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया.

इन्हें सम्मानित किया गया

समारोह में उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेजुरिया के शिक्षक शिव शंकर पोलाइ को किरण कुमारी पासी ने गुरुश्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किया. उन्हें 25000 रुपए, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र दिए गए. इनके अलावे यूएमएस मधुपुर के शिक्षक सुनील कुमार बेरा, एमएस मुटुरखाम के शिक्षक साधु चरण मंगराज, एमएस चांदूआ के शिक्षक धीरेंद्र नाथ बास्के, एमएस मुटुरखाम के शिक्षक सजल कांति बनर्जी, यूएचएस लोधाशोली के शिक्षक भुदेब शंकर नायक, यूएचएस केरुकोचा के शिक्षक संजीव कुमार घोष, यूएमएस टुकदा के शिक्षक प्रद्युत दे, एमएस दक्षिणशोल के शिक्षक लोकेश नाथ साधु, पीएस धाधिका के शिक्षक अजीत कुमार पॉल, पीएस धाधिका के शिक्षक शिव शंकर देहुरी, पीएस पड़ाशिया के शिक्षक सुकेश मुखर्जी और यू एम एस नाकदोहा के शिक्षक पार्थ सारथी कुइला को 'परमगुरु' सम्मान से सम्मानित किया गया. इन्हें 5000 – 5000 रुपए, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

शिक्षकों का सम्मान जरूरी: किरण कुमारी पासी

मुख्य अतिथि किरण कुमारी पासी ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना जरूरी है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य होते हैं और शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माता होते हैं. शिक्षक ही शिक्षा का दीप जलाकर मनुष्य को अंधकार से प्रकाश में लाते हैं. चाकुलिया के अलावे अन्य प्रखंडों में भी ऐसे समारोह आयोजित कर विभाग द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा. समारोह को विधायक समीर कुमार महंती और सेवा निवृत शिक्षक मनिंद्रनाथ पलीत ने भी संबोधित किया.

मनिका हाईस्कूल में टूर्नामेंट का समापन

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित हाईस्कूल खेल के मैदान में आयोजित यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न हुआ. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव शामिल हुए. बहेराटांड़, मनिका की टीम ने मुरू बरवाडीह को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया.

100 छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी

संवाददाता। मैथन

नवरात्र के अवसर पर डीवीसी वेलफेयर सेंटर, मैथन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मैथन एवं आसपास के विभिन्न स्कूलों के करीब 100 बच्चों ने भाग लिया. रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य व संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर कहा कि बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत किया, जो उनकी प्रतिभा व कला को दर्शाता है. बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि बच्चों को एक अच्छा प्लेटफॉर्म मिलेगा तो यह बच्चे बहुत आगे बढ़ेंगे. कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों व अभिभावकों में एक उत्साह का महौल बना है. बच्चे काफी प्रतिभावान है, ये ही बच्चे आगे चलकर नाम रौशन करेंगे. मौके पर शिप्रा मुखर्जी, इंद्रजीत सिंह, राकेश रंजन केसरी, राजू मुखर्जी, स्वागता बनर्जी, मनोज राउत, मोहम्मद अलाउद्दीन, सुमन भट्टाचार्य, जयंत जाना, राकेश पांडे, समीर मलिक, अनुपम साहा, पुलक राय आदि उपस्थित थे.

सीबीएसई : हर स्कूल बनेगा स्किल हब

संवाददातात। जमशेदपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से मान्यता प्राप्त सभी स्कूल अब स्किल हब बनेंगे. इसके तहत छात्र-छात्राओं को स्किल विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा. यब व्यवस्था सत्र 2024-25 से लागू होगी. इसके लिए सभी सीबीएसई स्कूलों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से जोड़ा जायेगा. जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत नौवीं से 12वीं क्लास तक के छात्र-छात्राओं को स्किल प्रशिक्षण दिया जायेगा. इस संबंध में सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को जानकारी दे दी गई है.

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास वाले विषयों में दिलचस्पी बढ़ाने और कॅरियर विकल्प चयन करने के उद्देश्य से इस नई व्यवस्था को लागू किया जा रहा है. इससे कौशल विकास के तहत स्किल विषयों का प्रशिक्षण छात्र अपने ही स्कूल परिसर में ले पाएंगे. इसके लिए हर स्कूल को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा.

प्रैक्टिकल परीक्षा एक जनवरी से : सीबीएसई ने घोषणा की है कि भारत और विदेशों में सभी संबद्ध स्कूलों के लिए सत्र 2023-24 के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम, प्रोजेक्ट्स और इंटरनल असेसमेंट 1 जनवरी 2024 से शुरू होने वाले हैं. आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए सीबीएसई ने स्कूलों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किया है. इसके तहत कहा गया है कि 10वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए बोर्ड आंसर शीट उपलब्ध नहीं करायेगा.

इस परीक्षा के लिए स्कूल किसी बाहरी शिक्षक को नियुक्त नहीं करेगा. स्कूल संबंधित विषयों के पाठ्यक्रम का पालन करते हुए विशेष रूप से रेगुलर स्टूडेंट्स के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम, प्रोजेक्ट्स और इंटरनल असेसमेंट आयोजित करने के लिए जिम्मेदार है. वहीं, क्लास 12वीं के प्रैक्टिकल के लिए बोर्ड परीक्षा और प्रोजेक्ट मूल्यांकन के संचालन के लिए हर एक स्कूल में बाहरी परीक्षकों की नियुक्ति करेगा.

एएस कॉलेज की एबीवीपी इकाई का पुनर्गठन

संवाददाता। देवघर

देवघर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एएस महाविद्यालय के आर्ट्स कैंपस में कॉलेज की इकाई का पुनर्गठन किया गया. प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरूण शर्मा एवं नगर विस्तारक प्रदुम्न यादव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हर साल इकाई का पुनर्गठन किया जाता है. इकाई में वैसे ही छात्रों को और कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाता है, जो पिछला 1 साल कैंपस में सक्रिय रूप से कार्य किया हो.

मुख्य रूप से उपस्थित देवघर जामताड़ा विभाग के विभाग संयोजक शुभम राय ने कहा कि विधार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है और इसका सदस्य होना ही गर्व की बात है. परिषद के कार्यकर्ता ज्ञान, शील, एकता के मुल मंत्र के साथ कैम्पस मे कार्य करते है. जिला प्रमुख राजेश राज ने कार्यकर्ताओं को दायित्व के बारे में समझाया एवं संगठन की विचारधारा से अवगत कराते हुए नई इकाई की घोषणा की, जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व दिया गया.

इनमें अध्यक्ष -कुंदन लाल यादव, उपाध्यक्ष- हरिश्चंद्र कुमार, सौरव कुमार दास, गुड्डू निर्मल कुमार, मंत्री-दीपक प्रजापति(किट्टू), सह मंत्री-अंशु भारद्वाज, अर्पित कुमार सेठ, आशीष कुमार कृष्णा सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी- बिट्टू राउत , सह सूचना प्रभारी -सौरव कुमार शामिल हैं.मौके पर युवराज सिंह,सोनू सिंह, अभिजीत सिंह,बासुकीनाथ बाजपेई, ईश्वरी पंडित, राहुल कुमार, चंदन कुमार, गुड्डू कुमार, धर्मराज,अरविंद पासवान, अनुज पंडित, राहुल रजक, प्रभाकर ठाकुर, हरिश्चंद्र कुमार, आशीष कुमार, सौरभ कुमार, सचिन कुमार, सौरभ रावत, सूरज कुमार सिंह, आनंद कुमार, गोपाल कुमार, अरमान खान, सौरभ कुमार, राखी कुमारी, सचिन कुमार, आशीष यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

खास बातें

- कुंदन लाल यादव अध्यक्ष मनोनीत किए गए
- हरिश्चंद्र, सौरव, निर्मल कुमार उपाध्यक्ष बनाए गए

कोल्हान विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए पूरे कोल्हान में 10 केंद्र बनाए गए हैं

पीजी व बीएड चौथे सेम की परीक्षाओं की तिथि घोषित

संवाददाता। जमशेदपुर

कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से पीजी द्वितीय सेमेस्टर (सत्र 2022-24, न्यू सिलेबस सीबीसीएस), बीएड चौथे सेमेस्टर (सत्र 2021-23) समेत अन्य परीक्षाओं से के कार्यक्रमों की घोषणा जारी कर दी गयी है. विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी है. इसके मुताबिक बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा आगामी 2 नवंबर से आरंभ हो रही है. जबकि पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा आगामी 25 नवंबर से आरंभ होगी. विश्वविद्यालय की ओर से पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर केंद्रों का भी निर्धारण कर दिया गया है. इस परीक्षा के लिए पूरे कोल्हान में 10 केंद्र बनाये गये हैं.

परीक्षा व रिपोर्टिंग का समय

बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा दूसरी पाली में दोपहर 2:00 से 3:30 बजे तक होगी. परीक्षार्थियों को परीक्षा से आधा घंटा पूर्व दोपहर 1:30 बजे परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करने को कहा गया है. इसी तरह पीजे द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दो पालियों में सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 तथा दोपहर में 2:00 से शाम 5:00 बजे तक होगी. दोनों पालियों में परीक्षार्थियों को परीक्षा आरंभ होने से आधा घंटा पहले यानी पहली पाली में सुबह 9:30 तथा दूसरी पाली में दोपहर 1:30 पजे परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है.

यूजी का प्रैक्टिकल वाइवा 30 से

विश्वविद्यालय की ओर से एक अन्य अधिसूचना जारी की गयी है. इसके अनुसार स्नातक छठे सेमेस्टर (सत्र 2020-23, न्यू सिलेबस) की प्रायोगिक, वाइवा आदि परीक्षाओं का 30 अक्तूबर से आयोजन किया जायेगा. इसके तहत इंटरनल, प्रयोगिक, प्रोजेक्ट, वाइवा का आयोजन किया जायेगा. इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है. यह परीक्षा 4 नवंबर तक चलेगी.

विवेकानंद नर्सरी स्कूल में विश्व विद्यार्थी दिवस मनाया

संवाददाता। नोवामुंडी

विश्व विद्यार्थी दिवस सह डॉ. अब्दुल कलाम जयंती के अवसर पर रविवार को स्थानीय गैर सरकारी संस्था आदिवासी रिफोर्मेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी वार्स द्वारा संचालित विवेकानंद नर्सरी स्कूल, गुवा में फैंसी पोशाक प्रतियोगिता व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. संस्था के सचिव, सुबीर शर्मा द्वारा अभिभावकों को युनाइटेड नेशन द्वारा घोषित 17 अक्टूबर को बाल दिवस पालन करने के बारे संक्षेप में जानकारी दी व डॉ. अब्दुल कलाम के बारे एवं बच्चों के प्रति उनका योगदान के बारे चर्चा की गई.

बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम में स्थानीय अभिभावकों में गुवा सेल अस्पताल के डॉ. सरकार, हयूल खान, शिक्षिका सुमित्रा, सरस्वती, कुंती सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे.

शारदीय नवरात्र

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

दूसरा दिन
माँ ब्रह्मचारिणी का ध्यान

रांची एवं पटना से प्रकाशित

रांची • सोमवार, 16 अक्टूबर 2023 • आश्विन शुक्ल पक्ष 02, संवत 2080 • पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ • वर्ष : 1, अंक : 181

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

खत्म हुआ इजरायल का अल्टीमेटम गाजा छोड़ कर भाग रहे लोग

भीषण हमला कभी भी

- नेतन्याहू ने कैबिनेट की बाद कहा- हम अब हमास को खत्म करके ही दम लेंगे
- ईरान ने भी इजरायल को धमकाया रुक जाओ, वरना होगा जंग का विस्तार

एजेंसी। तेल अवीव

इजरायल ने गाजा को खाली करने का जो तीन घंटे का अल्टीमेटम दिया था, वो खत्म हो चुका है. किसी भी वक्त इजरायली सेना गाजा पट्टी पर भीषण जमीनी हमला बोल सकती है. इस बीच, इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू रविवार को कैबिनेट की आपात बैठक के बाद बोले-हम हमास को नेस्तनाबूद कर देंगे. हमास का हर लड़ाका अब अपने को अभी से मरा हुआ समझ ले. उधर, इजरायल पर तीन तरफ से हमले शुरू हो गए हैं. गाजा पट्टी की तरफ से हमास के आतंकी मोर्चा संभाले हैं, लेबनान की सीमा से हिजबुल्लाह के मोर्टार का निशाना इज़रायल की तरफ है. सीरिया की तरफ से भी इजरायल के खिलाफ नया मोर्चा खुल गया है. अमेरिकी विदेश मंत्री खाड़ी देशों की यात्रा करके इजरायल पहुंच रहे हैं. अमेरिका को डर है कि कहीं यह जंग विस्तारित रूप न ले ले, इसी लिए वह खाड़ी देशों के साथ कूटनीतिक बातचीत कर रहा है.

उधर, अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीरबदोल्लाहियान ने कहा है कि अगर गाजा के खिलाफ आक्रामकता रोकने में सफलता नहीं मिलती है, तो युद्ध के मोर्चों के विस्तार से इंकार नहीं किया जा सकता है, और इसकी संभावना हर घंटे बढ़ती है. उन्होंने कहा कि हम फिलिस्तीनियों की तबाही नहीं देख सकते. ईरान ऐसे में युद्ध मे चला जाएगा. बड़े देशों को इजरालय को समझाना होगा कि वह उसे रोक लें.

इज़रायल और हमास के बीच चल रही जंग को 9 दिन पूरे हो चुके हैं. इस जंग में दोनों तरफ से अब तक 5,000 से ज़्यादा लोगों की मौत हो चुकी है. इज़रायली सेना हवा, पानी और धरती के ज़रिए हमले के लिए पूरी तरह तैयार है. हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वो मासूम नागरिकों को नहीं मारना चाहते. इसी के वास्ते उन्होंने 3 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया था, जो अब खत्म हो गया है. 1,00,000 इज़रायली सैनिक ग्राउंड अटैक के ज़रिए गाज़ा को दहलाने की तैयारी में हैं और किसी भी पल उनका हमला शुरू हो सकता है.

एक और हमास कमांडर को किया ढेर

इज़रायली सेना ने एक और हमास कमांडर को ढेर कर दिया है. बिलाल अल कादर नाम के इस कमांडर को इज़रायली सेना ने रविवार को ही एयर स्ट्राइक के ज़रिए मार गिराया.अब तक हमास के पांच कमांडर मारे जा चुके हैं. पीएम नेतन्याहू ने कहा कि हम गाजा में हमास को नष्ट करने के लिए तैयार है. तेल अवीव में सैन्य मुख्यालय में आयोजित बैठक की शुरुआत हमास के हमलों में मारे गए लगभग 1,500 इजरायलियों की याद में मंत्रियों ने एक मिनट के लिए मौन भी रखा. नेतन्याहू ने कहा, हमास ने सोचा था कि हम अलग हो जाएंगे, लेकिन हम ही हैं जो हमास को अलग कर देंगे.

जंग में पहली बार 3 भारतीय महिलाओं की शहादत!

इस जंग में तीन भारतीय मूल की महिलाओं की शहादत की खबर है. ये महिलाएं भारतीय यहूदी समुदाय से ताल्लुक रखती थीं. उनके माता-पिता महाराष्ट्र से जाकर इजरायल में बस गए थे, लेकिन उनका (महिलाओं) जन्म वहीं हुआ था. इजरायल ने गाजा बॉर्डर पर महिला सैनिकों की भी तैनाती की है. भारतीय मूल की महिलाएं भी सीमा पर तैनात थीं. भारतीय मूल की महिलाओं की शहादत चरमपंथियों से लड़ते हुए हुई. कहा जा रहा है कि हमास के खिलाफ इस जंग में पहली बार भारतीय शहादत की पुष्टि हुई है.

कूदा अमेरिका

- युद्ध का दायरा न बढ़े, अमेरिकी विदेश मंत्री कूटनीति में जुटे
- खाड़ी देशों का दौरा करके लौटेंगे इजरायल को समझाने
- जंग के बीच, अमेरिका भी आब अपने नागरिकों को ले जाएगा

भारतीय सुरक्षा बल भी लेबनान सीमा पर तैनात

जंग में घिरे इजरायल की मदद के लिए अब हिंदुस्तान के सुरक्षाबल भी पहुंच गए हैं. भारतीय सुरक्षा बल इजरायल और लेबनान के बीच दक्षिणी सीमा पर बढ़ रहे तनाव के बीच निगरानी कर रहे हैं. यूनाइटेड नेशंस पीसकीपिंग फोर्स में बड़ी तादाद भारतीय सुरक्षा बलों और इंडियन सर्विसेज की है. भारतीय सुरक्षा बल ये काम यूनाइटेड नेशंस के पीस कीपिंग फोर्स के लिए कर रहे हैं.

हमास से फिलिस्तीनियों का लेना देना नहीं: बाइडेन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमास और इजरायल की जंग के बीच बड़ा बयान दिया है. उन्होंने अपने कहा है कि हमें इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि हमास के हमलों से फिलिस्तीनियों का कोई लेना-देना नहीं है. वे सिर्फ हमास की वजह से पीड़ित हैं. उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन की बहुत बड़ी आबादी का हमास के हमलों से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन वे इसका परिणाम भुगत रहे हैं. बाइडेन ने कहा कि उन अमेरिकी परिवारों के बारे में पता लगाया जा रहा है, जिनका कोई सुराग नहीं मिल सका है. हम ऐसे लोगों का पता लगाने और उन्हें घर लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं. इस संकट के समय में अमेरिका, इजरायल का समर्थन करने के लिए पीएम नेतन्याहू के साथ संपर्क में है.

अमेरिका ने भी इजरायल भेजे जंगी जहाज

इजरायल ने समंदर के जरिए हमास की घेराबंदी शुरू कर दी है. लिहाजा अमेरिका के 2 विमान वाहक जंगी पोत भूमध्य सागर में इजरायल की मदद के लिए पहुंच गए हैं. अमेरिका के जंगी जहाज यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड और यूएसएस आइजनहावर को तैनात कर दिया गया है. उधर, कतर यूनिवर्सिटी में गल्फ स्टडीज सेंटर के निदेशक महजूब ज़वेरी ने कहा कि इजरायली की भारी बमबारी के कारण गाजा में नागरिकों के लिए कहीं भी सुरक्षित नहीं है. ऐसे में लोग उन जगहों की ओर जा रहे हैं, जहां उनके परिवार के सदस्य हैं. लेकिन गाजा का दक्षिण भी सुरक्षित नहीं है. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमने गाजा के उत्तर से दक्षिण की ओर जाने की कोशिश कर रहे लोगों पर हमले देखे हैं.

तो गाजा में हजारों लोग बेमौत मरेंगे

इस बीच, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी द्वारा अपने केंद्रों को खाली करने के बाद गाजा पट्टी के 70 प्रतिशत निवासी अब स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो गए हैं. उन्होंने कहा कि अस्पतालों की ओर जाने वाली सड़कें तबाह हो गई हैं. इसके चलते एम्बुलेंस कर्मचारियों को पीड़ितों को निकालने में बड़ी कठिनाई हो रही है. उन्होंने कहा कि गाजा पट्टी में पानी-बिजली कुछ भी नहीं है. अगर यही हालात रहे, तो हजारों लोग बेमौत मारे जाएंगे.

मां का आगमन कलश स्थापन

झारखंड समेत पूरे देश में शारदीय नवरात्र पर्व के पहले दिन कलश स्थापन करके आम से लेकर खास लोग तक मां की आराधना में जुट गए हैं. रांची के गेतलसूद में भी कन्याओं ने कलश स्थापित करके मां की पूजा शुरू कर दी है. शहर से गांवों तक माहौल भक्तिमय हो चुका है. बड़े शहरों में दुर्गा पूजा की तैयारियां भी पूरी होने को हैं. जल्द ही मां पूजा पंडालों में भक्तों को दर्शन देंगी.(फोटो।रमीज)

महुआ पर निशिकांत ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिख कर तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. साथ ही निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहद्राई के पत्र का हवाला देते हुए जांच की मांग की. ओम बिरला को लिखे पत्र में भाजपा सांसद ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर लोकसभा में सवाल पूछने के नाम पर घूस लेने का आरोप लगाया है. उन्होंने लिखा कि ये सदन की अवमानना है. इसकी तत्काल जांच कराई जाए. पत्र में उन्होंने कहा, ''मुझे जय अनंत देहाद्राई, अधिवक्ता का एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने महुआ मोइत्रा पर सवाल के बदले रिश्वत लेने का आरोप लगाया है. भाजपा सांसद ने पत्र में लिखा है कि एक बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी के बिजनेस हितों को ध्यान में रखते हुए सदन में सवाल पूछे गए. निशिकांत के आरोपों पर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ ने करारा पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि अगर ईडी और सीबीआई को अडाणी मामले में जांच के बाद फुर्सत मिले, तो वे उनके पास जांच करने आ सकते हैं.

ईडी अफसर बन आए और लूटे 3.20 करोड़

नई दिल्ली। अक्षय कुमार की फिल्म 'स्पेशल 26' तो आपने देखी ही होगी. इस फिल्म में अक्षय कुमार सीबीआई के फर्जी अफसर बन कर एक व्यापारी के घर में घुसते हैं और डकैती को अंजाम देते हैं. यह तो हुई फिल्म की बात, लेकिन ठीक इसी तरह की घटना दिल्ली के बाबा हरिदास नगर इलाके में हुई. यहां भी 4-5 बदमाश खुद को ईडी का अफसर बताकर एक बैंकर के घर में घुसे और हवाला की रकम तलाशने के बहाने इस घर से 3 करोड़ 20 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए. हालांकि पुलिस ने थोड़ी ही देर बाद ही एक बदमाश को दबोच लिया. पुलिस ने इस बदमाश के पास से 70 लाख बरामद कर लिए. पुलिस के मुताबिक हरिदास नगर में रहने वाले बैंकर गुरुग्राम स्थित एक निजी बैंक में अफसर हैं. उन्होंने हाल ही में अपना एक प्लाट 4.70 करोड़ रुपए में बेचा था. इसमें से करीब डेढ़ करोड़ तो निवेश कर दिया था, लेकिन अभी भी 3.20 करोड़ अपने घर में रखे थे. बदमाशों को इसकी खबर लग गई और उन्होंने लूट को अंजाम दे दिया.

सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए जे-गुरुजी ऐप भी होगा लॉन्च

सीएम आज सौंपेंगे 827 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को झारखंड के 827 माध्यमिक शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे. रांची के मोरहाबादी स्थित रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सीएम हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में सफल इन अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटेंगे. साथ ही स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से बच्चों को डिजिटल शिक्षा देने के लिए बने जे-गुरुजी ऐप को भी लांच करेंगे.

इस ऐप से झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे ऑनलाइन शिक्षा पा सकेंगे. कार्यक्रम में सबसे अधिक नियुक्त पत्र पाने वाला जिला पश्चिम सिंहभूम होगा. वहां के 100 शिक्षकों नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, जबकि सबसे कम 5-5 नियुक्ति पत्र खूंटी और लोहरदगा जिले के शिक्षकों को मिलेगा.

किस जिले से कितने शिक्षक चयनित

जिला	शिक्षक	जिला	शिक्षक
पश्चिमी सिंहभूम	100	लोहरदगा	05
पलामू	74	सिमडेगा	24
गिरिडीह	74	गढ़वा	32
लातेहार	70	बोकारो	06
चतरा	61	धनबाद	11
पूर्वी सिंहभूम	52	हजारीबाग	35
दुमका	52	कोडरमा	13
सरायकेला	40	रामगढ़	35
गोड्डा	39	देवघर	16
रांची	08	जामताड़ा	16
गुमला	13	पाकुड़	12
खूंटी	0 5	साहिबगंज	34

क्या है जे-गुरुजी ऐप

जे-गुरुजी एप में कई फीचर्स हैं. इसमें बच्चों की पढ़ाई का मूल्यांकन करने की भी व्यवस्था है. गलत उत्तर की व्याख्या करने और सही उत्तर देने की भी व्यवस्था की गयी है. बच्चे एप से स्कूल के बाद घर में ऑडियो-वीडियो माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे. यह ऐप स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से बिल्कुल फ्री डाउनलोड होगा. ऐप का इस्तेमाल करने के लिए उसमें रजिस्ट्रेशन करना होगा. ऐप में हर स्कूल के लिए अलग-अलग कोड होगा. स्कूल, शिक्षक और मैनेजमेंट के लिए अलग-अलग लॉगिन और पासवर्ड होगा

सर्राफा

सोना (बिक्री)	56,400
चांदी (किलो)	75,000

भूकंप से कांपी दिल्ली एनसीआर की धरती

नई दिल्ली। हरियाणा के फरीदाबाद में रविवार शाम 4.08 बजे 3.1 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया. यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी. इसने कहा कि भूकंप का केंद्र फरीदाबाद से नौ किमी पूर्व और दिल्ली से 30 किमी दक्षिणपूर्व में स्थित था. भूकंप से लोगों में दहशत उत्पन्न हो गई, जबकि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई लोगों ने फर्नीचर में कंपन होने की जानकारी दी. नोएडा में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए. इससे पहले 3 अक्टूबर को, दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे. इसकी तीव्रता 6.2 थी.

हुआ फैसला बाउरी बनाए गए नए नेता विधायक दल, जेपी पटेल विस में भाजपा के सचेतक

3 साल 10 महीने बाद झारखंड को मिल ही गया नेता प्रतिपक्ष

सत्य शरण मिश्रा। रांची

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अमर बाउरी नए विधायक दल के नेता बनाए गए हैं. पार्टी द्वारा अधिकृत पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे की रिपोर्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर बाउरी को नेता विधायक दल बनाया गया है. वहीं विधायक जेपी पटेल विधानसभा में पार्टी के सचेतक होंगे.

इसकी घोषणा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार रात 9 बजे की. बता दें कि इससे पहले लगातार डॉट इन ने शाम 6 बजे 3 साल 10 महीने से खाली पड़ा है नेता प्रतिपक्ष का पद शीर्षक से खबर जारी की थी. 3 घंटे बाद ही प्रदेश अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष की गोषणा कर दी. बता दें कि झारखंड विधानसभा को 3 साल 10 महीने बाद भी नेता प्रतिपक्ष अब तक नहीं मिल पाया था. इससे पहले झारखंड में नेता प्रतिपक्ष का पद सबसे अधिक 8 महीने तक खाली रहा था. इससे पहले झारखंड में नेता प्रतिपक्ष का पद सबसे अधिक 8 महीने तक खाली रहा था. 29 मई 2009 को अर्जुन मुंडा नेता प्रतिपक्ष के पद से हटे थे.

देर आए दुरुस्त आए: भाजपा विधायक अमर बाउरी बनाए गए नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष न होने से राज्य को भी हुआ नुकसान

2019 से अबतक झारखंड विधानसभा का 12 सत्र बिना नेता प्रतिपक्ष के बीत चुका था. 2024 का विधानसभा चुनाव होने से पहले पांचवीं विधानसभा के अब सिर्फ 3 सत्र ही बचे हैं. 2023 का शीतकालीन सत्र, 2024 का बजट सत्र और मॉनसून सत्र के बाद चुनाव होने की उम्मीद है. करीब 4 साल की लंबी अवधि में सदन को नेता प्रतिपक्ष नहीं मिलने के कारण राज्य को भी बड़ा नुकसान हुआ था. नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण सूचना आयोग और लोकायुक्त समेत कई संवैधानिक पदों पर अबतक नियुक्ति नहीं हो पाई थी. इसके कारण जनता की हजारों शिकायतें और आवेदन इन दफ्तरों में धूल फांक रहे थे.

भाजपा नहीं चुन पाई थी विधायक दल का नेता

बाबूलाल मरांडी के दलबदल का मामला स्पीकर के न्यायाधिकरण में लंबित है. इस सरकार के पूरे कार्यकाल में उनके दलबदल के मामले का निपटारा संभव नहीं दिख रहा है. इस बीच भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया. उनकी जगह नए विधायक दल के नेता ढूंढ़ा जा रहा था. जो अब जाकर अमर बाउरी के रूप में मिल ही गया. जुलाई में केंद्रीय पर्यवेक्षक अश्विनी चौबे सभी विधायकों से 3-3 नाम लेकर दिल्ली गये थे. उसपर भी लंब समय तक केंद्रीय नेतृत्व की ओर से कोई फैसला नहीं लिया जा सका था. अब जाकर नेता प्रतिपक्ष का फैसला किया गया.

आदिवासी कोबरा ऑफ असम के 4 सदस्य बरहेट से गिरफ्तार

संवाददाता। साहिबगंज

आदिवासी कोबरा मिलिट्री ऑफ असम के चार सदस्य गिरफ्तार हुए हैं. बरहेट थाना क्षेत्र से पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया है. पुलिस लाइन स्थित कार्यालय कक्ष में एसपी नौशाद आलम ने रविवार शाम को जानकारी दी. बताया कि शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि बरहेट के भैरोढ़ाब में असम के कुछ लोग हथियारों के साथ बड़ी वारदात को अंजाम देने आए हुए हैं. सूचना मिलते ही बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उरांव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया.

पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सोचिल हेंब्रम, माइकल, सुनिराम मुर्मू और बदल हांसदा को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, कारतूस, दो बम, दो खुखरी, एक डेटोनेटर, दो चाकू,वाकी टॉकी, चार्जर, एनडीएएफ स्टांप, पैड, स्टेपलर, एक कीपैड फोन, एक स्मार्ट फोन, दो सिम कार्ड, लालू भगत से 25 लाख की रंगदारी मांगने के लिए नेशनल आदिवासी डेमोक्रेटिक, एनडीएएफ के लेटर पेड पर लिखा पत्र, एक खाली लेटर पेड व लिफाफा बरामद किया है.

बड़ी सफलता

- पुलिस ने हथियार, फोन और पर्चा आदि किया बरामद, हो रही पूछताछ, मिलेगी जानकारी

ब्रीफ खबरें

वाहन चालकों को परेशान करने का आरोप

आदित्यपुर। कांड्रा टोल प्लाजा के पास लगातार केवल छोटे वाहन की चेकिंग रोकने के लिए दुग्घा पंचायत के विरध्वजपुर ग्राम प्रधान कालीपद सिंह सरदार ने यातायात प्रभारी राजेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में कहा है कि जिस जगह छोटे वाहनों की जांच की जा रही है, वहां तीन पंचायत की सड़कें मिलती हैं. कई ग्रामीण कांड्रा बाजार आते- जाते रहते हैं. इस दौरान ग्रामीणों को जांच के नाम पर रोक लिया जाता है. जिनकी पैरवी होती है उन्हें छोड़ दिया जाता है.

किसानों को दिया गया प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

डुमरिया। प्रखंड की खैरबनी पंचायत भवन में रविवार को उद्यान विकास योजना से प्रशिक्षित 50 किसानों को मुखिया सुरेंद्रनाथ हेंब्रम द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. इस अवसर पर मुखिया ने किसानों से कहा कि उद्यान विभाग द्वारा बताए गए वैज्ञानिक विधि से खेती करें. मौके पर उद्यान मित्र श्याम सुंदर साव किसान चंपई बोदरा, भुजंग सोरेन, भुवनेश्वर पात्र, निमाई मोहंती दुर्गा पात्र, अरुण कुमार पात्र, देवेंद्र नाथ महतो, रामपदो महतो, अर्जुन मांझी, नागेंद्र महाकुड़, राम जीवन नायक, आदि उपस्थित थे.

पोर्टल पर निबंधन पूरा करने का निर्देश

धनबाद। जिले के निजी क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को नियोजन देने में आनाकानी करने वाले संस्थानों पर जिला प्रशासन सख्ती बढ़ाएगा. नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली, 2022 के अनुपालन को लेकर रविवार को समाहरणालय में हुई बैठक के दौरान डीसी वरुण रंजन ने यह बात कही है.उनके द्वारा इस एक्ट की अवहेलना किये जाने पर नियमानुसार दण्ड लगेगा. इसके लिए सभी नियोजकों को 05 नवंबर, 2023 तक का समय दिया गया है.

डीसी ने ब्लड कलेक्शन वैन का किया शुभारंभ

धनबाद। उपायुक्त वरुण रंजन ने 15 अक्टूबर को रोटरी क्लब ऑफ धनबाद की रोटरी ब्लड कलेक्शन वैन का शुभारंभ खुद रक्तदान कर किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर लगाने में यह वैन कारगर सिद्ध होगा. इसमें रक्तदान करने, रक्त स्टोर करने सहित सभी नवीनतम चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है. उपायुक्त ने कहा कि ऐसे लोग जो प्रचलित मिथकों के कारण रक्तदान करने से घबराते हैं वे इस वैन को अपने निकट के क्षेत्रों में देखकर प्रोत्साहित होंगे.

15 दिनों बाद बिजली बहाल, मिली राहत

सिंदरी। सिंदरी के रांगामाटी क्षेत्र के आरएमफोर कॉलोनी निवासी विगत 14 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर के कारण बिजली व्यवस्था से महरुम थे. उक्त क्षेत्रवासियों को शनिवार की देर शाम नये ट्रांसफार्मर की सुविधा देकर जेबीवीएनएल ने बिजली व्यवस्था पुनः बहाल की. इस बदहाल व्यवस्था से तंग आए क्षेत्रवासियों ने भाजपा नेता लक्की सिंह से इसे सुधारने की गुहार गुरुवार को लगाई. कनीय अभियंता ने शनिवार की देर शाम नये ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति पुनः शुरू की.

टाटा मोटर्स के चेचिस के रजिस्ट्रेशन में गड़बड़ी : संघ

जमशेदपुर। कान्वाई चालक संघ ने पत्र लिख कर उपायुक्त, राज्य और केंद्र सरकार को टाटा मोटर्स द्वारा चेचिस के रजिस्ट्रेशन में गड़बड़ी करने की शिकायत की है. संघ ने टाटा मोटर्स प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. कान्वाई चालक संघ के नेता ज्ञान सागर प्रसाद ने कहा कि रोड ट्रांसपोर्ट मंत्रालय भारत सरकार के नियमानुसार किसी भी नई गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कम से कम 6 महीना का होना चाहिए, टाटा मोटर्स प्रबंधन द्वारा चेचिस का रजिस्ट्रेशन एक महीने के लिए ही कराया जाता है.

किसान वैज्ञानिक संवाद का आयोजन

लातेहार। रविवार को महिला किसान दिवस के अवसर पर एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत फार्मर साइंटिस्ट इंट्रक्शन कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चिंयाकी डॉ. प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया.

नवरात्र में आदित्यपुर में नहीं कटेगी बिजली, जेबीवीएनएल ने पूरी कर ली तैयारी

जेबीवीएनएल सभी पंडालों को देगा अस्थायी कनेक्शन

संवाददाता । आदित्यपुर

नवरात्र के दौरान आदित्यपुर में बिजली नहीं कटेगी. इसकी तैयारी जेबीवीएनएल ने पूरी कर ली है. दुर्गा पूजा के दौरान आदित्यपुर में राज्यस्तरीय पंडाल का निर्माण होता है. उसे देखने के लिए दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है. इस कारण जेबीवीएनएल ने नवरात्र के दौरान बिजली नहीं कटे, इस लक्ष्य की तैयारी कर ली है. इसकी जानकारी जेबीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता (एसई) दीपक कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि विभाग ने 14 अक्टूबर तक सभी प्रकार के मेंटेनेंस कार्य को पूर्ण कर लिया है. अब नवरात्र के दौरान अनट्रिप्टेड बिजली आपूर्ति जारी रहेगी.

विद्युत एसई दीपक कुमार.

विद्युत ग्रिड.

2 केवी के अस्थायी कनेक्शन मिलेंगे पंडालों को : विद्युत एसई दीपक कुमार ने बताया कि सभी पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने की व्यवस्था की गई है. उन्हें मिनिमम 2 केवीए का कनेक्शन मिलेगा, जिसके लिए 3500 रुपये सिक्युरिटी मनी जमा करनी होगी. विभाग से सभी पंडालों में बिजली आपूर्ति की देखरेख के लिए एक-एक बिजली मिस्त्री रखने का निर्णय लिया है, जो किसी भी तरह के व्यवधान को वहां रहकर दूर करेंगे.

विद्युत एसई कार्यालय बनेगा कंट्रोल रूम : नवरात्र के दौरान 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जियाडा स्थित विद्युत एसई कार्यालय को कंट्रोल रूम बनाया गया है. यहां 24 गुणा 7 के तहत 3-3 कनीय अभियंता चौबीसों घंटे तैनात रहेंगे जो किसी भी व्यवधान को दूर करने में सक्षम होंगे.

ट्रांसफॉर्मर जल भी गए तो चिंता नहीं

विद्युत एसई दीपक कुमार ने कहा कि नवरात्र के दौरान अगर कहीं का ट्रांसफार्मर जल भी गया तो चिंता की बात नहीं है. विभाग ने फूल चार्ज ट्रांसफार्मर ऑन व्हील की व्यवस्था रखी है, जो तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कर देगी. इसके लिए 3 ट्रांसफार्मर ऑन व्हील स्टैंड बाय पर रखा जा रहा है.

खास बातें

- विभाग ने 14 अक्टूबर तक ग्रिडों का मेंटनेंस किया पूर्ण
- ऑन व्हील चार्ज ट्रांसफार्मर बैकअप को रहेंगे तैयार : एसई

आओ जानें

झारखंड के प्रमुख स्टेडियम

मेगा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स	रांची
जे.एस. सी. ए. इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम	रांची
बिरसा स्टेडियम	रांची
मेकन स्टेडियम	रांची
जयपाल सिंह स्टेडियम	रांची
एस्ट्रो-टर्फ स्टेडियम	रांची
शताब्दी स्टेडियम	रांची
जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स	जमशेदपुर
कीनन स्टेडियम	जमशेदपुर
मोहन आहुजा इंडोर स्टेडियम	जमशेदपुर
एल्बर्ट एक्का स्टेडियम	गुमला
डिगवाडीह स्टेडियम	धनबाद
इंडोर स्टेडियम	दुमका
हजारीबाग स्टेडियम	हजारीबाग

कई अस्पताल प्रबंधक आए-गए, पर योजना अधूरी

जल्द बनेगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

संवाददाता। धनबाद

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वर्षा जल को संचय करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण किया जाएगा. यह योजना काफी लंबे समय से अधर में लटकी हुई थी. इस बीच कई अस्पताल प्रबंधक आए और चले गए लेकिन इस योजना का धरातल पर नहीं उतारा जा सका. जबकि वर्तमान समय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का होना काफी आवश्यक माना गया है. जिससे वर्षा जल का जमीन में संचय किया जा सके और पानी की बर्बादी पर रोक लग सके. अस्पताल और कॉलेज दोनों परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण किया जाना है. इसकी जिम्मेदारी भवन प्रमंडल को सौंपी गई है. इसके साथ ही पानी स्टोर करने के लिए टंकी का भी निर्माण किया जाएगा. रेन वाटर हार्वेस्टिंग का पूरा खर्च डीएमएफटी फंड से किया जाना है.

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की योजना भी स्वीकृत : सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाने की तैयारी चल रही है. बरसात में ड्रेनेज सिस्टम का हर बार फेल हो जाने से मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को असुविधा होती है. सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने से पहले अस्पताल परिसर में जर्जर ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाएगा. एक तरफ जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग कर पानी का संचय किया जाएगा तो वहीं सीवरेज का पानी को भी री साइकिल करने का प्लान बनाया जा रहा है. बताते चलें कि बीते दिनों उपायुक्त वरुण रंजन ने एसएनएमएमसीएच प्रबंधन के साथ बैठक कर अस्पताल का हाल जाना था. जिसमें खुद प्रबंधन ने अस्पताल की खामियों और जरुरतों को गिनाया था. इसके बाद डीसी ने खामियों को दूर करने के लिए निर्देश जारी किया.

अच्छी खबर

- वर्षा जल को संचय करने की योजना को मिली स्वीकृति
- सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से भी होगा पानी का री-साइकिल

> एसएनएमएमसीएच में कुछ जरुरी योजनाएं अधर में लटकी हुई थी. जिसे स्वीकृति मिल गई है. इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से अस्पताल का विकास होगा. जल्द ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की तैयारी है. इसी माह कार्य शुरू होगा.
>
> **डॉ. अनिल कुमार, अधीक्षक, एसएनएमएमसीएच**

झारखंड में मिले 140 संदिग्ध, 8 में डेंगू की पुष्टि

रांची। रविवार को राज्य में डेंगू के 140 संदिग्ध मरीज मिले. जांच के बाद 8 में डेंगू की पुष्टि हुई है. बता दें कि पूर्वी सिंहभूम में 110 संदिग्ध मरीज मिले थे. जांच में 6 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है. वहीं पाकुड़ में 9 संदिग्धों के जांच के बाद 2 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है. जबकि चिकनगुनिया के 19 संदिग्ध मरीज मिले. हालांकि जांच के बाद किसी भी मरीज में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है. विभाग के आंकड़े के मुताबिक जनवरी से लेकर 15 अक्टूबर तक राज्य भर में डेंगू के 2016 मरीज मिले हैं. वहीं चिकनगुनिया के 275 मरीज मिले हैं.

पीडीएस दुकानदार संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। आदित्यपुर

जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की समस्याओं को लेकर शनिवार को गोइलकेरा में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया. इसका नेतृत्व पीडीएस दुकानदार संघ के कोल्हान प्रभारी कांग्रेस नेता फुलकांत झा कर रहे थे. उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में पीडीएस दुकानदार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को गोइलकेरा गया था. उन्होंने बताया कि मासिक मानदेय सहित 10 सूत्री मांगों के साथ कई तरह की पीडीएस दुकानदारों की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है. सीएम ने ज्ञापन लेने के बाद सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है.

रिवर व्यू कॉलोनी में दो सड़क का शिलान्यास

जमशेदपुर । पश्चिमी बागबेड़ा पंचायत के रिवर व्यू कॉलोनी में दो सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को हुआ. पोटका विधायक संजीव सरदार ने शिलापट्ट का अनावरण कर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया. इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे. यहां कॉलोनी बसने के बाद से कभी सड़क बनी ही नहीं थी. अब सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों में खुशी है. विधायक ने बताया कि यहां मुख्य सड़क तो ठीक थी परंतु पहुंच पथ का निर्माण कभी हुआ ही नहीं था. स्थानीय लोग काफी दिनों से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे. इस सड़क के बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होगी.

---

2 साल से ज्यादा समय बीत गये शिलान्यास के, मगर अबतक नहीं शुरू हुआ निर्माण कार्य

टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण जल्द हो शुरू

संवाददाता। चंदवा

चंदवा के पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार में शनिवार को कांग्रेस की जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख शामिल हुए. चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, माकपा अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर, सहजीवन भोगता ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में टोरी-चंदवा एनएच संख्या 99 नयी संख्या 22 पर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के लिए एनएचएआई विभाग को निर्देश देने का अनुरोध किया है. सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि टोरी, चंदवा एनएच-22 पर फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण के लिए 03 अप्रैल 2021 को ऑनलाइन शिलान्यास केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम ने किया था. मगर अबतक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका. केंद्र, राज्य सरकार और जिला प्रशासन की नजर रेलवे क्रॉसिंग के पास लगनेवाले जाम पर नहीं है.

गडकरी का वादा है आज अधूरा : शिलान्यास के दो वर्ष से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है, इससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है. मंत्री नितिन गडकरी ने शिलान्यास के समय कहा था यह परियोजना दो वर्षों में पूरा हो जाएगी लेकिन इसके उलट दो वर्ष से अधिक समय हो गया, परंतु अब तक यहां काम शुरू ही नहीं हुआ है. इस क्रॉसिंग से प्रतिदिन एक लाख से अधिक ग्रामीण, छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं. टोरी जंक्शन पर ग्यारह रेल लाइन है. वहीं तीन रेलमार्ग है. यहां से बड़ी संख्या में एक्सप्रेस और गुड्स ट्रेनें गुजरती हैं.

अक्सर बंद ही रहता है क्रॉसिंग

व्यस्ततम रेलमार्ग होने के कारण क्रॉसिंग अक्सर बंद ही रहता है. इसे बंद कर लगातार तीन चार ट्रेनों का परिचालन कराया जाता है. इसके चलते यहां घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है. जाम की समस्या खत्म करने के लिए दशकों से ग्रामीण आंदोलन कर फ्लाईओवर ब्रिज की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार मांगों को अनदेखी कर रही है. बताया कि कई बार गंभीर मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है. कई मरीजों की तो जाम में ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई. फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को काफी राहत मिलेगी.

स्वच्छ पंडाल को सम्मानित करेगा नगर पंचायत प्रशासन

संवाददाता। चाकुलिया

नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई को लेकर नगर पंचायत प्रशासन अलर्ट है. इसके तहत दुर्गा पूजा में बेहतर स्वच्छता को लेकर दुर्गा पूजा समितियों के बीच स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी. इसकी जानकारी नगर प्रबंधक मोनीस सलाम ने दी. बताया कि बेहतर स्वच्छता रखने वाली समिति को सम्मानित किया जायेगा. इसको लेकर नगर पंचायत कार्यालय में प्रशासक चंदन कुमार के नेतृत्व में बैठक भी हुई थी.नगर पंचायत प्रशासन ने स्वच्छ पंडाल प्रतियोगिता आयोजित कराये जाने का भी निर्णय लिया है. इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं. नगर पंचायत प्रशासन ने सभी पूजा समिति से आग्रह किया किया है कि पूजा पंडालों में तंबाकू उत्पादों की रोकथाम एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किये जाने के लिए अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार करें.

जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

संवाददाता। मैथन

कुमारधुबी क्षेत्र के कालीमण्डा स्थित धोबी घाट की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है. जिसका रजक समाज ने रविवार जमकर विरोध किया. दरअसल रेलवे द्वारा विस्थापित लोग धोबी घाट पर अवैध कब्जा करने में लगे थे. इसकी सूचना पुलिस को दी गयी. सूचना पाकर कुमारधुबी ओपी के एसआई वसीम अनवर खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे. एसआई खान ने मौके पर अवैध कब्जाधारियों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी. जिसके बाद विस्थापितों ने वहां से अवैध कब्जा हटा लिया. मौके पर जीतेन्द्र रजक, मुकेश रजक और रामउचित रजक ने विरोध जताते हुए कहा कि अंग्रेजी शासन काल से ही यहां धोबी घाट है. जो धोबी समाज का धरोहर है लेकिन कुछ लोग इस धरोहर को मिटाना चाहते हैं. ऐसा नहीं होने दिया जायेगा.

खास बातें

- पुलिस की चेतावनी के बाद हटा विस्थापितों का अवैध कब्जा
- अंग्रेजी शासन काल से ही इस जमीन पर धोबी घाट

कहा कि कुमारधुबी में एकमात्र इस धोबी घाट के अस्तित्व को बचाने के लिए वे लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं.

रेलवे ने जारी किया था नोटिस : रेलवे ने फ्रेट कॉरिडोर को लेकर रेलवे किनारे बसे लोगों को नोटिस देकर जगह खाली करने के लिए नोटिस कहा था. जिला प्रशासन की ओर से विस्थापितों को बसाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गयी. जिससे विस्थापित सरकारी पड़ी खाली जमीन पर बसने के प्रयास करने लगे. इसी के तहत विस्थापितों ने धोबी घाट की खाली पड़ी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने खाली करा लिया.

स्वास्थ्य विभाग ने 6.46 करोड़ किए आवंटित

संवाददाता। रांची

राज्य स्कीम के तहत स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रण में स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल एवं आवासीय परिसरों के नियमित रखरखाव, संचालन, प्रबंधन एवं मरम्मत की योजना के लिए 6 करोड़ 46 लाख 71 हजार रुपए का आवंटन किया गया है. बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राशि का आवंटन किया गया है. रांची जिले को सबसे ज्यादा 5671000 का आवंटन किया गया है. राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे. जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे.

इस जिले को इतने रुपये का किया गया आवंटन

रांची :	5671000	जामताड़ा :	2073000
पूर्वी सिंहभूम :	3548000	लातेहार :	1755500
गुमला :	3481000	पाकुड़ :	1936500
सरायकेला :	2933000	साहेबगंज :	2438500
सिमडेगा :	2268500	खूंटी :	1663000
लोहरदगा :	1446500	बोकारो :	2402000
चतरा :	1978500	देवघर :	2634500
धनबाद :	2662500	गढ़वा :	2448500
गोड्डा :	2698500	कोडरमा :	1186500
पलामू :	3295000	हजारीबाग :	2732500
पश्चिमी सिंहभूम :	4886000	रामगढ़ :	1082000
दुमका :	4449000	गिरिडीह :	3001000

आदेश बालू का उठाव सिर्फ टैक्टर से होगा. इसमें मशीन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा

आज से सूबे के 73 घाटों से होगा बालू का उठाव

संजीत यादव । पलामू

एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) ने बालू उठाव पर लगी रोक हटा दी है. पलामू में कैटगरी वन के तहत 73 घाटों से बालू के उठाव को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं. इस आदेश के बाद अब 16 अक्टूबर से बालू कारोबारी इन घाटों से बालू का उठाव कर सकेंगे. हालांकि बालू का उठाव सिर्फ टैक्टर से होगा. इसमें मशीन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा. इसके अलावा बालू का उठाव कर उसका भंडारण किसी अन्य स्थान पर नहीं किया जायेगा. घाटों से उठाये गये बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उद्देश्य और सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जायेगा. जिला खनन पदाधिकारी ने इस बात की जानकारी दी.

घाटों से उठाये गये बालू रॉयल्टी टैक्स से मुक्त : जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि घाटों से उठाये गये बालू रॉयल्टी टैक्स से मुक्त रहेगी. ग्राम पंचायत व स्थानीय शासन द्वारा बालू घाटों में पहुंच पथ, प्रबंधन, पर्यवेक्षण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि (100 रुपये प्रति 100 घनफुट) ली जायेगी. बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नदी में बने पुल-पुलिया के 500 से 2500 की परिधि के समीप से नहीं किया जायेगा.

वन कैटेगरी बालू घाटों से बालू उठाव के लिए पंचायत स्तर पर आठ सदस्यीय टीम गठित की गयी है. समिति में पंचायत के मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव व अन्य पांच सदस्य शामिल होंगे. अंचलाधिकारी (सीओ), पंचायती राज पदाधिकारी और अंचल निरीक्षक बालू उठाव कार्य की निगरानी करेंगे.

प्रखंड के इन घाटों से होगा बालू का उठाव

- **मेदिनीनगर :** बैयमटिया घाट, भुसरिया, कोयल, मेदिनीनगर, डुबलगंज घाट, औरंगा, बिदूआटोला घाट, कोयल मेदिनीनगर, छक्षिणवारा टोला, मोल्लवी घाट कौड़िया
- **छतरपुर :** टुकटुकाघाट, बटाने नदी, छतरपुर, चिरू, तेतरियाडीह, हेसला, चहलहटावा, बघमरा, सुखनडीहा नाला
- **हैदरनगर :** सजवान सलेमपुर, सोन, कबराखुर्द, नवडीहा पीपराही, लक्ष्मीपुर, सती नदी
- **पड़वा :** मुरमा घाट, सदाबाह नदी, पड़वा घाट, सदाबाह नदी, गरेरियाडीह, दुर्गावती नदी, गारीखांस, झरी घाट, छिछोरी घाट, सदाबाह, गोलहाना, जीजोरी नदी
- **पांकी :** तितलंगी,चाको नदी, गिधी, चाको, खेलहवा चाको नदी, बोरोडीरी, अमानत नदी, दवारिका घाट, अमानत, पांकी, बनाई नाला, कलोलवा नाला, सोवनस नाला, पीरी नदी
- **चैनपुर :** सदाबाहनाला, सतबहीनी नाला, सेमरा नाला, परासन नाला
- **पाटन :** बनका नाला, अखराही नाला जगहंसी, अखराही नाला
- **सतबरवा :** कायली नदी, घुटआ, हरीबनवा नाला घुटूआ, अनधरबार नाला बकोरिया, सेमरगरहा नाला बकोरिया, बड़का नाला रेवारा, गरहानाला घुटूआ, नारायण नाला घुटूआ

जेसीडीए के सचिव चुने गए बिनोद बिहारी गुप्ता

संवाददाता। लातेहार

केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (जेसीडीए) की लातेहार इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव शहर के होटल सेलिब्रेशन में आयोजित किया गया. मुख्य चुनाव अधिकारी अजय कुमार, सहायक चुनाव अधिकारी रमेश प्रसाद गुप्ता और धनंजय तिवारी के दिशा-निर्देश में चुनाव संपन्न हुआ.

झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन प्रदेश कमेटी के निर्देश पर झारखंड जोन-वन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, जोन-वन के सचिव नंदकिशोर श्रीवास्तव, गढ़वा जिला अध्यक्ष आद्या शंकर पांडेय, उदय कुमार सिंह व मनीष कश्यप नियुक्त किये गये.

92 मतदाओं ने भाग लिया : जेसीडीए के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर आयोजित मतदान में कुल 192 मतदाओं ने भाग लिया. जिलाध्यक्ष के दो उम्मीदवार विनोद बिहारी गुप्ता एवं सुरेश प्रसाद में मुकाबला था. जिसमें विनोद बिहारी गुप्ता ने 123 व सुरेश प्रसाद ने 49 वोट प्राप्त किया. उपाध्यक्ष पद पर संतोष चंद्र गोस्वामी 130 और मो. तौफिक को 52 वोट मिला. जबकि सचिव के रूप में विजय कुमार शौंडिक व संगठन सचिव के रूप में राजीव कुमार निर्विरोध चुने गये. सह सचिव के लिए चंद्रकांत ने 142 व मो. अख्तर ने 38 मत प्राप्त किया. इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए उमाशंकर चैतन्य ने 140 व राकेश कुमार सिंह ने 40 अंक प्राप्त किये.

शारदीय नवरात्र

द्वितीय ब्रह्मचारिणी

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन नवदुर्गा यात्रा क्रम की दूसरी देवी भगवती ब्रह्चारिणी के दर्शन पूजन का विधान है.

स्वरूप : माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी. इस कठिन तप के कारण इन्हें ब्रह्मचारिणी संज्ञा दी गयी. धवल वस्त्र धारण करने वाली ब्रह्मचारिणी माता त्याग और तपस्या की देवी मानी जाती हैं. इनके दाएं हाथ में अष्टदल की जपमाला और बाएं हाथ में कमंडल सुशोभित है.

पूजा विधि : मां ब्रह्मचारिणी की पूजा के क्रम में सर्वप्रथम सभी आमंत्रित देवी-देवताओं एवं गणों व योगिनियों को कलश में आमंत्रित करें. उनकी फूल, अक्षत, रोली, चंदन से पूजा करें. उन्हें दूध, दही, शर्करा, घृत, व मधु से स्नान करायें व देवी को जो कुछ भी प्रसाद अर्पित कर रहे हैं उसमें से एक अंश इन्हें भी अर्पण करें.

- डॉ विनय कुमार पांडेय

ब्रीफ खबरें

युवा राजद के रांची जिला उपाध्यक्ष बने शौकत अंसारी

रांची। कांके थाना क्षेत्र ग्राम हुसीर के रहने वाले शौकत अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल रांची जिला का उपाध्यक्ष बनाया गया है. पार्टी कार्यालय में शौकत को मनोनयन पत्र सौंपा गया. वहीं उन्हें निर्देश दिया गया है कि अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करें. समय-समय पर आयोजित किए गए कार्यक्रम का वीडियो और फोटो प्रदेश कार्यालय में उपलब्ध कराते रहें. मौके पर राजद के नेता इरफान अहमद अंसारी मौजूद रहे.

माझी परगना महाल का हुआ पुनर्गठन

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के नेताजी शिशु उद्यान के समीप आदिवासी कला सांस्कृतिक भवन प्रांगण में शंकर मुर्मू की अध्यक्षता में भारत जाकत माझी परगना महल का पुनर्गठन के लिए बैठक हुई. बैठक में ग्राम प्रधान, माझी बाबा, पौराणिक और परगना के सभी सदस्य उपस्थित थे. इसमें बहरागोड़ा मुलुक (प्रखंड) का पुनर्गठन किया गया. इसमें मुलुक परगना (प्रखंड अध्यक्ष) कुंवर लाल मंडी, मुलुक जग परगना (प्रखंड सह उपाध्यक्ष) सुशील मुर्मू, मुलुक पाराणिक (प्रखंड सचिव) शास्त्री हेम्ब्रम, मुलुक जग पाराणिक मौजूद थे.

बूथ सशक्तीकरण को लेकर भाजपा की बैठक

बोकारो। भाजपा के बूथ सशक्तीकरण अभियान को लेकर भाजपा चास नगर उत्तरी के पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक व सहसंयोजक की बैठक हुई. यह बैठक नवीन कॉपरेटिव चीराचास में नगर अध्यक्ष पन्नालाल कान्दू की अध्यक्षता में हुई. बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह नगर प्रवासी कमलेश राय ने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर सम्पर्क अभियान चलाने पर जोर दिया. भाजपा जिला महामंत्री सह नगर प्रभारी संजय त्यागी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संपर्क अभियान के माध्यम से बस्तियों में जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और उन क्षेत्रों समस्याओं को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया.

भाजपा की बैठक में बूथवार समीक्षा की

घोरमारा (देवघर)। भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह की उपस्थिति व मंडल महामंत्री विभूति ठाकुर की अध्यक्षता में चौपामोड़ में एक बैठक आयोजित की गई. इस दौरान मंडल प्रभारी दिलीप सिंह ने मंडल के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी और पिछली कार्य समिति की बैठक में तय कार्यक्रमों की समीक्षा की. साथ ही भाजपा को मजबूत करने के लिए एक दूसरे के साथ संपर्क और लगातार संवाद करते रहने की बात कही. साथ ही कार्यकर्ताओं को एक साथ मिल जुलकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया. कहा गया कि मोर्चा प्रकोष्ठ के साथ हर बूथ हर गांव तक पहुंचने की रणनीति बनाकर काम करें.

100 किमी की पैदल यात्रा 18 को साकची डीसी कार्यालय पहुंचकर समाप्त होगी

मांग पूरी कराने पैदल यात्रा पर निकले मानकी-मुंडा

संवाददाता। बहरागोड़ा

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए मानकी-मुंडा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित उपायुक्त कार्यालय के लिए पैदल यात्रा पर रविवार दोपहर निकले. एन एच 49 एवं एन एच 18 के संगम स्थल पर अवस्थित वीनापाणी मैदान से विधिवत पारंपरिक तरीके से देहुरी द्वारा पूजा अर्चना के बाद भगवान बिरसा मुंडा, वीर शहीद पोटो हो, वीर शहीद गंगानारायण सिंह, सिद्धो-कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित कर अतिथियों ने संयुक्त रूप से यात्रा शुरू की. यह यात्रा 18 अक्टूबर को साकची डीसी कार्यालय पहुंचकर समाप्त होगी.

मांग लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे : इस यात्रा के लिए सैकड़ों लोग हाथों में अपनी विभिन्न मांगों की लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रहे थे. इसमें सात सूत्री मांगो को लेकर चार दिवसीय मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पूर्ति कर रहे हैं. वर्षों पुरानी मानकी मुंडा संघ आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के विल्किंसन /छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम 1908 के प्रावधानों के तहत कार्य कर रही है.

पूर्वी सिंहभूम को भी दिया जाना चाहिए : पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दिनेश षाड़ंगी ने कहा कि मानकी-मुंडा, ग्राम प्रधान को जो मानदेय पश्चिम सिंहभूम में दिया जा रहा है वह पूर्वी सिंहभूम के मानकी मुंडा, ग्राम प्रधान को भी दिया जाना चाहिए. पद्मश्री डॉ जनुम सिंह सोय ने कहा कि साहित्य अकादमी और जनजातीय भाषा की स्थापना हो ताकि उनका साहित्य बचा रहे.

पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था है

झामुमो केंद्रीय महसचिव बाबूलाल सोरेन ने कहा कि मानकी-मुंडा आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था है. सरकार इस स्वशासन व्यवस्था को नजर अंदाज नहीं कर सकती है. जल, जंगल, जमीन इसी से बच सकती है. जमीन बचेगी तो हासा-भाषा भी बचेगा. इसके लिए चाहे राज्य सरकार से लड़ना पड़े या केंद्र सरकार से लड़ना पड़े हम लोग एकजुट होकर लड़ेंगे. पूर्व डिप्टी स्पीकर देवेंद्र नाथ चम्पिया ने कहा की विश्विद्यालय में सभी जनजातीय भाषा (हो, मुंडा, भूमिज, कुडुख, संथाली) की पढ़ाई सुनिश्चित की जानी चाहिए.

मानकी-मुंडा की मांगें

1. पूर्वी सिंहभूम के मानकी -मुंडा, डाकुवा, घटवाल, सरदार, नाईक,दिउरी/पाहन /लाया आदि को सम्मान राशि अविलम्ब दी जाए .
2. "हो, मुंडारी, कुडुख,संथाली भाषा को झारखंड का प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए.
3. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हो, मुंडारी, भूमिज, कुडुख भाषा को शामिल किया जाए.
4. कोल्हान विश्विद्यालय में महाविद्यालय में जनजातीय विषयों (हो, मुंडारी, भूमिज, कुडुख, संथाली) के शिक्षकों के रिक्त पदों को अविलम्ब नियुक्त किया जाए.
5. हो, मुंडारी, भूमिज, कुडुख, संथाली भाषा एकेडमी गठित हो.
6. केंद्र सरकार वन संरक्षण अधिनियम 2023 को रद्द करे.
7. राज्य सरकार पेसा कानून अधिनियम 1996 एवं आदिवासी सलाहकार परिषद् उपविधि अविलम्ब बनाया जाए.

आओ जानें

बाघमारा से जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

वर्ष	पार्टी	विधायक
2000	समता पार्टी	जलेश्वर महतो
2005	जदयू	जलेश्वर महतो
2009	झाविमो	ढुल्लू महतो
2014	भाजपा	ढुल्लू महतो
2019	भाजपा	ढुल्लू महतो

हेमंत की अंतरात्मा की आवाज जुबान पर आ जा रही है : प्रतुल

संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जब भी मौका मिलता है वह आदिवासी विक्टिम कार्ड खेलने लगते हैं. केंद्र सरकार से बकाया मांगने पर जेल भेजने की साजिश वाले मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतुल शाहदेव ने पलटवार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री यह बोलने से पहले विधानसभा की प्रोसिडिंग को पलट कर देख लें. विधानसभा में उनके ही वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा था कि राज्य सरकार को केंद्र से अपेक्षित सहयोग मिल रहा है. केंद्र से जैसा जो आग्रह किया गया है, उसे केंद्र ने स्वीकार किया है. तब ऐसे में मुख्यमंत्री क्यों लंबा चौड़ा हिसाब बता रहे हैं. प्रतुल रविवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे.

जेल जाने का डर क्यों : प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आखिर ऐसा क्या कर दिया है कि उन्हें जेल जाने का डर सता रहा है. हर बार उनकी अंतरात्मा की आवाज उनकी जुबान पर आ जा रही है. उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री इन दिनों बहुत गलत बयानी कर रहे हैं. या तो वे जान-बूझ कर गलत बयान दे रहे हैं, या फिर उनका स्क्रिप्ट राइटर ऐसे बयान तैयार कर रहा है.

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा

ओबीसी संख्या के आधार पर दी जाए हिस्सेदारी

संवाददाता। रांची

- हजारीबाग में आयोजित हुआ सम्मान समारोह
- पूरे उत्साह के साथ काम करने का किया आह्वान

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने पिछड़ा वर्ग को न केवल आरक्षण बल्कि आबादी के अनुसार हर क्षेत्र में हिस्सेदारी दिए जाने की मांग की है. यह बातें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने हजारीबाग में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही. उन्होंने सम्मानित होने वाले लोगों के योगदान को दिल खोलकर सराहा और आगे भी इसी उत्साह से काम करते रहने का आह्वान किया. बिहार में जाति जनगणना की रिर्पोट प्रकाश में आने बाद संख्या अनुपात में भागीदारी का मुद्दा देश व्यापी हो गया है. मोर्चा लंबे समय से यह मांग उठाता रहा है, जिसे आज सभी दलों के लोग उठा रहे हैं. ऐसे में आज जिसकी जितनी आबादी,उतना हक की बात उठनी शुरू हो गई है.

विषमता के खात्मे से ही देश और मजबूत होगा

राजेश कुमार गुप्ता ने मांग करते हुए कहा कि ओबीसी समुदाय को उसकी जनसंख्या अनुपात में समस्त आर्थिक गतिविधियों यथा सेना के उच्च पदों, सड़क,भवन निर्माण के ठेकों, सप्लाई,डीलरशिप, माईनिंग, उत्पाद विभाग, आउट सोर्सिंग जॉब, परिवहन, पार्किंग, मीडिया यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद इत्यादि में हिस्सा मिले. तभी ओबीसी को मुक्कमल सामाजिक न्याय मिल पाएगा एवं इनके मानव संसाधन का देशहित में समुचित इस्तेमाल हो पाएगा. ऐसा करने से ही आर्थिक और सामाजिक विषमता का खात्मा हो पाएगा तथा देश मजबूत होगा. इस मौके पर सूबेदार राम सिंह कुशवाहा, अजय मेहता, प्रेमनाथ साहू आदि उपस्थित थे. समारोह में जीवलाल प्रजापति कृष्ण कुमार, अशोक कुमार कुशवाहा, कविता कुमारी ,विकास कुमार ,बसंत नारायण मेहता, नागेश्वर प्रसाद मेहता ,दिनेश मेहता को अंग वस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया.

झामुमो माटी की पार्टी, हेमंत को परेशान कर रहा विपक्ष : रामदास

संवाददाता। घाटशिला

झारखंड मुक्ति मोर्चा दामपाड़ा जोनल कमेटी की ओर से रविवार को बाकीडीह गांव में बैठक की गई. मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामदास सोरेन तथा पार्टी के कई वरीय नेता शामिल थे. मौके पर प्रकाश टुडू के नेतृत्व में करीब 70 युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा. कलचिती पंचायत की पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा मुर्मू के नेतृत्व में 20 महिलाएं पार्टी में शामिल हुई. पार्टी में शामिल युवा तथा महिलाओं को विधायक रामदास सोरेन ने पार्टी का पट्टा देकर स्वागत किया.

ग्रामीणों के सुख दुख में साथ: विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा माटी की पार्टी है. ग्रामीणों के हर सुख दुख में झामुमो का एक-एक कार्यकर्ता खड़ा है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने जितना काम किया है, भाजपा के 20 वर्ष के शासन में नहीं हुआ था.

खास बातें

- युवा तथा महिलाओं ने झामुमो का दामन थामा
- ग्रामीणों के सुखदुख में झामुमो ग्रामीणों के साथ

स्वतंत्र पत्रकारों पर यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज करने के खिलाफ

माले ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

संवाददाता। धनबाद

मोदी सरकार के इशारे पर स्वतंत्र पत्रकारों पर यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज करने तथा गिरफ्तारी के खिलाफ भाकपा (माले) ने राष्ट्रव्यापी प्रतिरोध शुरू कर दिया है. इसी के तहत रविवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर प्रतिवाद मार्च करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया .

पुतला दहन में शामिल भाकपा माले के जिला सचिव कार्तिक प्रसाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार देश के स्वतंत्र पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला तेज कर दिया है. केंद्र सरकार के करतूतों का उजागर करने वाले देश के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकारों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर अभिव्यक्ति की आजादी पर मोदी सरकार अंकुश लगना चाहती हैं. यही नहीं मोदी सरकार लोकतंत्र एवं संविधान को लगातार कमजोर कर रही हैं .देश में जनविरोधी नीतियों को धड़ल्ले से लागू कर रही है. पुतला दहन के माध्यम से भाकपा माले धनबाद इकाई यह मांग करती है कि पत्रकार समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं पर यूएपीए के तहत लादे गये झूठे मुकदमों को वापस ले तथा गिरफ्तार पत्रकार समेत सामाजिक कार्यकर्ताओ को रिहा करें. अन्यथा पार्टी उग्र आंदोलन को बाध्य होगी.

ये थे उपस्थित : कार्यक्रम मे मुख्य रुप से राज्य कमिटी सदस्य कृष्णा सिंह,जिला सदस्य नकुलदेव सिंह, अजरानी निशानी उपस्थित थे.

कांग्रेस नेता सिन्हा की पुण्यतिथि पर हेल्थ कैंप

जमशेदपुर। जमशेदपुर के कांग्रेस नेता विजय सिंह की पुण्यतिथि पर सर्वधर्म सद्भावना समिति की ओर से मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया. यह कैंप जुगसलाई गर्ल्स स्कूल प्रांगण में लगाया गया. इस कैंप के लिए फोर्टिस अस्पताल की टीम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पूरी टीम ने अपना सहयोग एवं सेवा दिया. कैंप में 200 से ज्यादा लोगों की जांच की गई. कार्यक्रम का उद्घाटन कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने दीप प्रज्जवलित कर किया. कार्यक्रम में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार, पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी, पूर्व सिविल सर्जन ए के लाल, कांग्रेस के प्रदेश सचिव के के शुक्ल, सचिव महेंद्र मिश्रा मौजूद थे.

ग्रामीण क्षेत्रों में पकड़ बनाने में जुटी कांग्रेस

संवाददाता। जमशेदपुर

लोकसभा की तैयारी में जुटी कांग्रेस अब ग्रामीण क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने में लगी है. इसी क्रम में रविवार को जमशेदपुर ग्रामीण ब्लॉक के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के नौ पंचायत कमेटियों की बैठक परसुडीह स्थित देवराज पैलेस में हुई. इसमें मुख्य रूप से पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे मौजूद थे.

उन्होंने कार्यकर्ता को पार्टी के नीति-सिद्धांत से लोगों को अवगत कराने तथा लोगों से संवाद स्थापित करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की. बैठक में बुथ स्तर पर संगठन मजबूत करने, गांव-गांव का दौरा करने की बात कही. साथ ही कई जरूरी दिशा निर्देश दिए. इस दौरान कई महिलाएं कांग्रेस पार्टी में शामिल हुई. जिलाध्यक्ष ने सभी का स्वागत किया.

पंचायत कमेटियों को दिए कई निर्देश

आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पिछले आठ-दस महीनों से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है. चुनाव के लिए संगठन का सशक्तीकरण बेहद जरूरी है. उन्हीं आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए पंचायत कमेटियों को मजबूत और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है. इसी कड़ी में नौ पंचायत कमेटियों की बैठक की गई है. इस बैठक में उन्हें क्या-क्या करना है, इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं.

विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

बोकारो। शहर के सेक्टर-1 कार्तिक नगर में बोकारो विधायक विरंची नारायण ने विधायक मद से बनने वाले पीसीसी सड़क का शिलान्यास रविवार को किया. मौके पर उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं. बोकारो में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं. कार्तिक नगर में पथ निर्माण की पुरानी मांग थी. जिसे आज पूरा किया है. इसके बन जाने से लोगों को आने जाने में सुविधा होगी. इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना. इस अवसर पर संजय त्यागी,अमित सिंह,मनजीत सिंह अजय कुमार, संतोष कुमार,सुरेश बड़ाइक,आनंद कुजूर,निमाई माझी उपस्थित थे.

कांग्रेस की जातिगत गणना की मांग

संवाददाता। बोकारो

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी मोर्चा के डिजिटल मीडिया प्रभारी मो कैसफ रजा ने बोकारो परिसदन में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया.इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी मोर्चा का यह स्पष्ट स्टैंड है कि पूरे देश में जातिगत जनगणना हो. आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि देश में लगभग 50 से 60 प्रतिशत आबादी वाली ओबीसी वर्ग को विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में कितनी भागीदारी है.

देश के संपत्ति में कितनी हिस्सेदारी है. मोदी सरकार धार्मिक उन्माद के पीछे अपनी विफलताओं को छिपाना चाहते हैं. कोई भी घर-परिवार, समाज-राष्ट्र नफरत वैमनस्यता से विकास नहीं कर सकता.

भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी : भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है, मोदी सरकार ने इसे बेहतरीन ढंग से स्पष्ट करते हुए धरातल पर लाया, जिस कारण देश की एक प्रतिशत आबादी के पास देश की 73 प्रतिशत सम्पत्ति सिमट गई है. 125 देशों में भारत 111 वें नम्बर पर हैं. कॉरपोरेट का 18 लाख करोड़ मोदी सरकार ने माफ कर दिया.

बैंक कर्मियों ने सामूहिक पत्र लिखकर प्रधानमंत्री कार्यालय को कारपोरेट माफी को बंद करने का आग्रह किया. कांग्रेस के बनाये हुए 23 सार्वजनिक उपक्रम को मोदी सरकार ने बेच दिया, लेकिन एक भी नया सार्वजनिक उपक्रम नहीं बनाया.

चाईबासा | झामुमो का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित

झामुमो के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाएं : विधायक

संवाददाता। चाईबासा

सदर प्रखंड अंतर्गत सरनाडीह स्थित झामुमो कार्यालय परिसर में रविवार को झामुमो सदर प्रखंड कमेटी की ओर से एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया. प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुवा शामिल हुए.

कार्यक्रम में पहुंचते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक व अन्य अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया. कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के सैकड़ों लोगों ने राज्य सरकार और विधायक की कार्यशैली से प्रभावित होकर अन्य पार्टी छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया. विधायक और अन्य अतिथियों ने सभी को माला पहनाकर झामुमो पार्टी में स्वागत किया. इसके पूर्व झामुमो के दिवंगत कार्यकर्ताओं की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपक बिरुवा ने राज्य सरकार द्वारा एवं उनके अथक प्रयास से किए जा रहे जनकल्याणकारी योजना के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया. साथ ही प्रखंड के 18 पंचायत के पदाधिकारियों को पंचायत स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने और संगठन को मजबूत करने पर बल देने को कहा.

विधायक तेजी से विकास कर रहे हैं

विशिष्ट अतिथि जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी ने कहा कि आप ही ऐसे कार्यकर्ता हैं. जिन्होंने दीपक बिरुवा को मजबूत बनाने का काम किया और लगातार तीन बार जिताकर विधानसभा भेजने का काम किया. विधायक ने जनता हित में लगातार विधानसभा में मुखर होकर आवाज उठाने का काम किया. उन्होंने विधायक की प्रशंसा करते हुए कहा कि विधायक दीपक बिरुवा विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहे हैं. आंदोलनकारी भुवनेश्वर महतो ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई देते हुए कहा कि झामुमो के नीति सिद्धांतों को बताकर अधिक से अधिक कार्यकर्ता को जोड़ने का काम करें.

मजबूती प्रदान करने का काम करें

सुभाष बनर्जी ने कहा कि विधानसभा में हर जाति समुदाय के लोगों के हित में आवाज उठाने वाले विधायक दीपक बिरुवा को और अधिक मजबूती प्रदान करने का काम करें. अधिवक्ता विकास मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता महीना में 10 व्यक्ति को जोड़ने का कार्य करें. सफलता निश्चित हासिल होगी. उन्होंने तन मन धन से विधायक दीपक बिरुवा को चौथी बार विधायक बनाने का संकल्प दिलाया. विधायक आपका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. मंच संचालन सेबोन बोयपाई एवं मन्ना कुदादा ने किया.

अजा, अजजा कार्यकर्ताओं को मुख्यधारा से जोड़ना है : हिमांशु

संवाददाता। देवघर

लिडरशिप डेवलेपमेंट मिशन कार्यक्रम के तरह रविवार को देवघर जिला कांग्रेस कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम के प्रभारी हिमांशु शेखर झा ने हिस्सा लिया. आगामी चुनाव को लेकर इन दिनों अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कार्यकर्ताओं में अलख जगाने के उद्देश्य से केन्द्रीय कमेटी के निर्देश पर विधानसभा स्तर पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है.

इसी के तहत देवघर में भी बैठक आयोजित की गयी. कार्यकर्ताओं और पार्टी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रभारी ने कहा कि शीर्ष नेताओं की विचारधारा और सोच को जन जन तक पहुंचाना है. दोनों वर्गो के कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी है.

शिथिल कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढानी है : मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुये प्रभारी ने कहा कि पहले से दोनों वर्गों से जुड़े शिथिल कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढानी है और नये कार्यकर्ताओं को जोड़ने के साथ साथ इन सबको मुख्य धारा में लाना है. ताकि आगामी चुनाव में सता परिवर्तन में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित हो. उन्होंने कहा पिछले दिनों राहुल गांधी ने देश जोड़ों अभियान के तहत मुहब्त की दुकान खोलने का सपना देखा है उसे पूरा करना है और राहुल गांधी को पीएम बनाना है.

ब्रीफ खबरें

पुलिस ने बालू लदे 5 हाइवा को किया जब्त

रांची। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को पुलिस प्रशासन सख्त है. अनगड़ा थाना क्षेत्र के रांची-मुरी मार्ग स्थित बरवादाग के पास से पुलिस ने अवैध बालू लदे पांच हाइवा को जब्त किया है. शनिवार देर रात एक बजे पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है. जब्त हाइवा में जेएच 10 बीबी 4003, जेएच 01 डीपी 3008, जेएच 01 सीवाई 6793, जेएच 19 सी 0329 और जेएच 01 4103 शामिल है. जानकारी के अनुसार, पुलिस को रांची-मुरी मार्ग से बालू के अवैध परिवहन की सूचना मिली थी.

हत्या मामले में फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

बोकारो। हत्या मामले में जमानत मिलने के बाद से लगातार फरार चल रहे अमित सिंह को बीएस सिटी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वह बोकारो सेक्टर-1 में रहता था. साथ ही बिहार के भोजपुर जिले के शिवहर पंचायत का मुखिया भी रह चुका है. लेकिन बोकारो शहर में उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिस वजह से बोकारो में हाल के वर्षो में कम ही रहता था. इस बीच न्यायालय से वारंट जारी हो गया था. पुलिस भी काफी दिनों से अमित सिंह को खोज रही थी.

बस में आग लगने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

जमशेदपुर। जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत बजरंग नगर में 10-11 अक्टूबर की रात खड़ी बस में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी थी. बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी. इस घटना को लेकर बस मालिक युक्ती जुनेजा के बयान पर गोलमुरी थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. युक्ती ने पुलिस को बताया कि बस टाटा मोटर्स में चलती है. बस का चालक बजरंग नगर में रहता है. 10 अक्टूबर की रात बस चालक के घर के बाहर खड़ी थी.

टेंपो ने बाइक को ठोका, अधेड़ की मौत

घाटशिला। घाटशिला थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी के निकट एनएच 18 फोरलेन के सर्विस रोड पर रविवार को अनियंत्रित ऑटो की बाइक से सीधी टक्कर में बाइक चालक अधेड़ की मौत हो गई. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. अनुमंडल अस्पताल के डॉ. आरएन टुडू ने जांच के बाद मंजूर अली को मृत घोषित कर दिया. डॉ. टुडू ने महिला का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया.

चिकित्सक को मिला धमकी भरा पत्र

देवघर। जिले के एक चिकित्सक को धमकी भरा पत्र मिला है. पत्र को डाक के जरिये भेजा गया है. पत्र में 15 चिकित्सकों के नाम की सूची दी गयी है. वहीं पत्र लिखने वाला इन सभी से पैसे वसूल कर दिये गये पते पर पहुंचाने को कहा है. वहीं इस पत्र के मिलने के बाद से आईएमए सकते में है और एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर जल्द कार्रवाई करने की मांग की है. साथ ही पहले भी ऐसे पत्र मिलने के मामले में हुई कार्रवाई की जानकारी ली.

नाबालिग संग पकड़े गए युवक को भेजा गया जेल

बेंगाबाद (गिरिडीह)। नाबालिग के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए युवक को बेंगाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. नाबालिग की मां के आवेदन के आधार पर थाना में आरोपी युवक सुजीत कुमार दास के विरुद्ध भादवी की धारा 376 एवं पोक्सो एक्ट थाना कांड संख्या 226/23 के तहत केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई. वहीं पुलिस द्वारा नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है. युवक नवडीहा ओपी क्षेत्र का रहने वाला है.

पुलिस ने लाखों की नकली शराब की बरामद

जमशेदपुर। त्योहारी सीजन में नकली शराब खपाने की योजना को पुलिस ने नाकाम कर दिया है. मानगो पुलिस ने छापेमारी कर मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है. पुलिस ने जवाहर नगर रोड नंबर 17 स्थित पेट्रोल पंप के पीछे छापेमारी की और लाखों रुपये के नकली शराब को जब्त किया. मौके से भारी मात्रा में शराब बनाने में उपयोग होने वाले स्प्रिट, शराब की खाली बोतलें, ढक्कन और स्टीकर भी बरामद किया गया है.

कुख्यात विजय तिर्की गिरफ्तार, हथियार व कारतूस बरामद

संवाददाता। चांडिल

सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार व चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए कपाली ओपी प्रभारी संदीप कुमार ने कुख्यात बदमाश विजय तिर्की को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है.

कपाली ओपी क्षेत्र के काड़ाधरा के पास वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था. पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि कपाली के तामुलिया, काराधारा जंगल में कुछ अपराधी बैठे हुए हैं.

किया गिरफ्तार

- जंगल में अपराधियों के होने की सूचना मिली थी
- बाइक के साथ अपराधी गिरफ्तार हुआ

सभी पिस्तौल व गोली से लैस हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं. यह जानकारी चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में दी.

एसडीपीओ संजय सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देशानुसार कपाली ओपी प्रभारी ने सशस्त्र बलों के साथ छापामारी अभियान चलाया. इसमें कुख्यात बदमाश विजय तिर्की को एक देसी पिस्तौल, जिंदा गोली व पल्सर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार विजय तिर्की एक पेशेवर हत्यारा है. डोबो में 24 मार्च को हुए सूरज कालिंदी हत्याकांड का मुख्य शूटर भी है. इस मामले में वह फरार चल रहा था. उन्होंने बताया कि विजय के विरूद्ध पूर्व में भी हत्या एवं अन्य कई जघन्य कांड दर्ज हैं. उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक उपलब्धि है. कहा कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ मुस्तैदी से काम कर रही है.

हथियार लहराकर धौंस जमाने वाला धराया

कपाली ओपी पुलिस ने विशेष जांच अभियान के दौरान एक देसी कट्टा और जिंदा गोली के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है. ओपी प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान कपाली अलबेला गार्डन के पास भागते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया. उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुआ है. एसडीपीओ संजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम 23 वर्षीय मो. बरकत अली गद्दी है. वह रहमतनगर कपाली का रहने वाला है.

आओ जानें

वर्ष 2021 में चार्जशीट दाखिल हुए

झारखंड	84.6	मेघालय	40.6
आंध्रप्रदेश	91.7	मिजोरम	91.3
अरुणाचल प्रदेश	78.9	नागालैंड	75.0
असम	46.8	ओडिशा	81.1
बिहार	90.0	पंजाब	83.7
छत्तीसगढ़	92.4	राजस्थान	61.7
गोवा	95.5	सिक्किम	86.7
गुजरात	92.3	तमिलनाडु	96.6
हरियाणा	73.7	तेलंगाना	93.3
हिमाचल प्रदेश	85.1	त्रिपुरा	80.5
कर्नाटक	91.5	उत्तरप्रदेश	84.6
केरला	93.5	उत्तराखंड	79.1
मध्यप्रदेश	94.1	पश्चिम बंगाल	86.0
महाराष्ट्र	91.9		
मणिपुर	42.2		

(स्रोत: एनसीआरबी)

एहतियात : कैब कैंसिल कर उसी गाड़ी में फिर कभी न करें सफर

ओला-उबर से अगर करते हैं सफर, तो फिर रहें सावधान

- कई बार ऐसा होता है पिक करने आई कैब अलग होती है

सौरभ सिंह। रांची

ओला और उबर जैसे ऐप से कैब बुक कर सफर करते हैं, तो यह खबर आपके लिए है. अगर आपने ड्राइवर की बात मान ली, तो आप मुसीबत में पड़ सकते हैं. ध्यान दें कि कई बार ड्राइवर आपसे कुछ कम पैसे में चलने या अन्य कोई कारण बता कर राइड कैंसिल करके सफर करने को कहते हैं. आमतौर पर लोग उनकी बात भी मान जाते हैं. अगर आप भी ऐसा करते हैं, तो आइंदा ऐसा कभी ना करें. ऐसा करना आपके लिए कितना खतरनाक हो सकता है, इसका अंदाजा भी लगाना शायद मुश्किल है.

ये भी चल रहा है स्कैम : जब आप मोबाइल ऐप से कैब बुक करते हैं, तो आपको ड्राइवर की डिटेल्स और गाड़ी का नंबर मिल जाता है. लेकिन कई बार ऐसा होता है कि ऐप में जो नंबर दिखता है, वो आपको पिक करने आई कैब से अलग होता है. ड्राइवर बहाने बनाता है कि वो कैब खराब हो गयी है, इसलिए इसे लेकर आया हूं, आप भी उनकी बातों में आकर कैब में बैठ जाते हैं. लेकिन ऐसा करने पर भी आप किसी बड़े संकट में फंस सकते हैं. आप इसे ऐसे समझ सकते हैं. मान लीजिए आपने ऐप से जो कैब बुक किया है, उसका नंबर 1234 था. लेकिन जो कैब आपको पिक करने आया उसका नंबर 4321 है. अब इस राइड के दौरान आपके साथ कोई हादसा होता है, तो इसकी जिम्मेदारी से कैब कंपनी पल्ला झाड़ लेगी. उनके डेटाबेस में आप 1234 कैब में सफर कर रहे हैं.

सांकेतिक फोटो.

राइड कैंसिल कर सफर करने के क्या नुकसान

- अगर आप ड्राइवर के कहने पर राइड कैंसिल कर सफर करते हैं, तो सबसे बड़ा खतरा आपकी सुरक्षा को लेकर है. कैब कंपनी के डेटा बेस के अनुसार, आपने कैब कैंसिल कर दी है और इस सफर के दौरान अगर कुछ भी गलत होता है, तो इसके जिम्मेदार आप खुद होंगे.
- आपको पता होगा कि कैब सर्विस गूगल लोकेशन के जरिए संचालित होती है, यानी आप जहां कहीं भी जाते हैं, उसकी लाइव लोकेशन भी ट्रेस होती है. कैब कंपनी के साथ-साथ आपके परिजन भी इसे ट्रैक कर सकते हैं. अगर ड्राइवर गलत लोकेशन पर जाता है, तो इसकी डिटेल्स भी दर्ज हो जाती है.
- राइड के दौरान हर कैब कंपनी कुछ इंश्योरेंस भी देती है. अगर आपने राइड कैंसिल कर दी है और सफर के दौरान कोई हादसा हो जाता है, तो आपको इस इंश्योरेंस का भी फायदा नहीं मिलेगा.

कैब से सफर करते समय बरतें सावधानी

- सबसे पहली बात तो यह कि ड्राइवर की बातों में आकर कभी भी राइड कैंसिल कर सफर न करें. अगर ड्राइवर इसके लिए तैयार न हो, तो दूसरी कैब करें. साथ ही उस ड्राइवर की शिकायत भी जरूर करें.
- अगर आप रात में या किसी अनजान रास्ते पर सफर कर रहे हैं, तो कोशिश करें कि अपनी लाइव लोकेशन परिवार के किसी सदस्य को या फिर किसी दोस्त को भेज दें.
- कभी भी ऐसी कैब में सफर न करें, जिसका नंबर आपके ऐप पर नहीं आया हो, हमेशा कंपनी द्वारा दी गई जानकारी को कैब से मिलाएं और संतुष्ट होने के बाद ही उस पर बैठें.
- सफर के दौरान अगर आपको ड्राइवर की किसी भी एक्टिविटी पर शक हो, तो इसकी जानकारी तुरंत अपने किसी जानकार या पुलिस को दें.
- अगर आप कैब से अकेले सफर कर रहे हैं, तो कोशिश करें कि सोएं नहीं. इसके अलावा जिन रास्तों से कैब जा रही है, उसपर भी नजर रखें.
- अगर आप किसी अनजान रास्ते पर सफर कर रहे हैं, तो अपने मोबाइल में भी लोकेशन ऑन रखें, ताकि आपको पता रहे कि आप सही रास्ते पर हैं या नहीं.
- कभी भी ड्राइवर से ज्यादा फ्रैंडली न हों और उन्हें अपनी पर्सनल जानकारी जैसे मोबाइल नंबर और एड्रेस न दें.

नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री करने वाले 4 गिरफ्तार

जमशेदपुर। जमशेदपुर की उलीडीह पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान शुरू किया है. पुलिस ने शंकोसाई रोड नंबर 4 खड़िया बस्ती स्थित एक खाली जमीन पर शनिवार देर शाम छापेमारी कर नशीला पदार्थ की खरीद-बिक्री करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों में शंकोसाई रोड नंबर 5 निवासी शुभम तुबिद, चंद्रमणी पांडेय उर्फ विक्की पांडेय, अजय कुमार शर्मा और छोटू शर्मा शामिल है. आरोपियों के पास से पुलिस ने ब्राउन शुगर, गांजा और नकद बरामद किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में कुछ युवक नशे का कारोबार कर रहे है. सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की. छापेमारी के दौरान पुलिस को देख सभी इधर-उधर भागने लगे. पर पुलिस ने सभी को खदेड़ कर पकड़ लिया.

पूर्व डीआईजी की पत्नी से 27.50 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता। रांची

सीआरपीएफ के पूर्व डीआईजी स्व.मारियानुस मिंज की पत्नी सुनीता मिंज से 27.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. इस संबंध में सुनीता मिंज ने नामकुम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है. महिला ने आरिफ नय्यर उर्फ आर्या पर पार्टनरशिप में धोखाधडी कर पैसा हड़पने का आरोप लगाया है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, सुनीता मिंज कोकर बरियातु के रिम्स रोड पहान टोली में रहती है. वहीं आरिफ नय्यर उर्फ आर्या हसनेन पोल्टरी फर्म रोड छोटा तलाब निजाम नगर में रहता है.

स्टांप पेपर पर नाम चढ़वा कर साइन करवाया और बना पार्टनर : सीआरपीएफ के पूर्व डीआईजी की पत्नी सुनीता मिंज ने नामकुम थाने में दिए आवेदन में कहा है कि आरिफ नय्यर ने षडयंत्र के तहत नामकुम के उलीडीह स्थित उनके रेस्टोरेंट (माइस्टिक हिल गार्डेन) में पार्टनरशिप के लिए स्टांप पेपर पर अपना नाम चढ़वा कर साइन करवा लिया. इसके बाद आरिफ नययर उर्फ आर्या ने किसी और बिजनेस में पैसा लगाने का झांसा देकर महिला से लगभग 27.50 लाख ले लिया था.

प्राथमिकी दर्ज

- सुनीता मिंज ने नामकुम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई
- सुनीता ने आरिफ पर पैसा हड़पने का आरोप लगाया

बदमाश एचडीएफसी बैंक के एटीएम को साबल से तोड़ रहा था

एटीएम तोड़ने वाला बदमाश धराया

संवाददाता। बोकारो

शहर के सेक्टर-12 थाना इलाके में बारी कोऑपरेटिव कॉलोनी अम्ब्रम सिटी के पास मेन रोड में लगी एटीएम (एचडीएफसी बैंक) को साबल से तोड़ने का प्रयास कर रहे बदमाश को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पकड़ा गया आरोपी परवेज आलम बालीडीह थाना क्षेत्र के गौश नगर का रहने वाला है.

बताया जाता है कि 14 अक्टूबर को रात के लगभग 11 बजे वह एटीएम को साबल से तोड़ रहा था. उसी समय वहां से गुजर रहे रवि रोशन कुमार नामक व्यक्ति ने देखा कि एक युवक एटीएम को क्षतिग्रस्त कर रहा है.

उसने युवक को पकड़ा और स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी. लोगों ने यह सूचना 100 डायल कर पुलिस को दी. सूचना मिलते ही सेक्टर 12 थाना की पुलिस वहां पहुंची और आरोपी को थाने ले गयी.

पुलिस के वहां पहुंचने से पहले लोगों ने उसकी धुनाई की. इस दौरान वह लोगों से माफी मांग रहा था और कह रहा था कि वह दो सौ रुपये निकालने आया था. लेकिन जब रुपये नहीं निकले, तो उसने साबल से मशीन को तोड़ने की कोशिश की. लेकिन लोगों ने उसे पुलिस को सौंप दिया. थाना प्रभारी दुलड चौड़े ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा जायेगा.

उसके गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा रहा है. बता दें कि हाल के दिनों में इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं. बोकारो-रामगढ़ मुख्य मार्ग एनएच 23 पर कसमार थाना क्षेत्र के कमलापुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम की चोरी 4 अगस्त, सोमवार की अहले सुबह हुई थी.

हाईकोर्ट के अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता नवीन सिंह को केस मैनेज नहीं करने पर जान से मारने की धमकी मिली है. साथ ही उनसे पांच लाख की रंगदारी की भी मांग की गयी है. नवीन सिंह ने रामगढ़ के पंकज महतो व उसके साथियों के खिलाफ धुर्वा थाना में मामला दर्ज कराया है.

थाना में दिये आवेदन में नवीन सिंह ने कहा कि पंकज महतो उससे लीगल नोटिस करवाने के संदर्भ में मिला था. जो उन्होंने किया. लेकिन इस बीच पंकज महतो किसी केस में जेल चला गया. जेल से बाहर आने के बाद पंकज महतो ने उन्हें सूचक की तरफ से बी ए नंबर 7796/2023 में हाजिर करवा कर जमानत का विरोध करने को कहा. उनपर दोनों केस में मैनेज करने के लिए दबाव बनाया गया. जिससे वो विवश होकर पकंज महतो को अपनी दोनों फाइल व अन्य कागजात ले जाने को कहा, जिसका सारांश व्हाट्सएप चैटिंग में है. इसके बाद पंकज महतो ने उनके मोबाइल नंबर 9308***719 पर कॉल कर धमकी दी.

पांच लाख की रंगदारी की मांग : नवीन सिंह ने थाना में दर्ज शिकायत में कहा है कि बीते 11 अक्टूबर को वो अपने क्लर्क दिलीप यादव के साथ हाईकोर्ट से अपने घर जा रहे थे. तभी जगरनाथपुर मंदिर के पास पंकज महतो अपने गुर्गो के साथ मेरे गाड़ी को ओवरटेक कर गाली-गलौज की और पांच लाख की मांग की. पैसे देने से मना करने पर पंकज महतो ने पिस्टल निकाल कर धमकी दी. उसने कहा कि दोनों केश में मैनेज होने के लिए बोला था ना, तुमने बात नहीं मानकर मेरा लाखों का नुकसान करवा दिया.

मांगी रंगदारी

- अधिवक्ता से पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी गई
- पंकज महतो ने उनके मोबाइल पर कॉल कर धमकी दी

गोड्डा में जमीन विवाद में बुजुर्ग की हुई हत्या

गोड्डा। जमीन विवाद में साठ वर्षीय बुजुर्ग देवा पहाड़िया की हत्या कर दी गई. घटना ललमटिया थाना क्षेत्र के टाटीपाड़ा की है. बीते शनिवार को देवा पहाड़िया अपने खेत पर धान की फसल को देखने गया हुआ था. शाम के समय घर लौटने के क्रम में गांव के ही छोटा देवा पहाड़िया, इतवारी पहाड़िया और अन्य ने मिलकर देवा पहाड़िया पर हमला कर दिया. मारपीट के दौरान तेज धारदार हथियार से वार किया गया. इसमें गंभीर रूप से घायल होकर गिरे देवा पहाड़िया को पुलिस ने अस्पताल भिजवाया. इस दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. घटना का कारण जमीन को लेकर चल रहा पुराना विवाद बताया जाता है. इसी जमीन विवाद को सुलझाने को लेकर रविवार के दिन पंचायती भी किया जाना था. हत्यारों की मंशा मृतक के पुत्र को रास्ते से हटाने की थी, मगर पंचों को बुलाने के लिए मृतक का बेटा दूसरे गांव गया हुआ था. इस वजह से उसकी जान बच गई. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

चिरकुंडा थाना क्षेत्र में बराकर पुल पर कार व बाइक में जोरदार हुई टक्कर

बाइक सवार की मौके पर मौत

संवाददाता। मैथन

झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा पर चिरकुंडा थाना क्षेत्र स्थित बराकर पुल पर शनिवार देर रात कार और बाइक में टक्कर हो गई. इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मौके पर पहुंची चिरकुंडा पुलिस ने कार और बाइक को जब्त कर लिया. साथ ही पुलिस कार में सवार पांच युवकों को स्थानीय लोगों की मदद से पकड़कर थाना ले आयी. फिर रविवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. मृतक की पहचान गोपालपुर (निरसा) निवासी अजय सिंह के पुत्र अनीश कुमार सिंह (21) के रूप में हुई है.

स्थानीय लोग घायल अनीश को स्थानीय नर्सिंग ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक अनीश के पिता अजय सिंह ने बताया कि उन्हें अनीश ने ही फोन कर सूचित किया कि उसका एक्सीडेंट हो गया है, जल्दी आइये.

पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो गयी है. वह अपनी बड़ी बहन जो बराकर में रहती है, उससे मिलकर लौट रहा था. वह घर का एकमात्र कमाऊ लड़का था. मृतक के पिता हमेशा बीमार रहते हैं. पिता ने बताया कि उनकी दो पुत्री है. जिसमें एक की शादी हुई है. इस घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रो के बुरा हाल है.

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात बंगाल की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार और झारखंड की ओर आ रही बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई. टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पहुंचे और कार चालक को भागते देखा. लेकिन लोगों ने पीछा कर बंगाल सीमा के समीप से उसे पकड़ लिया. इस दौरान बंगाल पुलिस के साथ स्थानीय लोगों की झड़प भी हुई. सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चिरकुंडा पुलिस के हस्तक्षेप के बाद कार और उसमें सवार सभी पांचों युवकों को पकड़कर पुलिस थाने ले आयी. सभी कार सवार युवक बोकारो के रहने वाले हैं.

75 फोर्टिफायड पुलिस थाने में कार्य शुरू

रांची। झारखंड में 75 फोर्टिफायड पुलिस थाना बन कर तैयार है और इसमें काम भी शुरू हो गया है. इसके अलावा सात फोर्टिफायड पुलिस थाना के निर्माण के लिए स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत 17.50 लाख का आवंटन किया गया है. राज्य में 54 पुलिस थानों का भी निर्माण पूरा हो चुका है और आठ निर्माणाधीन हैं. जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-20 के बीच राज्य में स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत 156 करोड़ की लागत से कुल 75 फोर्टिफायड पुलिस स्टेशन का निर्माण पूरा किया गया है.

फोर्टिफायड पुलिस स्टेशन खास तौर पर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बनता है. फोर्टिफायड का अर्थ किलानुमा यानी ऐसा पुलिस स्टेशन, जिसपर नक्सली या अपराधी चाहकर भी हमला नहीं कर पायें. इस पुलिस स्टेशन की घेराबंदी किले की तरह होती है. संतरी पोस्ट से लेकर सुरक्षा वे तमाम उपाय मजबूत होते हैं, जिससे थाना भवन हर तरह से सुरक्षित होता है. स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत फोर्टिफायड पुलिस स्टेशन के निर्माण में राज्य सरकार का जहां 40 प्रतिशत राशि खर्च होती है.

अभियान चौका थाना की पुलिस ने एक हजार किलो अवैध स्क्रैप और एक टेंपो जब्त किया

अवैध स्क्रैप के साथ पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

संवाददाता। चांडिल

जिले में चलाए जा रहे अवैध कारोबार और नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस को लगातार एक के बाद एक सफलता मिलती जा रही है. नशे के कई बड़े-बड़े कारोबार का भंडा फूट चुका है तो अवैध कारोबार पर भी लगाम लगता जा रहा है. इस प्रकार के गोरखधंधा चलाने वालों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है. जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ विमल कुमार के निर्देश के बाद सभी थाना क्षेत्र की पुलिस सक्रियता से अपना काम कर रही है. इस दौरान आए दिन पुलिस को सफलता मिलती जा रही है. शनिवार की रात चौका थाना की पुलिस को भी अभियान में सफलता मिली है. पुलिस ने एक हजार किलो अवैध स्क्रैप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इसके साथ ही पुलिस ने एक टाटा मैजिक टेंपो को भी जब्त किया है.

थाना परिसर में रखा जब्त टेंपो.

कार्रवाई जारी

- नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है
- पुलिस की सक्रियता से इसमें शामिल लोग दहशत में हैं

गश्ती के दौरान मिली सफलता

चौका थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि थाना की पुलिस चौका-कांड्रा सड़क पर गश्ती कर रही थी. इस दौरान पालगम मोड़ के पास रात को सड़क पर जा रही एक टेंपों को रोक उसकी जांच की गई. जांच के दौरान टेंपो में स्क्रैप मिला. वाहन पर सवार चालक व एक अन्य व्यक्ति से स्क्रैप से संबंधित कागजात मांगे जाने पर वे किसी प्रकार का कोई कागजात नहीं दिखा पाए. पूछताछ में पता चला कि स्क्रैप अवैध रूप से ले जाया जा रहा था. पुलिस ने विधिवत रूप से टेंपो को स्क्रैप के साथ जब्त करते हुए दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है. उन्होंने बताया कि स्क्रैप कहां से लाया जा रहा था, कहां पहुंचाया जा रहा था, इस धंधे में कौन लोग जुड़े हैं, इसका पता लगाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि जल्द ही पुलिस धंधे के तह तक पहुंचेगी.

मालखानों से चोरी हुआ लोहे का सरिया बरामद

संवाददाता। तोपचांची

तोपचांची पुलिस को मालखाना से लोहा चोरी मामले में पुलिस को सफलता मिली है. दरअसल पुलिस ने साहोबहियार स्थित कतरी जोरिया में छापेमारी किया था. इसी छापेमारी में मालखानों से चोरी किया गया लगभग एक क्विंटल लोहे का सरिया पुलिस ने जब्त किया. चोरों ने मालखाना से चोरी किये गये सरिया को पुलिस के डर से साहोबहियार स्थित कतरी जोरिया में छिपा कर रखा था.

बता दें कि बीते 2 अक्टूबर को तोपचांची थाना के साहोबहियार स्थित मालखाना से लोहा का सरिया व तार चोरी हुआ था. इसके बाद तोपचांची पुलिस ने मामला दर्ज किया था और जांच में लगी थी.

सूचना मिलने पर पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी भी की थी. इस बारे में तोपचांची थाना प्रभारी अनिल विद्यार्थी ने बताया कि मालखाना से चोरी का एक क्विंटल सरिया बरामद किया गया है. चोरी की घटना के बाद छापेमारी अभियान चलाया गया था. पुलिस की छापेमारी टीम में एसआई राकेश कुमार, एएसआई सुमन सिंह सहित पुलिस के अन्य जवान उपस्थित थे.

आयोजन : लातेहार के अंबाकोठी में श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ के स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ

रामराज लाना है तो राम के पदचिह्नों पर चलना होगा : नामधारी

आशीष टैगोर। लातेहार

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह पूर्व सांसद इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि अगर देश में रामराज लाना है तो हमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के पदचिह्नों पर चलना होगा. राम हमारे लिए आदर्श हैं. हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा. नामधारी शहर के बीचो बीच स्थित अंबाकोठी में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण यज्ञ के 50वें अधिवेशन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज भाई-भाई में जमीन जायदाद के लिए हत्या तक कर दी जा रही है, लेकिन जब भरत को अयोध्या का राज सिंहासन और भगवान श्रीराम को वनवास मिला तो भाई भरत ने अयोध्या का सिंहासन ठुकरा दिया और भगवान के खड़ाउ को सिंहासन पर रख कर उसकी पूजा की थी.

महासमिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि विगत 50 वर्षों से यह आयोजन यहां होता आ रहा है और इसमें आम लोगों की भागीदारी काफी अधिक होती है. महायज्ञ स्थल के ठीक सामने मस्जिद है, लेकिन आज तक यहां कोई तनाव नहीं हुआ है. महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह ने कहा कि समिति ने सीमित संसाधनों में यह आयोजन प्रारंभ किया था, लेकिन आज यह आयोजन भव्य रूप ले चुका है. कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका ने कहा कि यह आयोजन

खास बातें

- 1973 में यहां प्रारंभ हुआ था मानस पारायण पाठ महायज्ञ
- महायज्ञ में आम लोगों की रहती है भरपूर भागीदारी

वर्ष 1973 में प्रारंभ किया गया था. तब से लेकर आज तक बिना विघ्न के यह आयोजन सफल होता आ रहा है. इससे पहले श्री नामधारी एवं विधायक बैद्यनाथ राम ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित अनिल शास्त्री एवं अशोक कुमार महलका ने किया. मंच का संचालन विनोद कुमार महलका, सुनील कुमार शौंडिक और धन्यवाद डॉ. विशाल शर्मा ने किया. मानस पाठ के 50 वर्ष पूरे होने पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट किया गया.

मौके पर अशोक महलका, पंडित अनिल भारद्वाज, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, राजेंद्र प्रसाद शौंडिक, जवाहर अग्रवाल, राजधानी प्रसाद यादव, संतोष अग्रवाल, राजेश सिंह, दुर्गा प्रसाद, प्रकाश अग्रवाल, मुकेश पांडेय, डॉ. विनय कुमार, अनिल प्रसाद, विक्रांत सिंह समेत पाठकर्ता महिला व कुंवारी कन्याएं शामिल थी.

आओ जानें

चंचला धाम, कोडरमा

आराध्या भगवती दुर्गा

स्थान मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय से 25 किलोमीटर और कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही से 10 किलोमीटर दूर घने जंगल एवं पहाड़ पर विराजमान है मां चंचला धाम. नवरात्र में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगती है.

स्थापना लगभग 200 साल पूर्व.

संस्थापक देवीपुर राजघराना.

मान्यता मान्यता है कि माँ चंचला धाम में कुंवारी कन्या के स्वरूप की पूजा होती है, इस कारण महिलाओं को सिंदूर लगाकर पूजा करना वर्जित है. श्रद्धालुओं को विश्वास है कि यहां देवी पर चढ़ाया गया बेलपत्र तथा फूल नीचे गिरता है तो उसका मतलब यह है कि चढ़ानेवाले की मनोकामना पूर्ण होनेवाली है यानी भक्त को मां का आशीर्वाद मिल गया. यहां सात किलोमीटर क्षेत्र में ब्याही गई बेटियां अपने संतान उत्पन्न होने पर मुंडन यहीं कराती हैं.

इतिहास मंदिर के पुजारी देवी को निवासी आचार्य रामेश्वर पांडेय व हृदय नारायण पांडे ने बताया कि माँ चंचला धाम पहाड़ पर स्थित है, वह करीब 40 एकड़ में फैला है. देवीपुर राजघराने के लोग यहां 200 साल पूर्व से पूजा करते थे.राजा को माँ चंचला स्वप्न में पहाड़ पर प्रवास करने की बात बताई थी और पूजा के लिए कही थी, तब से यहां पूजा अर्चना शुरू की गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने परंपरागत पुजारी रखा तब से लेकर अभी तक हर साल यहां धूमधाम से पूजा होती है.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष क्रोध में वृद्धि से कार्य में बाधा उत्पन्न होगी. पार्टनर से मतभेद दूर होंगे. पहले किए गए कार्यों के उत्तम परिणाम आज देखने को मिलेंगे. लेन-देन करार की चिंता रहेगी. डूबा हुआ धन प्राप्त हो सकता है.

वृषभ नस रोग से बचें. किये गये कार्य लाभकारी रहेंगे. साझेदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा. संतान, भाइयों से मदद मिल सकेगी. कारोबारी अनुबंध होंगे. योजना फलीभूत होगी. प्रतिष्ठा बढ़ेगी. प्रसन्नता रहेगी.

मिथुन संतान के साथ कुछ अच्छा होगा. राजकीय बाधा दूर होगी. पूजा-पाठ में मन लगेगा. चिंता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा में सावधानी आवश्यक है. जल्दी में कोई काम न करें. कार्यक्षमता बढ़ेगी.

कर्क समय सामान्य है. चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है. जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं. पठन-पाठन के प्रति जिज्ञासा बढ़ेगी. धैर्य रखें. व्यर्थ के दिखावे, आडंबरों से दूर रहना चाहिए. लाल फूल दुर्गामाता को अर्पण करें.

सिंह व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ बढ़ेगा. परिवार में वैवाहिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी. व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन हो पाएगा. माता को लड्डू का भोग लगावें.

कन्या प्रसन्नता बनी रहेगी. बाहरी सहयोग सहज ही मिलेगा. व्यापार, नौकरी की चिंता रहेगी. दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा. पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा. कामकाज की संभावनाएं बनेंगी. अपने काम से काम रखना होगा.

तुला विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. व्यावहारिक समस्याओं का समाधान संभव है. दूसरों की मदद करके मानसिक संतोष मिलेगा. रुके कार्यों की चर्चा होगी. माता दुर्गा को इत्र दान करें.

वृश्चिक स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. काम में मन नहीं लगेगा. धैर्य रखें. आर्थिक तंगी रह सकती है. लापरवाही, टाल-मटोल से समस्याओं को नहीं बढ़ाएं. कामकाज में विलंब होगा. किसी करार, लेख में धोखा संभव है.

धनु मेहनत का फल मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. व्यापारिक विवादों का निपटारा आपके पक्ष में हो सकेगा. अनजान लोगों पर विश्वास नहीं करें. नौकरी में अधिकारी प्रसन्नता दर्शाएँगे.

मकर उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. स्वाभिमान बना रहेगा. प्रयास करते रहें. संबंधों में सुधार की संभावना है. लापरवाही से काम नहीं करें. घर में खुशी का माहौल रहेगा. हितकारक व्यक्तियों से भेंट होगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा.

कुंभ भाग्य का साथ मिलेगा. सत्संग का लाभ मिलेगा. सोचे काम समय पर पूरे होंगे. व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य हो सकती है. सामाजिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें. कोई धार्मिक यात्रा का योग है. माता को उड़हुल फूल अर्पण करें.

मीन समय सामान्य है. फालतू खर्च होगा. धैर्य रखें. परिवार की समस्याएं हल होंगी. वाणी पर संयम रखें. व्यापार अच्छा चलेगा. लिखा-पढ़ी के कामों में सफलता मिलेगी. हलुवा का भोग माता दुर्गा को लगावें.

पर्व-प्रसंग : मंदिरों, पंडालों और घरों में हुई कलश स्थापना, कई स्थानों पर शोभायात्रा

शैलपुत्री की पूजा के साथ शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र शुरू

संवाददाता। जमशेदपुर

शारदीय नवरात्रि पर्व रविवार को कलश स्थापना के साथ शुरू हो गया. इस क्रम में मंदिरों, पंडालों तथा घरों में भी हुई कलश स्थापना. इसके साथ ही भगवती दुर्गा की पूजा एवं श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ, जो नवमी तिथि तक जारी रहेगा. रविवार को नवरात्र के पहले दिन माता के प्रथम स्वरूप मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना की गयी. ज्योतिषाचार्य मनीष द्विवेदी ने बताया कि हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है. मां दुर्गा की उपासना का पर्व साल में चार बार आता है, जिसमें दो गुप्त नवरात्रि और दो चैत्र व शारदीय नवरात्रि होती है. शारदीय नवरात्रि अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है. इस वर्ष नवरात्रि की शुरुआत रविवार से हुई, 23 अक्टूबर को नवरात्रि समाप्त होगी. वहीं 24 अक्टूबर विजयादशमी या दशहरा का पर्व मनाया जाएगा.

हाथी पर सवार होकर पधारीं मां : इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में माता रानी हाथी पर सवार होकर धरती पर पधारी हैं. यह एक शुभ संकेत है. इस वर्ष सर्वत्र संपन्नता रहेगी और देश में अच्छी वर्षा होने की भी संभावना है. देवी के इस वाहन का संदेश यह है कि आने वाले समय में देश को लाभ हो सकता है. लोगों को सुख-समृद्धि मिलेगी.

नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

धनबाद । कलश स्थापना के साथ रविवार से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हुआ. इस मौके पर कोयलांचल के विभिन्न मंदिर व घरों में श्रद्धालुओं ने विधिवत कलश स्थापित कर मां दुर्गा का पाठ शुरू किया. पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की. पूरा कोयलांचल मां दुर्गा के मंत्रोच्चारण से गूंजायमान हो गया. शहर के जोडाफाटक स्थित शक्ति मंदिर, खड़ेश्वरी मंदिर, भूईफोड़ मंदिर, जेसी मल्लिक रोड स्थित पंचमूर्ति मंदिर , झरिया स्थित दुखहरणी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. नवरात्र को लेकर मंदिरों की साज सज्जा और माता की मूर्तियों का भव्य श्रृंगार किया गया.

मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : शक्ति मंदिर कमेटी के महाप्रबंधक ब्रजेश मिश्र ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन पूरे विधि-विधान से माता शैलपुत्री की पूजा की गयी. माता का दरबार उड़हुल फूलों से सजाया गया. भक्तों के लिए सुबह पांच बजे ही पट खोल दिया गया था.

इस दौरान भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया. वहीं भक्तों की सुविधा के लिए महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की गयी. वहीं मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला पुलिस द्वारा महिला व पुरुष पुलिस बल की भी तैनाती की गयी. साथ ही सभी मंदिरों में कमेटी के सदस्यों की भी तैनाती की गयी, ताकि भक्तों को माता का दर्शन करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो .

गौरीकुंज उन्नयन समिति पंडालों को भालो पूजा अवार्ड से सम्मानित करेगी

घाटशिला। गौरीकुंज उन्नयन समिति की ओर से इस वर्ष भी भालो पूजा अवार्ड से घाटशिला तथा मुसाबनी प्रखंड की पूजा कमेटियों को पुरस्कृत किया जाएगा. रविवार को तापस चटर्जी ने बताया कि 21 अक्टूबर को निर्णायक मंडली की एक टीम घाटशिला, गालूडीह, दामपाड़ा तथा मुसाबनी क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न पूजा पंडाल की साज सज्जा, अनुशासन, पंडाल, विद्युत सज्जा सहित अन्य बिंदुओं का अवलोकन करेगी. 29 अक्टूबर को गौरीकुंज परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर पूजा पंडालों को भालो पूजा अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा. इस मौके पर शिल्पी तीर्थ डांस एकेडमी, मानसी चटर्जी म्यूजिक एंड डांस एकेडमी एवं आसनसोल की इंडियन कल्चर एसोसिएशन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा. निर्णायक मंडली में सुमोना गुप्ता, शिखा रक्षित, राम गुप्ता, मानसी चटर्जी, शिल्पी सरकार, सोम्पा सरकार, साधु चरण पाल, एसके कारण, प्रो. इंदल पासवान एवं साथ में प्रदीप भद्रो तथा कांतो लाल दास शामिल हैं.

झरकटिया-बसौरा में श्रद्धा-भक्ति के साथ निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता। नीलांबर पीतांबरपुर

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों व मंदिरों समेत लेस्लीगंज, बसौरा, झरकटिया, जगतपुरवा, कुंदरी, कुराईनपतरा सहित प्रखंड क्षेत्र में 48 पूजा पंडालों में देवी प्रतिमा की स्थापना कर पूजन आरम्भ किया गया. वही झरकटिया व बसौरा में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता को स्थानीय कमेटी के लोगों द्वारा फूल माला और अंग वस्त्र देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया. विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता तथा पूर्णाडीह पंचायत की मुखिया गुड्डी देवी ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच कलश वितरण कर किया. कलश यात्रा बसौरा पुजा पडाल से शुरू होकर मुंदरिया

उडहुलिया गांव होते महावीर मोड़ के समीप मलय नदी पहुंची.जहां आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के कलश में जल प्रवाहित कराया. उसके बाद सभी श्रद्धालु कलश लेकर पुनः पूजा पंडाल पहुंचे और पूजा अर्चना कर कलश स्थापित कराया. इस कलश यात्रा कार्यक्रम में बसौरा तथा झगरपुर एवं तुर्काडीह आदि गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया.

देवी के जयकारों के साथ गढ़वा में निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता। गढ़वा

युवा जागृति सेवा मंच, मल्लाह टोली के तत्वाधान में दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है. नवरात्र के पहला दिन स्थापना दिवस के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई. बतौर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि नवरात्रि में पर्व और व्रत में कलश स्थापना का सबसे ज्यादा महत्व है. इसके बिना नवरात्रि का व्रत अधूरा माना जाता है. नवरात्र पर्व की प्रथम तिथि कलश स्थापना से ही आरंभ होती है. डॉ चौधरी ने कलश स्थापना का महत्व के बारे में बताया कि किसी भी शुभ कार्य को सफल बनाने के लिए के लिए सभी देवी देवताओं को स्थापित की जाती है ताकि उनका कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो जाए. यह एक ऐसा भी दिन है जिस दिन श्रद्धालु भक्तजन बेहतर समाज बनाने के लिए संकल्प भी लेते हैं. हमारे समाज में कई तरह की भ्रांतियां फैलाई जाती हैं और कई तरह की कुरीतियां भी जिसे हम सभी को मिलकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए ताकि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी लाभ मिल सके. इकार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी एवं मंच संचालन शिक्षक प्रदीप चौधरी ने किया.

आदित्यपुर के वातावरण में गुंजायमान हुआ देवी मंत्र, श्रद्धालु हुए विभोर

आदित्यपुर। शारदीय नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता ...से मंदिर गुंजायमान हो गया. ऐसी मान्यता है कि मां शैलपुत्री की विधि पूर्वक पूजा करने से मन कभी अशांत नहीं रहता और घर में सौभाग्य का आगमन होता है. मां शैलपुत्री स्थायित्व व शक्तिमान का वरदान देती है. मां भवानी यूथ क्लब के द्वारा कलश यात्रा निकाल कर कलश स्थापना की गई. जिसमें यजमान सह अध्यक्ष अम्बुज कुमार, रामाशंकर पांडेय, सुभाष चंद्र बोस, दारा सिंह, बीके चौरसिया, उज्जावल पांडेय, प्रवीण पांडेय, हरेराम चौधरी, सुजीत आनंद, कुंदन कुमार, रवि कुमार, विजय झा, विनोद कुमार, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, बिष्णु कांत पाण्डेय, राकेश कुमार दीपू सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल रही.

नवरात्र के पहले दिन चांडिल में निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता। चांडिल

चौका नवदुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के पहले दिन प्रतिपदा के अवसर पर देवी दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना श्रद्धा व भक्तिभाव से की गयी. देवी के दर्शन-पूजन के लिए पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे. श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या अधिक थी. इसके पूर्व सुबह में मंदिर से चौका तालाब तक गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. कलश स्थापना के बाद देवी पूजन शुरू हुई. इसके साथ ही मंदिर में चंडीपाठ भी शुरू हुआ. चौका में भक्तों ने देवी की पूजा-अर्चना के बाद मां का जयकारा लगाया. पूजा-अर्चना के बाद माता की आरती की गई. दोपहर में मंदिर परिसर में श्रीराम कथा पर प्रवचन शुरू हुआ, जो सात दिनों तक चलेगा. शक्तिपद चटर्जी श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा सुनाएंगे. नवरात्र के अवसर पर मंदिर और पूरे परिसर में भव्य सजावट की गई है. यहां कई दुकानें सज गई हैं.

पंडालों में धारावाहिक रामायण रामलीला-रासलीला का मंचन

गढ़वा। रंका अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गया. प्रथम दिन माता के शैलपुत्री रूप की पूजा अर्चना की गई. घरों, सार्वजनिक स्थलों, पूजा पंडालों सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है. पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा और रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार इलाके में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं. पूजा पंडालों में शाम से धार्मिक धारावाहिक रामायण, महाभारत रासलीला रामलीला आदि का मंचन हो रहा है. रंका थाना मोड के वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश प्रसाद गुप्ता ने पूरे रंका शहर में स्वच्छता अभियान चलाया. स्वच्छता अभियान में रंका थाना प्रभारी तथा उनके अधीनस्थ कर्मी भी पूजा पंडाल की सफाई करते नजर आये.

कलश स्थापन के साथ नवरात्र शुरू

गिरिडीह। कलश स्थापन के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत रविवार को हो गई, जिससे पूरे जिले का माहौल भक्तिमय हो उठा है और श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा मंदिरों और घरों पर पूजा की जा रही है. इस दौरान शहर के आईसीआर रोड स्थित श्रीश्री आदि दुर्गा मंडप, छोटकी काली मंडा, बरगंडा स्थित विश्वनाथ मंदिर, अरगाघाट, शास्त्री नगर, बरमसिया, पचंबा, स्टेशन रोड, सिरसिया, बीबीसी रोड आदि जगहों के मंदिरों व पूजा मंडपों में नवरात्र की पूजा अर्चना बड़े ही श्रद्धा भाव से की गई.

समारोह सिमडेगा के लचरागढ़ मारवाड़ी समाज ने अपने शीर्ष महापुरुष को किया याद, मनाई अग्रसेन जयंती

मर्यादा पुरुषोत्तम राम के वंशज थे महाराजा अग्रसेन : नंदकिशोर

संवाददाता। सिमडेगा/कोलेबिरा

लचरागढ़ के मारवाड़ी समाज ने 5174वीं अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में महाराज अग्रसेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर आरती की. इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि महाराज अग्रसेन अग्रवाल जाति के संस्थापक ही नहीं, बल्कि एक महान पुरुष थे. उन्होंने भगवान राम, कृष्ण, महात्मा बुद्ध, भगवान महावीर स्वामी की भांति अपना सारा जीवन त्याग, तपस्या, प्रेम, भाईचारा और मर्यादाओं को समर्पित कर दिया. महाराजा अग्रसेन को भगवान श्रीराम का वंशज माना गया है. अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी शारदीय नवरात्रि के पहले दिन महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई जाती है.

उन्होंने कहा कि महाराज अग्रसेन, अग्रवाल अर्थात वैश्य समाज के जनक कहे जाते हैं. इनका जन्म द्वापर युग के अंत व कलयुग के प्रारंभ में हुआ था. वे भगवान श्री कृष्ण के समकालीन थे. धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की 34वीं पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के प्रतापनगर के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर युग के अंतिम काल और कलियुग के प्रारंभ में आज से लगभग 5,187 वर्ष पूर्व हुआ था. ऐसा माना जाता है कि महाराज अग्रसेन भगवान राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी के संतान थे. कार्यक्रम में नंदकिशोर अग्रवाल, विकास मित्तल, संजय अग्रवाल, मनीष सिंगोदिया रिकी अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, दीपू जैन, केदारनाथ अग्रवाल के साथ मारवाड़ी समाज के लोग उपस्थित थे.

खास बातें

- तस्वीर पर पुष्प समर्पित कर उतारी गयी अग्रसेन की आरती
- राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी के संतान थे महाराजा अग्रसेन

चाकुलिया में निकाली गयी झांकी और शोभा यात्रा

चाकुलिया । अग्रसेन जयंती के अवसर पर रविवार की शाम को चाकुलिया मारवाड़ी महिला समिति और अग्रसेन स्मृति भवन समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाराज अग्रसेन की झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गई. यह शोभा यात्रा सत्यनारायण ठाकुरबाड़ी मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकली.शोभा यात्रा मुख्य पथ होते हुए पुराना बाजार स्थित बिरसा चौक पहुंची और यहां से धर्मशाला पहुंच कर समाप्त हुई. शोभा यात्रा में शामिल लोग अग्रसेन महाराज की जयकारा लगा रहे थे और अपने हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे. शोभा यात्रा के बाद धर्मशाला में महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक राजेश कुमार लोधा, सह संयोजक राजकुमार अग्रवाल, भरत झुनझुनवाला, परमेश्वर रूंगटा, प्रभात झुनझुनवाला,विनित रूंगटा, दीपक कुमार, झुनझुनवाला, विजय लोधा, अमित भारतीय,माधव झुनझुनवाला,आनंद सेकसेरिया, नीरज केड़िया, पंकज अग्रवाल,भरत रूंगटा, विशाल लोधा, राजश्री रूंगटा, बबीता रूंगटा, रीता लोधा, पुष्पा रूंगटा, सरोज रूंगटा,बबीता रूंगटा आदि उपस्थित थे.

एनाकोंडा का मुंह खुलते ही पंडाल में प्रवेश करेंगे श्रद्धालु

संवाददाता। आदित्यपुर

श्री श्री दुर्गा पूजा समिति मां भवानी यूथ क्लब 6 एलएफ हरिओम नगर द्वारा इस वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जा रहा है. पूजा समिति के अध्यक्ष अम्बुज कुमार ने बताया कि इस वर्ष मां भवानी यूथ क्लब दुर्गा पूजा समिति द्वारा एनाकोंडा सांप के थीम पर आधारित पूजा पंडाल का निर्माण करवाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा. एनाकोंडा जब अपना मुंह खोलेगा तब श्रद्धालु पूजा पंडाल परिसर में प्रवेश करेंगे. एनाकोंडा सांप का मुंह खोलना एवं बंद करना श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा. उन्होंने बताया कि पूजा समिति प्रत्येक वर्ष की भांति सप्तमी अष्टमी एवं महानवमी को

हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोग एवं भंडारे का आयोजन किया गया है. आयोजन में मुख्य रूप से पूजा समिति के अध्यक्ष कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार, पूजा समिति के महासचिव रमाशंकर पांडे, सुभाष चंद्र बोस, गोपाल सिंह राजपूत, दारा सिंह, लाइसेंसी प्रवीण कुमार पांडे, उज्जवल कुमार, सुजीत आनंद, हरे राम चौधरी, बीके चौरसिया आदि लगे हुए हैं.

लगातार मीडिया व दैनिक शुभम संदेश की डांडिया नाइट में देर रात तक झूमी रांची

रांची। लगातार मीडिया और शुभम संदेश द्वारा आयोजित डांडिया नाइट में हजारों की संख्या में युवक-युवतियां, महिला-पुरुष और बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया. देर रात तक लोग थिरके. जमकर मस्ती की. कार्यक्रम में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, रांची के विधायक सीपी सिंह समेत शहर के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया. लगातार लाइव चैनल के एक लाख सब्सक्राइबर होने की खुशी में अतिथियों के साथ शुभम संदेश परिवार के सदस्यों ने केक काटा. सभी ने लगातार मीडिया की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड की खबरों के साथ ही साथ देश-दुनिया की खबरें प्रस्तुत करने में लगातार. डॉट इन सबसे आगे है. खबरों की विश्वसनीयता की वजह से आम लोगों के साथ ही दूसरे मीडिया घराने भी लगातार मीडिया को फॉलो करते हैं.

अतिथियों ने लगातार मीडिया व शुभम संदेश की पहल की सराहना की

बहुत बेहतर दिशा में बढ़ रहा है लगातार मीडिया : बादल

झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि लगातार मीडिया और हिंदी दैनिक शुभम संदेश काफी बेहतर काम कर रहा है. खबरों की विश्वसनीयता है और बहुत बेहतर दिशा में आगे बढ़ रहा है. यह मीडिया हाउस आम जन की आवाज बने, यही शुभकामना देता हूं. मीडिया हाउस की खबरों को मैं हर दिन देखता और पढ़ाता हूं. आज के दौर में एक ऐसे मीडिया हाउस की जरूरत थी.

काफी सराहनीय कार्य कर रहा है लगातार ग्रुप : सीपी सिंह

रांची विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि मैं हर दिन लगातार मीडिया और दैनिक शुभम संदेश पढ़ता हूं. आज जानकर यह बहुत खुशी हुई कि लगातार मीडिया के यू-ट्यूब सब्स्क्राइबर 1 लाख पार कर चुके हैं. यह मुकाम ही इस मीडिया हाउस की उपलब्धि की पूरी कहानी कह देता है. यह संस्थान आगे भी इसी तरह काम करता रहे, यही शुभकमानएं देता हूं.

डिलाइट इवेंट के आयोजन में मुख्य निभायी एनाउंसर निधि निहारिका शर्मा ने. अपने मोहक अंदाज में मंच संचालन किया. उनका साथ दिया लगातार ग्रुप की ब्रांड हेड रश्मि जायसवान ने. मुख्य गायक के रूप में प्रिया मोहितेश्वरी, इंडियन आइडल फेम फैसल अमीन और डीजे सुमित ने ऐसा समां बांधा कि लोग डांडिया की धुन पर देर रात तक थिरकते रहे.

मंच से इन्हें किया गया सम्मानित

लगातार मीडिया-शुभम संदेश परिवार की ओर से कार्यक्रम का टाइटल स्पांसर वैष्णवी इंजीनियरिंग का था. पावर्ड बाई मेधा डेयरी, एसोसिएट पार्टनर झारखंड खादी ग्रामोद्योग बोर्ड और सपोर्ट पार्टनर के रूप में महालक्ष्मी सुजुकी, चेतन मोटोर्कॉर्प, कॉस्मो, यंग एंड वाइल्ड, श्री गजानन ज्वेलर्स, डी डेव मोटर, डिलाइट इवेंट, सीएमपीडीआई, आरसी रंगटा प्लस टीएमटी, एआईपी, अंकुरम आईवीएफ और नारी शक्ति की प्रतिनिधियों को मोमेंटो-बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.

डांडिया नाइट में आए अतिथियों को भी सम्मानित किया गया

लगातार मीडिया-शुभम संदेश परिवार की ओर से मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक सीपी सिंह, पूर्व मेयर रमा खलखो, अमित अग्रवाल, सविता टोप्पो, डॉ अजीत कुमार, आईपीएस सरोजिनी लकड़ा, आईपीएस अभय कुमार को मोमेंटो गेरप व शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया.

प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

कार्यक्रम में बेस्ट डांडिया ड्रेस मेल - राजीव कुमार, बेस्ट डांडिया ड्रेस फीमेल - आशा सोरेन, बेस्ट डांडिया कपल डांस - सरिता एंड रुद्रा, बेस्ट डांडिया डांसर - आरती शुक्ला, बेस्ट चाइल्ड डांडिया डांसर - सारा को विजेता घोषित किया गया. इन्हें संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया.

लगातार लाइव यू-टयूब के 100000 सब्सक्राइबर

लगातार लाइव यू-टयूब के एक लाख सब्स्क्राइबर होने पर मंच पर छह पौंड का केक काट गया. अतिथियों ने केक काटकर इसका जश्न मनाया और एक -दूसरे को बधाई दी. इस मौके पर संस्थान के प्रधान संपादक सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक संजय सिंह, मार्केटिंग हेड रवि गुरु समेत संस्थान के कई सदस्य उपस्थित थे.

बनहरदी कोल ब्लॉक के विस्थापित एनटीपीसी से नाराज, ग्रामीण बोले - अब हम जमीन नहीं देंगे

दलालों के माध्यम से जमीन अधिग्रहण करने की तैयारी में एनटीपीसी

सुनील कुमार । लातेहार

जिला मुख्यालय के बंद कैंपस में एनटीपीसी के द्वारा रेजिंग डे मनाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. शुभम संदेश में छपी खबर पर बनहरदी के रैयत व विस्थापितों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. विस्थापितों का कहना है कि कोलियरी खुलने से पहले ही कंपनी का यह हाल है तो कोलियरी खुल जाने के बाद क्या होगा. विस्थापितों ने कंपनी के अधिकारियों को चाटुकारों एवं दलालों के घिरे रहने का आरोप लगाया है. विस्थापितों ने कहा कि लाखों रुपये खर्च कर रेजिंग डे मनाया गया, लेकिन बनहरदी के रैयतों को इसकी भनक तक नहीं लगने दी गयी. मामला इतना तूल पकड़ लिया है कि बनहरदी कोयला खनन परियोजना क्षेत्र के निवासियों ने एनटीपीसी को जमीन नहीं देने का निर्णय लिया है.

दलालों के माध्यम से ग्रामीणों को डराया-धमकाया जा रहा : बारी ग्राम के जोखा टोला निवासी राजेंद्र उरांव का कहना है कि उनकी कुल ढाई एकड़ जमीन अधिग्रहण की सूचना जारी हो गई है, लेकिन कंपनी के लोग हमेशा दलालों के माध्यम से उन्हें डरा धमकाकर जमीन के पेपर पर हस्ताक्षर कराना चाहते हैं. महेश्वर उरांव का कहना है कि कंपनी के लोग हमेशा चाटुकारों से घिरे हुए रहते हैं. सर्वे और जनसुनवाई चाटुकारों के बीच ही संपन्न हो जा रही है. ग्रामीणों को इसकी विदिवत जानकारी भी नहीं दी जा रही है. एनटीपीसी के अफसर मनमानी कर रहे हैं. ग्रामीणों की उपेक्षा कर रहे हैं. हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे.

नहीं दी जा रही कंपनी की पुनर्वास व मुआवजा नीति की जानकारी

ग्राम छातासेमर के रमेश उरांव ने कहा कि कंपनी की पुनर्वास व मुआवजा नीतियों से ग्रामीणों को अवगत नहीं कराया जा रहा है. बनहरदी ग्राम के ही चंद्रदेव व परमेश्वर उरांव ने बताया कि जब शुरू में ही कंपनी के लोगों यह यह रवैया है तो जमीन देने के बाद विस्थापितों के साथ उनका व्यवहार क्या होगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है.

जीएम ने दी सफाई- कंपनी के लिए रैयतों का हित सर्वोपरि

एनटीपीसी के महाप्रबंधक आरबी सिंह का कहना है कि कंपनी धरातल पर काम कर रही है. अभी कुछ कागजी प्रक्रिया बाकी है, इसलिए ग्रामीणों से सीधा संपर्क नहीं हो पा रहा है, लेकिन उनके लिए रैयतों का हित सर्वोपरी है. कंपनी रैयतों के हितों का पूरा-पूरा ख्याल रखेगी.

कलावती विश्वकर्मा का कहना है कि कोयला खनन परियोजना का स्वरूप क्या होगा, विस्थापन नीति क्या होगी इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं दी जा रही है. कंपनी के अधिकारियों को कभी भी विस्थापितों का दुख दर्द सुनने का मौका नहीं मिल रहा है. वे जिला में कार्यक्रम करते हैं, लेकिन किसी रैयत या विस्थापित को बुलाना तक मुनासीब नहीं समझते हैं. वे हमेशा जिला और राज्य मुख्यालय में ही रहना पसंद करते हैं.

आओ जानें
सामान्य ज्ञान

- झारखंड में जनसंख्या घनत्व कितना है – 414
- किसे साउथ इंडियन बैंक का चेयरमैन नियुक्त किया गया – वीजे कुरियन
- बनी ठनी चित्रकृति किस चित्रकला से संबंधित है – किशनगढ़ चित्रकला
- अफगानिस्तान का हेलमंद प्रांत किसके लिए प्रसिद्ध है – अफीम
- झारखंड में राजकीय उच्च मार्ग कितना किलोमीटर है – 1231
- किस एथलीट को लॉरियस के एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया गया – नीरज चोपड़ा
- विन्निपेग झील किस देश में स्थित है – कनाडा
- संगीत में ताना रिरि पुरस्कार कहां दिया जाता है – गुजरात

ब्रीफ खबरें

कार्डधारियों को तीन माह से नहीं मिला राशन

जमशेदपुर। मानगो उलीडीह स्थित पंडित लाइन के लोगों को बीते तीन माह से सरकारी राशन नहीं मिला है. राशन दुकानदार बायोमीट्रिक मशीन में अंगूठा लगवाकर कार्ड में इंट्री तो कर देता है, पर राशन नहीं देता है. रविवार को इसकी शिकायत भाजपा नेता विकास सिंह से की गई. विकास सिंह को लोगों ने बताया कि तीन माह से कार्डधारियों से बायोमीट्रिक मशीन में अंगूठा लगवाया जाता है, कॉपी में इंट्री कर लाभुकों का हस्ताक्षर भी ले लिया जाता है, लेकिन बदले में राशन नहीं दिया जाता है. राशन डीलर कहता है कि राज्य सरकार ने राशन आवंटित नहीं किया है.

देवघर में दो लोगों से 16 लाख रुपये की ठगी

देवघर । बाबानगरी देवघर में दो लोगों से 16 लाख रुपये की ठगी हुई है. इसे लेकर पीड़ितों ने साइबर थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है. देवघर के रूपनगर निवासी विजयानंद ने कहा कि टेलीग्राम नाम के ग्रुप में पहले शामिल किया गया. उसके बाद रुपये को डबल करने के नाम पर थोड़ी राशि का निवेश कर विश्वास जितने का काम किया गया, फिर पीड़ित ने जब बड़ी रकम निवेश किया तो ग्रुप वाले गायब हो गए. वहीं मधुपुर खलासी मुहल्ले की युवती ने भी अपने 9 लाख रुपये का साइबर ठगों के चक्कर में गंवा दिये. देवघर पुलिस ने इन मामलों की पुष्टि की है.

कार-बाइक की टक्कर में युवक हुआ घायल

डुमरिया । गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के काशियाबेड़ा में रविवार देर शाम को बाइक और कार की टक्कर में एक युवक घायल हो गया. घायल युवक की पहचान डुमरिया प्रखंड के पाथरासाई निवासी विकास महतो (22) के रूप में हुई है. घायल युवक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरिया में किया गया. घटना मुसाबनी कोईमा मुख्य सड़क पर काशियाबेड़ा मोड़ के पास हुई.

कोलकाता से लौटने के दौरान युवक लापता

बेंगाबाद (गिरिडीह) । कोलकता से घर लौटने के क्रम में बेंगाबाद थाना क्षेत्र के हरिला पंचायत स्थित लालपुर का युवक लापता हो गया. दस दिन बीत जाने के बाद भी युवक का कुछ पता नहीं चल पाया है. युवक के परिजन काफी चिंतित हैं, और उसकी ख़ोजबीन में जुटे हुए हैं. इस संबंध में हरिला पंचायत के मुखिया ने बताया कि खुरचूट्टा स्थित लालपुर निवासी सुरेंद्र रजवार का 20 वर्षीय पुत्र आकाश रजवार कलकत्ता में मजदूरी करता था. बीते 04 अक्टूबर को वह कोलकता से घर वापस आने के लिए निकला था. मगर अब तक वह घर नहीं पहुंचा.

शहर के गली-मुहल्लों की 40% से ज्यादा स्ट्रीट लाइट है खराब

डीसी साहब, कैसे घूमेंगे पूजा मेला, गली-मोहल्लों में अंधेरा

संवाददाता । धनबाद

शारदीय नवरात्र शुरू हो चुका है. आज से छठे दिन पूजा पंडाल में भारी संख्या में लोगों का हुजूम भी जुटेगा. लेकिन भीड़ को अंधेरे का सामना करना होगा. चूंकि शहर के गली मुहल्लों की 40 फीसदी से ज्यादा स्ट्रीट लाइट खराब है. शुक्रवार की देर रात शुभम संदेश की टीम ने इसका जायजा लिया. जिसमें यह बात सामने आयी कि पूजा पंडाल तक जाने वाले हर रास्ते में दर्जनों बिजली के खंभे ठूठ की तरह खड़े हैं. उसमें लगी लाइट की रोशनी झिलमिलाती मिली. अफसोस की बात यह भी है कि डीसी के तमाम प्रयास के बाद भी निगम के अधिकारी अपने काम को लेकर रेस नहीं हैं. बिना किसी पड़ताल के ज्यादातर लाइट ठीक होने के झूठे दावे करते फिर रहे हैं.

शहर के जय प्रकाश नगर से बिशनपुर जिला स्कूल तक स्ट्रीट लाइट की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है. इस मार्ग में कुल 42 स्ट्रीट लाइट लगी है, जिसमें 22 खराब है. सड़क तो है ही नहीं, गड्ढे में सड़क है. जय प्रकाश नगर मोड़ से डीनोबली स्कूल तक तो गड्ढे ही गड्ढे हैं. 15 बिजली के खंभे हैं, जिसमें सिर्फ 6 लाइट ठीक है. इसके आगे भी बीच-बीच में कई जगहों पर अंधेरा है. कहीं पोल नहीं है तो कहीं लाइट खराब है. इस इलाके में घनी आबादी है. इन रास्तों से लोग शहर के अलग-अलग स्थानों पर मेला घूमने जाते हैं. लाइट ठीक नहीं हुआ, तो लोगों की परेशानी बढ़ना तय है.

छाया अंधेरा

- निगम के अधिकारी काम को लेकर रेस नहीं हैं
- कहीं पोल नहीं है तो कहीं लाइट खराब है

जेसी मल्लिक से तेलीपाड़ा तक 50 फीसदी लाइट खराब : वहीं जेसी मल्लिक रोड से तेलीपाड़ा तक कुल 42 स्ट्रीट लाइट लगी है. लेकिन इसमें 21 लाइट्स खराब हैं. वहीं चिरागोड़ा श्मशान रोड का हाल इससे भी खराब है. वीडियो ऑफिस से श्मशान घाट तक कुल 38 स्ट्रीट लाइट हैं, लेकिन इनमें 32 लाइट्स शोभा की वस्तु बनकर रह गई है. लोग अंधेरे में आने-जाने के लिए मजबूर हैं. पूजा में भी लाइट ठीक होने की उम्मीद कम है. स्थानीय लोगों का कहना है कि फोन करने के बाद भी मेंटनेंस के लिए कोई नहीं आता है.

पॉलिटेक्निक तक 28 लाइट खराब

शहर में बिनोद बिहारी चौक से बीला नगर, बिशनपुर, पॉलिटेक्निक होते हुए चंद्र शेखर आज़ाद चौक तक कुल 66 बिजली के पोल पर स्ट्रीट लाइट लगी है. इनमें से 28 लाइट खराब है. आधा दर्जन स्थानों पर 200 से 300 मीटर तक एक भी पोल नहीं हैं. इस मार्ग में सरकारी संस्थान के अलावा कई कॉलोनियां हैं. धनबाद से भूली जाने का आसान रास्ता भी है. पूजा में लोगों की परेशानी बढ़ना तय है.

इन इलाकों में खराब हैं 128 लाइट

शहर के मुख्य सड़कों और निजी इलाकों की तरह रेलवे कॉलोनियों में भी दुर्गापूजा में स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त नहीं किया गया है. रांगाटांड़, बेकारबांध, हिल कॉलोनी, वॉच एंड वार्ड और डीएस कॉलोनी में आठ जगहों पर दुर्गा पूजा मनाया जाता है. इन रेलवे कॉलोनियों में 4000 से अधिक आबादी है. पांच रेलवे कॉलोनियों में दो दर्जन से अधिक सड़कें हैं. जहां 323 स्ट्रीट लाइट्स लगी हुई है, जिसमें 128 खराब है.

पीडीएस लाभुकों ने की कम अनाज मिलने की शिकायत

महुदा । कांड्रा पंचायत में कार्डधारियों को कम अनाज दिया जा रहा है. लाभुकों ने कहा किया शिकायत करने पर डीलर की ओर से कहा जाता है कि जहां जाना है चले जाओ...इतना ही राशन मिलेगा. लाभुकों का कहना है कि हर कार्डधारी को एक किलो अनाज कम दिया जाता है. मामला कांड्रा पंचायत के कांड्रा बस्ती के दुर्गा महिला विकास समिति जन वितरण प्रणाली दुकान का है. वहीं पूरे बाघमारा की बात करें तो गरीबों को सरकार से मिलने वाले सस्ते राशन को एक से दो महीने बंद कर दिया जाए तो सभी पंचायत के लोगों के समक्ष संकट पैदा हो जाएगा लेकिन दुकानदार एक किलो चावल काट कर देते हैं. उक्त बातें दुर्गा महिला विकास समिति के कार्ड धारी ने बतायी.

नदी में छाई बहाव के कारण डीवीसी का पावर प्लांट बंद

बोकारो थर्मल

डीवीसी बोकारो ताप विधुत केंद्र के 500 मेगावाट क्षमता के एक प्लांट से कोनार नदी में छाई बहाव बंद नहीं होने के कारण प्रबंधन ने रविवार को बिजली उत्पादन तत्काल बंद कर दिया है. प्लांट को बंद करने के समय प्लांट से 500 मेगावाट की बिजली उत्पादन हो रही थी. बता दें कि पिछलें कुछ दिन से छाई नदी में बहाया जा रहा था. इस बात की जानकारी मिलने के बाद 14 अक्टूबर की रात अधिकारी और कर्मचारियों ने मरम्मत किया, इसके बावजूद छाई का बहाव रोक नहीं सके. इस कारण प्लांट को स्थानीय प्रबंधन ने बंद कर दिया. प्लांट से उत्पादन पूरी तरह से बंद हो गया है.

कोनार नदी में डीवीसी प्रबंधन द्वारा छाई बहाए जाने की सूचना पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड धनबाद क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय पदाधिकारी रामप्रवेश व कार्यपालक सलाहकार स्वागत महतो पहुंचे. इसके अलावा बेरमो एसडीएम शैलेश कुमार के आदेश पर बीडीओ मधु कुमारी ने भी जायजा लिया. प्रबंधन को आदेश दिया कि कोनार नदी में छाई का बहाव बंद करें लेकिन प्रबंधन ने कोनार नदी में बह रहीं छाई को बंद नहीं कर पायी. अंत में प्लांट को ही बंद कर दिया.

प्लांट को बंद करने के बाद स्थानीय प्रबंधन ने कॉलोनी और प्लांट में नेशनल ग्रीड से बिजली बहाल किया है. इस मामले में बीटीपीएस के सीजीएम सह प्रोजेक्ट हेड एनके चौधरी ने कुछ भी बताने से इंकार किया.

मंत्री ने समस्याओं का किया निष्पादन

संवाददाता । आदित्यपुर

जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां के तत्वावधान में केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर स्वास्थ्य परिवार आपदा प्रबंधन एवं सरायकेला जिले के 20 सूत्री के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया. रविवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ईचागढ़, कपाली आदि क्षेत्रों से लोगों ने अपनी समस्याएं मंत्री बन्ना गुप्ता के समक्ष रखीं. समस्याओं को सुनकर मंत्री बन्ना गुप्ता ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को शीघ्र कार्य करने का निर्देश दिया. मंत्री के समक्ष 110 से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखा, जिसमें से अधिकांश फरियादियों के मामलों को मंत्री ने तुरंत संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया. बहुत सारे मामलों में मंत्री ने अपने लेटर पैड पर विभागीय पत्र लिखकर समस्याओं के निदान हेतु कार्य करने के निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिए. कार्यक्रम में कपाली थाना, बिजली विभाग, जमीन विवाद, विधवा एवं वृद्धा पेंशन दिलाने, जल संसाधन विभाग से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखी गईं. वहीं स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कैंसर इलाज हेतु, विकलांग प्रमाण पत्र जारी करने, एमजीएम, रिम्स आदि में इलाज कृत्रिम पैर, ट्राई साइकिल आदि उपलब्ध कराने के संबंध में फरियादियों ने अपनी बात रखी. जन सुनवाई कार्यक्रम में मनोज झा, संजय तिवारी, संजय ठाकुर, बिलाल गुफरानी, इरशाद भाई, माजिद अख्तर, आफताब अहमद शिद्दकी, शानूर रहमान, शेरू अली, आलम सिद्दीकी आदि शामिल थे.

टाटा मोटर्स अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

अस्पताल में इलाजरत महिला की मौत

संवाददाता । जमशेदपुर

टेल्को स्थित टाटा मोटर्स अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से टेल्को राधिकानगर निवासी 42 वर्षीय बबिता राय को अपनी जान गंवानी पड़ी. इधर, रविवार को बबिता के परिजन मामले को लेकर टेल्को थाना पहुंचे. हालांकि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया है, जिसको लेकर अभी तक थाना में किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं की गई है. बबिता के पति रजनीश कुमार राय टाटा कमिंस कर्मी है. जानकारी देते हुए रजनीश के भाई आशीष ने बताया कि बबिता को पेट में दर्द की शिकायत पर 7 अक्टूबर को टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया था. बबिता की जांच अस्पताल के डॉ. सोमनाथ और डॉ. शिप्रा सरकार कर रहे थें. 9 अक्टूबर को बबिता के यूट्रस का ऑपरेशन किया गया था. ऑपरेशन में लापरवाही की वजह से बबिता की आंत में छेद हो गया. जिसकी जानकारी डॉक्टरों को भी नहीं हुई और बबिता का वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया. इससे बबिता के पेट में इंफेक्शन हो गया. आनन-फानन में डॉक्टरों ने फिर से एक ऑपरेशन किया और उसे वेंटिलेटर पर रख दिया. 13 अक्टूबर को डॉक्टरों ने लापरवाही मानी और बबिता को मृत घोषित कर दिया.

आशीष ने बताया कि बबिता को एयरलिफ्ट कर हैदराबाद में इलाज कराने की बात अस्पताल प्रबंधन को बताई थी पर प्रबंधन ने कहा कि वह अपने स्तर से कोशिश कर रहा है. 13 अक्टूबर को सांसद अस्पताल पहुंचे थे. सांसद के अस्पताल से निकलने के एक घंटे बाद ही बबिता को मृत घोषित कर दिया गया. उन्होंने बताया कि बबिता के मायके पक्ष के लोग यूएस में रहते है. जानकारी मिलने पर परिवार यूएस से निकल चुका है. उनके आने के बाद ही आगे की रणनीति तैयार की जाएगी.

टेल्को थाना के बाहर परिजन.

पूर्व सांसद के बॉडीगार्ड ने युवती को पीटा, केस दर्ज

धनबाद । सिंदरी कुंवर सिंह चौक पर शनिवार की शाम लगभग छह बजे दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में बुलेट सवार बाप-बेटे ने दूसरे मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन को जमकर पीटा. पिटाई के बाद कांड्रा मुसाबनी कालोनी निवासी अनुप्रिया कुमारी (24) ने सिंदरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. घटना के संबंध में गौशाला ओपी क्षेत्र के कांड्रा मुसाबनी कालोनी निवासी पोरेस चंद्र साव की बेटी अनुप्रिया कुमारी ने बताया कि वे अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से घर से शहरपुरा बाजार आ रही थी. तभी दूसरी ओर से बुलेट से आ रहे लड़के ने कुंवर सिंह चौक पर गाड़ी में टक्कर मार दी. इसके कारण भाई बहन दोनों जमीन पर गिर गए. उधर से बुलेट सवार युवक के पिता रांगामाटी निवासी सह पूर्व सांसद रीता वर्मा के बॉडीगार्ड भूलन चौधरी ने आते ही भाई रवि साव और बहन अनुप्रिया को जमकर पीटा. अनुप्रिया ने बताया कि वह कोलकाता में एमएससी की पढ़ाई कर रही है.

सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने पीड़िता को दी सहयोग राशि

संवाददाता। चौपारण

सरकार से कोई मदद नहीं मिलने पर चौपारण सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने दिवंगत शिक्षक अयोध्या कुमार यादव को 76 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग किया. मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रामवतार प्रजापति और सचिन सीताराम यादव की अगुवाई में रविवार को शिक्षकों का एक शिष्टमंडल उत्क्रमित हाई स्कूल बृंदा पहुंच कर दिवंगत सहायक अध्यापक अयोध्या कुमार यादव की आत्मा को शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण किया और उनकी पत्नी का हाल लिया. वहीं 76 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया. मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय दूबे ने कहा कि सरकार की ओर से सहायक अध्यापकों का कल्याण कोष का कोई लाभ नहीं मिलना दुर्भाग्य की बात है. सरकार ने पारा शिक्षकों को ठगने का काम किया है. मृतक शिक्षक की पत्नी एमए प्रशिक्षित हैं. उन्होंने डीसी से आग्रह है कि उन्हें जल्द अनुकंपा पर नौकरी दें.

मीडिया प्रभारी दिनेश यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार पारा शिक्षकों का शोषण कर रही है. चुनाव से पहले किए गए वादा से मुकर रही है.

हटाए गए मजदूरों का जल्द होगा फुल एंड फाइनल सेटलमेंट

जमशेदपुर । टाटा स्टील के संवेदक मेसर्स अजय एसोसिएट द्वारा लगभग 25-30 कर्मचारियों की छंटनी कर दी गई थी. साथ ही उन्हें फुल एंड फाइनल सेटलमेंट (नोटिस पे, छटनी मुआवजा) का भी भुगतान नहीं किया गया था. इस मामले को लेकर जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ ने उप श्रमायुक्त और उप मुख्य कारखाना निरीक्षक (कोल्हान) को एक पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी. इस मामले पर संज्ञान लेते हुए उप मुख्य कारखाना निरीक्षक ने संवेदक को हटाये गए मजदूरों का फुल एंड फाइनल सेटलमेंट किए जाने का आदेश जारी किया है. इस संबंध में 11 अक्टूबर को एक पत्र जारी करते हुए मेसर्स अजय एसोसिएट को सात दिनों के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया है. जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ ने बताया था कि मेसर्स अजय एसोसिएट द्वारा टाटा स्टील के सीएलएम पोर्टल द्वारा आधारित फुल एंड फाइनल सेटलमेंट में 8 हजार से 10 हजार रुपये कटौती की है.

पारा शिक्षक सड़क पर दरी बिछा कर बैठ गये के सहायक अध्यापक, जमकर की नारेबाजी

एक मांग वेतनमान के साथ पारा शिक्षकों ने दिया धरना

संवाददाता। रांची

झारखंड के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) रविवार को एक मांग वेतनमान को लेकर कांग्रेस कार्यालय के सामने धरने पर बैठे. इससे पहले पारा शिक्षक कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी की. इसके बाद सड़क पर दरी बिछा कर बैठ गये. धरने पर बैठे पारा शिक्षकों का कहना है कि सरकार हमें धोखा देने का काम कर रही है. दुर्गा-पूजा, दिवाली, छठ जैसे त्योहार आने वाले हैं, लेकिन सरकार हमारी मांग को अनसुना कर रही है.

कहा कि सरकार कह रही है कि पारा शिक्षकों की सारा समस्याएं दूर कर ली गयी है. जो सरासर गलत है. अगर समस्या का समाधान हो गया होता तो सहायक अध्यापक आज राज भवन के सामने धरने पर क्यों बैठते.

अगर सरकार ने ठोस पहल नहीं किया तो करेंगे उग्र आंदोलन : पारा शिक्षकों का कहना है कि झारखंड के सभी मंत्री और विधायक आश्वासन देकर कन्नी काटने का काम करते हैं. अगर सरकार वेतनमान की मांग को लेकर कोई ठोस पहल नहीं करती है, तो पारा शिक्षक उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे. इसकी जवाबदेही झारखंड सरकार की होगी. टेट पास पारा शिक्षकों की धैर्य की परीक्षा न लें और अपनी वादा को पूरा करें. बता दें कि पिछले दिनों पारा शिक्षकों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय का भी घेराव किया था. वहीं लगातार 54 दिनों से पारा शिक्षक राजभवन के समक्ष आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन कर रहे हैं.

कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना देते पार शिक्षक.

शिक्षक नाराज

- पारा शिक्षकों ने कांग्रेस कार्यालय के पास नारेबाजी की
- कहा कि सरकार हमें धोखा देने का काम कर रही है

कम मुआवजा देने का किया विरोध

संवाददाता। लातेहार

रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ को फोरलेन में तब्दील किया जा रहा है. इसके लिए एनएचएआई द्वारा भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा. रैयतों को इसके लिए नोटिस जारी किया गया है. रैयतों का आरोप है कि एनएचएआई के द्वारा अधिग्रहित किये जाने वाली भूमि का बहुत ही कम मुआवजा दिया जा रहा है. इसे लेकर रविवार को डुड़ंगी ग्राम में पंचायत के पूर्व मुखिया गुजर उरांव की अध्यक्षता मे बैठक हुई.

बैठक में वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि फोरलेन सड़क निर्माण में लातेहार सदर प्रखंड के 10 गांवों के रैयतों की जमीन जा रही है लेकिन एनएचएआई के द्वारा भूमि का मुआवजा बहुत ही कम दिया जा रहा है. वैसे रैयत जिसकी भूमि का लगान रसीद 2016- 17 तक कटा है. उन्हें मुआवजा नहीं दिया जा रहा है. बैठक में सभी रैयतों ने एनएचएआई व भू-अर्जन विभाग द्वारा किये जा रहे भूमि अधिग्रहण और दिये जा रहे कम मुआवजा का विरोध किया.

रैयत संघर्ष समिति का गठन

बैठक में सर्वसम्मति से फोरलेन विरोध रैयत संघर्ष समिति का गठन किया गया. सर्वसम्मति से लक्ष्मण यादव को समिति का संरक्षक जबकि गुजर उरांव को अध्यक्ष बनाया गया. संयोजक विरेंद्र राम को बनाया गया है. जबकि सदस्यों में बृज किशोर उरांव, विजय सिंह, दिलीप कुमार, रंजीत यादव, श्याम किशोर दुबे, .विजय यादव, हरि नाम सिंह, आदम अंसारी, जितेंद्र प्रसाद व प्रमोद यादव को शामिल किया गया है. आगामी 17 अक्टूबर को उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने एवं उचित मुआवजा देने की मांग करने का निर्णय लिया गया. बैठक में राजबलम सिंह, राज गोविंद सिंह, जितेंद्र प्रसाद, मंटु राम, प्रमोद राम, राज मुनीराम, मनोज कुमार भारती, बालमुकुंद राम, सत्यनारायण सिंह, ब्रजकिशोर उरांव, शीलू राम, ईश्वर राम, हीरालाल उरांव, .विजय सिंह, रामलाल उरांव, आदिब अंसारी व दामोदर सिह. कई रैयत उपस्थित थे.

ब्रीफ खबरें

अधेड़ ने नाबालिग के साथ किया गलत काम

पश्चिम चंपारण । सहोदरा थाना क्षेत्र के एक गांव मे एक अधेड़ ने नाबालिग मानसिक विक्षिप्त लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया. हालांकि परिजनों ने गांव के लोगों के मदद से उसे पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर उनके हवाले कर दिया. पुलिस ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. वहीं मेडिकल के लिए बच्ची को बेतिया ले जाया गया है. थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि आरोपी मोखलाल गीरी को जेल भेज दिया गया है. जांच के दौरान नाबालिग लड़की का कपड़ा आरोपी के घर से जब्त किया गया.

नदी में डूबने से दादी और पोती की मौत

गया । जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के गोइनियां गांव के पास स्थित पैमार नदी में डूबने से दादी और पोती की मौत हो गई. गोइनियां गांव की रहने वाली लालपरी देवी व सोनाली कुमारी के साथ यह हादसा तब हुआ, जब दोनों जिउतिया पूजन का मूर्ति विसर्जन करने पैमार नदी में गई थी. इसी दौरान उनका पीतल का लोटा बह गया, जिसे बचाने में दोनों गहरे पानी में चली गई और डूबने से दोनों की मौत हो गई. नदी में मौजूद अन्य महिलाओं ने दोनों को डूबता देख शोर मचाना शुरू कर दिया, जब तक उन्हें बचाने का प्रयास किया जाता तब तक दोनों डूब गईं.

नवादा में करंट लगने से किसान की मौत

नवादा । किसान की करंट लगने से मौत हो गई है. बताया जाता है कि किसान अपने खेत में लगे फसल को देखने गया था तभी बिजली की पोल के संपर्क में आने से किसान की मौत हो गई. मामला वारसलीगंज थाना क्षेत्र के चैनपुरा गांव का है. जहां 45 वर्षीय किसान सुनील कुमार की मौत हो गई. स्थानीय लोगों की जब नजर पड़ी तो आनन-फानन में सुनील को वारसलीगंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. युवक की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला. वहीं मृतक के परिजनों से मिलने के लिए भाजपा विधायक अरुण देवी भी अस्पताल पहुंची.

सीएम को खाने में टैबलेट मिलाकर दिया जा रहा है: अरुण

संवाददाता ।वैशाली

एक निजी कार्यक्रम में हाजीपुर पहुंचे लोजपा रामविलास के नेता और पूर्व सांसद अरुण कुमार ने जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष पर बड़ा आरोप लगाया. उन्होंने बताया है कि नीतीश कुमार का मेमोरी लॉस इसलिए हो रहा है क्योंकि उन्हें खाने में चुपके से दवा मिलाकर दिया जा रहा. उनके खिलाफ बड़े स्तर पर साजिश चल रही है ताकि उन्हें किनारे लगाया जा सके.

उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री से इसकी जांच कराने की मांग की है. दावा किया कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को खाने में टैबलेट मिलाकर दे रहे हैं. इसी वजह से उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ रही है. यही वजह है कि नीतीश कुमार कभी नेताओं को पकड़ कर सिर से सिर टकराने लगते हैं तो कभी किसी के गले से लिपट जाते हैं.

लगाया आरोप

- नीतीश के खिलाफ बड़े स्तर पर साजिश चल रही है
- नीतीश कुमार मेमोरी लॉस के शिकार हो गए हैं

पूर्व सांसद ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने जनता दरबार में कानून व्यवस्था को लेकर गृह मंत्री को खोजने लगते हैं. यह बताता है कि वह मेमोरी लॉस के शिकार हो गए हैं क्योंकि बिहार का गृह विभाग उन्हीं के पास है.

दरअसल उनके खिलाफ बड़ी साजिश हो रही है. कुछ ऑफिसर और राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलकर खाने में उन्हें चुपके से दवा मिलाकर दे रहे हैं. अरुण कुमार ने देश के गृहमंत्री से इसकी जांच करने की मांग की है. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से यह भी कहा है कि बिहार को बचा लीजिए. यहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए क्योंकि राज्य के मुखिया की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है. उन्होंने यहभी दावा किया कि ललन सिंह लालू यादव के करीब आ गए हैं और उन्हीं को अपना नेता मानते हैं.

हम जान रहे हैं कि यह नाव डूबने वाली है: ललन

नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड को छोड़कर निकले पूर्व विधायक ललन पासवान ने जदयू को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि जेडीयू की नैया लालू यादव के तालाब में डूबने जा रही है. इसीलिए समय रहते लगाकर निकल गए. पूर्व विधायक ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी गंभीर आरोप लगाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा की जमकर तारीफ की. ललन पासवान ने कहा कि जब जदयू की नाव डूब रही है तो उसमें रहकर मरने से अच्छा है छलांग लगाकर निकल जाएं.

आओ जानें

सामान्य ज्ञान

- कांग्रेस के बांकीपुर अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे? – आरएन मुथोलकर
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में 4200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी ? – उत्तराखंड
- स्टेलनेस स्टील किसका मिश्रित धातु है? – क्रोमियम और आयरन
- ग्रीक राजदूत डेमोचेट्स किसके काल में रहा था ? – बिंदुसार
- भारत छोड़ो आंदोलन के समय बिहार के किस जिले को अपराधी जिला घोषित किया गया था ? – सारण
- इजराइल ने हमास के खिलाफ लड़ाई को क्या कोड का नाम दिया ? – ऑपरेशन आयरन स्वोर्ड
- सीसा पेन्सिल के निर्माण में किसका प्रयोग किया जाता है ? – ग्रेफाइट
- किन वंश के शासकों ने सीरिया के साथ राजनीतिक संबंध बनाए थे? – मौर्य

जेडीयू ने पीएम की जाति पर सवाल उठाए तो भाजपा ने किया पलटवार

जेडीयू जाति का सर्टिफिकेट न दे

संवाददाता ।पटना

बिहार में जातीय गणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद से सियासत गर्म है. नीतीश सरकार पर विपक्ष लगातार आंकड़ों में हेराफेरी का आरोप लगा रही है. इस बीच जेडीयू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति पर सवाल उठाए. जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि पीएम मोदी अपनी जाति छिपाना चाहते हैं, इसलिए देश में जातीय गणना नहीं करा रहे हैं. इस पर बीजेपी ने जेडीयू पर पलटवार किया.

बीजेपी प्रवक्ता अरविंद कुमार ने कहा कि जेडीयू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति का सर्टिफिकेट न दे, यह भारत सरकार देती है. बीजेपी प्रवक्ता अरविंद कुमार ने कहा कि भारत सरकार ने किसी जाति को ओबीसी में शामिल कर लिया तो जेडीयू उसको हटा नहीं सकता. मोढ़ घांची जाति ओबीसी में शामिल है. यह भारत सरकार द्वारा किया गया है. पीएम मोदी की एक ही जाति है वह मानव और भारतीयता है. बीजेपी प्रवक्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव तो जातियों को खंडित करने वाले लोग हैं. पीएम मोदी मानवता की सेवा करने वाले लोग हैं.

बता दें कि शनिवार को जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि पीएम मोदी ने साल 2019 में उत्तर प्रदेश में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खुद को अति पिछड़ा कहा था. नीरज कुमार ने दावा करते हुए यह भी कहा कि पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि गुजरात में मोदी कोई जाति नहीं है, बल्कि उपनाम है. जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी जिस जाति में पैदा हुए हैं, उस जाति का नाम मोढ़ घांची है.

साल 2002 में नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने मोढ़ घांची जाति को ओबीसी में शामिल किया था. बीजेपी उस अधिसूचना की प्रति जारी करे, जिसमें मोढ़ घांची को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया था जब 1931 की जनगणना में मोढ़ घांची समुदाय में शिक्षा का स्तर 40 फीसदी था तब उसे किस आधार पर ओबीसी में शामिल किया गया

मचा घमासान

- नरेंद्र मोदी जिस जाति में पैदा हुए वह मोढ़ घांची है
- जाति का सर्टिफिकेट भारत सरकार ही देती है
- मोढ़ घांची जाति ओबीसी में शामिल है

उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश कुमार पर कसा तंज

मशहूर आई सर्जन और सीएम नीतीश कुमार के काफी करीबी माने जाने वाले डॉ राजवर्धन आजाद को विधान परिषद का सदस्य मनोनीत होने पर आरएलजेडी के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश कुमार पर तंज कसा. कहा कि जदयू के मेरे उन मित्रों का भ्रम टूट ही गया होगा जिनको ग़लतफहमी हो रही थी कि उपेंद्र कुशवाहा के कारण उनकी हकमारी हो गई या हो रही थी. उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर अपने एक्स अकाउंट पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार विधान परिषद की सदस्यता से मेरे इस्तीफा के कारण रिक्त पद पर नये मनोनयन के बाद जदयू के मेरे उन मित्रों का भ्रम टूट ही गया होगा जिनको ग़लतफहमी हो रही थी कि उपेंद्र कुशवाहा के कारण उनकी हकमारी हो गई या हो रही थी. अब क्या हुआ? अब तो उपेंद्र कुशवाहा आपके रास्ते में बाधक नहीं था. फिर कहां अटक गया? आप तो हाथ पसारे रह गये.! अरे भाई, अब तो पूरी भैंसिए (जदयू) गईल पानी (राजद) में. किनारे बैठ कर पानी छप-छपाते रहिए. आपकी मर्जी. यदि आपकी आंखें अभी भी नहीं खुल रही है तो भगवान भला करे. न समझोगे तो मिट जाओगे, ऐ मेरे मित्रो. तेरी दास्तां तक न होगी दास्तानों में. कयास लगाए जा रहे थे कि उपेंद्र कुशवाहा के इस्तीफे से खाली हुई एमएलसी सीट पर जदयू के किसी नेता का नाम आगे बढ़ाया जाएगा.

बलिया में 9 लीटर देसी महुआ हुआ बरामद

मुंगेर । पुलिस ने बलिया गांव से 9 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया. हालांकि इस दौरान धंधेबाज भागने में सफल रहे. थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि धंधेबाज की पहचान की जा रही है. जानकारी देते हुए बताया कि बलिया गांव में पुलिस की गाड़ी को देखकर एक व्यक्ति जिसके हाथ में एक प्लास्टिक की बोरी थी वह बोरी को सड़क किनारे रखकर भागने लगा पुलिस जब बोरे की तलाशी ली तो पॉलिथीन में बंद बोरे से 9 लीटर महुआ शराब पाया. उन्होंने कहा कि मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई है.

नीतीश कुमार पर अब उम्र का असर हो गया है: पीके

संवाददाता ।पटना

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सीतामढ़ी में फिर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला. पीके ने कहा है कि इन नेताओं से कोई भी अपेक्षा करना बेकार है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को अगर ध्यान से देखिएगा तो पता चलेगा कि उनपर उम्र का असर हो गया है.

पिछले एक साल की उनकी पुरानी स्पीच उठाकर देख लीजिए आपको पता चल जाएगा कि वो हर बात को जलेबी की तरह घुमाते रहते हैं. बोलना कुछ चाहते हैं बोल कुछ और जाते हैं. बिहार की जनता ने जो काम नीतीश कुमार को दिया है, वो तो ये कर नहीं रहे, बाकी बेकार की चीजों में इनका ध्यान रहता है. प्रशांत किशोर ने सवालिया लहजे में पूछा कि आपने कभी नीतीश कुमार को किसी फैक्ट्री बनाने को लेकर चर्चा करते सुना? नीतीश कुमार के लिए आज चर्चा का विषय क्या है? उनके लिए आज चर्चा का विषय है कि धरती का नाश होने वाला है. मोबाइल का उपयोग करने से लोग पागल हो रहे हैं.

बैंक कर्मी से दो लाख 70 हजार की लूट

संवाददाता ।जहानाबाद

जिले के घोसी थाना इलाके में बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया. ओकरी पीएचसी के पास दिनदहाड़े हथियार बंद लुटरों ने एक बैंक कर्मी से दो लाख 70 हजार रुपये लूट लिये. दो बाइकों पर सवार तीन हथियार बंद लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया और बेखौफ चलते बने. पीड़ित सेल्स मैनेजर मोहम्मद आरिफ जावेद ने बताया कि वे बिहार शरीफ के एचडीएफसी बैंक में सेल्स प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं.

बैंक से पैसे निकालकर बाइक से तेलहाड़ा- मसौढ़ी सड़क से अपने घर मसौढ़ी जा रहे थे. दोपहर चार बजे जैसे ही ओकरी पीएचसी के समीप पहुंचे तभी दो बाइक पर सवार तीन हथियार बंद लुटेरों ने बाइक रूकवा दिया और हथियार का भय दिखाकर मारपीट करने लगे. जिससे वे सड़क पर जा गिरे.

इस बीच लुटेरे रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए. बैग में 2 लाख 70 हजार रुपए रखे हुए थे. बाद में पीड़ित बैंक कर्मी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी. सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गयी है. ओकरी थाना के पुलिस अंचल निरीक्षक धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की जा रही है. फिलवक्त पुलिस गोविंदपुर गांव के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने में जुटी है. पुलिस के साथ डीआईयू की टीम मौके पर कार्रवाई कर रही है.

कारोबार

बायोगैस को निवेश की प्रतिबद्धताएं मिलीं

नई दिल्ली । हाल ही में आयोजित रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो-2023 के दौरान उद्योग संगठन इंडियन बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) को नए निवेश की कुल 2,755 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताएं मिली हैं. आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा कि जैव ऊर्जा संयंत्रों के परिचालकों, विनिर्माताओं और योजनाकारों के इंडियन बायोगैस एसोसिएशन को इस एक्सपो के दौरान कुल 2755 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धताएं मिली हैं.

योकोहामा लगा रही है स्थानीय उत्पादन पर दांव

नई दिल्ली । जापान की टायर कंपनी योकोहामा भारत में सतत और प्रतिस्पर्धी कारोबारी मॉडल के लिए स्थानीय उत्पादन पर दांव लगा रही है. कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के माध्यम से भारत में मौजूद योकोहामा रबड़ कंपनी आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में नया संयंत्र शुरू कर रही है. योकोहामा इंडिया के एमडी हरिंदर सिंह ने कहा कि कंपनी देश के भीतर 18 इंच व्यास तक के टायर का विनिर्माण कर सकती है.

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध का बाजार पर पड़ रहा असर

बढ़ने लगी हैं सोने की कीमतें

भाषा ।नई दिल्ली

संपत्ति के मामले में सोना हमेशा से ही अहम रहा है. चाहे कारोबारी हो या आम लोग सभी का सोना के प्रति आकर्षण बना रहता है. यही वजह है कि बाजार पर इसका काफी प्रभाव रहता है और जब भी कोई भू-राजनीतिक संकट आता है, सोने की कीमतें बढ़ जाती हैं. इजराइल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध के चलते कुछ ऐसा ही हो रहा है. फिर से सोने की कीमतें बढ़ने लगी हैं. इजराइल ने पिछले आठ दिन पहले गाजा पर हवाई हमले शुरू किये थे.

बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सोने और चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया था. एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार डिलीवरी वाले सोने की कीमत 2.58 फीसदी या 1497 रुपये की जबरदस्त उछाल के साथ 59,415 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी. सोने के साथ ही चांदी की कीमतों में भी शुक्रवार को जबरदस्त उछाल दर्ज हुई थी. एमसीएक्स पर शुक्रवार को डिलीवरी वाली चांदी 3.32 फीसदी या 2294 रुपये की बढ़त के साथ 71,368 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी.

सोने में उछाल रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भी देखी गई थी. रूस-यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था. इसके बाद 7 मार्च 2022 को सोने की घरेलू कीमतों में लगभग 1000/10 ग्राम की वृद्धि हुई थी. 22 कैरेट सोने की कीमत 49,400/10 ग्राम और 24 कैरेट सोने की कीमत 53,890/10 ग्राम पर पहुंच गई थी. सवाल यह है कि क्या सोने में तेजी जारी रहेगी और कब तक जारी रहेगी? आर्थिक संकट से सोने को फायदा होता है, क्योंकि निवेशक जोखिम भरे एसेट से दूर रहते हैं.

कीमत बढ़ी

- एक्सचेंज पर सोने की कीमत 2.58% बढ़ी थी
- रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भी कीमत बढ़ी थी

शेयर बाजार में गिरावट की संभावना बढ़ने लगती है

ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के निदेशक अनूप सराफ ने बताया कि जब भी दो देशों के बीच युद्ध होता है तो उन देशों के साथ ही अन्य देशों में भी आर्थिक कमजोरी आने की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि सभी देश किसी न किसी रूप में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं. जिसके कारण शेयर बाजार में गिरावट की संभावना बढ़ने लगती है. चूंकि सोने को एक सुरक्षित निवेश माना गया है. इस वजह से शेयर बाजार में पैसा लगाने वाले निवेशक सोने की खरीदारी तेज कर देते हैं. जिससे भाव में अचानक तेजी आ जाती है. इजरायल-हमास युद्ध के दौरान भी यही हुआ है. युद्ध जारी रहा तो अभी यह तेजी बनी रहेगी. 2021 और 2022 में एक मजबूत उछाल के बाद इस साल अब तक सोने का प्रदर्शन खराब रहा है. सैंक्टम वेल्थ के निवेश उत्पादों के प्रमुख अलेख यादव ने कहा कि इक्विटी में मजबूत तेजी और आकर्षक बॉन्ड यील्ड ने भी सोने पर असर डाला है.

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए रु. वितरण की मंजूरी मिली

नई दिल्ली । उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर एक अधिकार प्राप्त समिति ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की लाभार्थी कंपनियों को 1,000 करोड़ रुपये के वितरण की मंजूरी दे दी है. एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी. सरकार को इस योजना के तहत 3,400 करोड़ रुपये के दावे मिले हैं, जिसमें से मार्च, 2023 तक वह 2,900 करोड़ रुपये का वितरण कर चुकी है. इस योजना का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना, नौकरियों को सृजन करना और निर्यात का समर्थन करना है. अधिकारी ने बताया कि समिति की हालिया बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना के तहत 1,000 करोड़ रुपये के वितरण को मंजूरी दी गई. लाभार्थी कंपनियों को वास्तविक भुगतान में अभी कुछ और दिन लगेंगे. यह चालू वित्त वर्ष का पहला वितरण होगा. इस योजना की घोषणा 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी. इनमें बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, व्हाइट गुड्स (मसलन रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन आदि), कपड़ा, चिकित्सा उपकरण विनिर्माण, वाहन, विशेष प्रकार का इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं.

नई दिल्ली । प्रगति मैदान में लैक्मे फैशन वीक के दौरान अभिनेत्री अदा शर्मा और कियारा आडवाणी ने डिजायनर ड्रेस पहनकर रैंप वॉक किया. (फोटो पीटीआई)

मोरक्को के माराकेश शहर में शक्तिकांत दास को सम्मानित किया गया

आरबीआई गवर्नर को मिला ए रैंक

भाषा ।नई दिल्ली

ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एक बड़े सम्मान से नवाजा है. दास को शनिवार को मोरक्को के माराकेश शहर में ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर काड्र्स 2023 में ए रैंक से सम्मानित किया गया है. केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों को यह सम्मान बेहतर परफॉर्मेंस के लिए दिया जाता है. जानकारी के अनुसार ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन दुनिया के सेंट्रल बैंकर्स की रिपोर्ट तैयार करती है. यह ग्रेड एक्सीलेंस परफॉर्मेंस से लेकर असफलता तक दर्शाता है. ए रैंक मिलने का अर्थ शानदार परफॉर्मेंस के लिए सम्मान दिया जाना है. एएफ ग्रेड असफलता को दर्शाता है. बता दें कि ए से लेकर एएफ तक का यह ग्रेड्स महंगाई कंट्रोल करने, अर्थव्यवस्था विकास लक्ष्य, करेंसी स्टेबिलिटी और ब्याज दर मैनेजमेंट के आधार पर दिया जाता है.

शेयर विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2199 करोड़ के शेयर बेचे, एफआईआई की तुलना में डीआईआई ने 4988 करोड़ अधिक राशि की खरीदारी की

भारतीय शेयर मार्केट में लगातार निवेश करते रहिए, इसका फायदा निवेशकों को मिलेगा

शशांक भारद्वाज
वीपी व्हॉइस ब्रोकिंग

पिछले सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट में अच्छी तेजी का एक आधार बन गया था. परंतु इजराइल एवं हमास के मध्य युद्ध से मार्केट का मनोभाव बिगड़ गया. इससे सोमवार को निफ्टी में 141 अंकों की बड़ी गिरावट आई. फिर भी साप्ताहिक आधार पर निफ्टी में 97.50 अंकों की बढ़त रही. इसका एक कारण तो युद्ध को लेकर किसी दिन विशेष को कोई अच्छा समाचार आ जाना भी रहा. परंतु मार्केट में तेजी का सबसे बड़ा कारण भारतीय घरेलू संस्थागत निवेशकों तथा खुदरा निवेशकों की खरीदारी रही. पिछले सप्ताह डीआईआई ने नकद संभाग में 7187 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2199 करोड़ के शेयर बेचे. अर्थात एफआईआई की तुलना में डीआईआई ने 4988 करोड़ अधिक राशि की खरीदारी की. यह इसका संकेत भी है कि डीआईआई निचले स्तरों पर आक्रामक लिवाल है. उसके पास धन है. एफआईआई के बेचने की शक्ति क्षीण हो रही है अथवा वो भी निचले स्तरों पर उतने बड़े बिकवाल नहीं हैं. ऐसे में यदि इजराइल हमास युद्ध कोई बड़ा गंभीर मोड़ नहीं ले लेता, इस युद्ध का विस्तार नहीं होता तो भारतीय शेयर बाजार में बहुत बड़ी गिरावट नहीं आनी चाहिए. शुक्रवार को गिफ्ट निफ्टी 100 अंक से अधिक नीचे था. भारतीय बाजार भी तेज गिरावट के साथ खुले. एक समय 160 अंक गिर गए थे, परंतु दिन के मध्य ऐसी अच्छी पुनर्वापसी दिखाई की निफ्टी प्लस में आ गया था. ये एक बड़ा प्रभावी शक्तिशाली प्रदर्शन था. यद्यपि अंत में निफ्टी 52 अंक नीचे बंद हुआ. कारण दो दिन की छुट्टी तथा दिनांतर में लाभ घर ले जाने की प्रवृत्ति रही. अगली बड़ी चाल युद्ध की दिशा तथा दशा पर बहुत कुछ निर्भर करेगी. सप्ताहांत में क्रूड भी 5 प्रतिशत के तेज उछाल के साथ 90 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर निकल गया. यह भारतीय शेयर बाजार के लिए नकारात्मक है. पिछले सप्ताह क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल के नीचे बंद हुआ था. क्रूड का मूल्य पुनः नीचे आएगा तो भारतीय शेयर बाजार शांति की सांस लेगा. यद्यपि थोड़े ही दिन पहले क्रूड 95 डॉलर के ऊपर निकल गया था. परंतु हमारे शेयर मार्केट में कोई अत्यधिक घबराहट नहीं दिखी थी. भारतीय शेयर मार्केट की नई शक्ति भारतीय खुदरा निवेशक लघु अवधि की सोच ही नहीं रहे. न चिंता कर रहे तथा हर भाव पर खरीदारी कर रहे हैं. बड़ी संख्या में शेयर बाजार से जुड़ रहे हैं. सितंबर माह में भी 30.6 लाख नए डीमैट एक भारत में खुले हैं. भारत एक शेयर क्रांति की ओर बढ़ रहा है.

सितंबर में सीपीआई घटकर 5.02 प्रतिशत आई

भारतीय अर्थव्यवस्था के आंकड़े अच्छे आए हैं. मुद्रास्फीति में कमी आई है. सितंबर में सीपीआई घटकर 5.02 प्रतिशत आई है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के 6 प्रतिशत के लक्ष्य के नीचे है. अगस्त माह का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 14 माह में सर्वाधिक 10.03 प्रतिशत रहा. ये मार्केट के लिए सकारात्मक हैं. म्यूचुअल फंड में एसआईपी में माध्यम से अच्छे निवेश का क्रम बना हुआ है. सितंबर में एसआईपी में 16240 करोड़ रुपए आए जो किसी एक माह में ऐतिहासिक राशि है. यद्यपि अगस्त के 20245 करोड़ रुपये की तुलना में सितंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 14091 करोड़ रुपये की राशि आई है. तब भी यह शुद्ध निवेश प्राप्ति ही है. पिछले सप्ताह भारतीय कंपनियों के वित्त वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम आने प्रारंभ हुए हैं. टीसीएस तथा इंफोसिस के परिणाम मार्केट को उनकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं लगे. इस सप्ताह भी कुछ प्रमुख कंपनियों के परिणाम आएंगे. ऐसे में शेयर विशेष में अच्छा उतार चढ़ाव रह सकता है. निवेश संबंधी निर्णय में इन परिणामों का ध्यान रखें तथा टेक्निकल धारणा, चार्ट एवं स्तरों को अधिक महत्व दें

डॉलर इंडेक्स 106.67 के ऊंचे सत्र में पर बंद हुआ

अमेरिका में ब्याज दरों के वृद्धि पर संशय बना हुआ है. यद्यपि डाउ ने 4 दिन लगातार तेजी दिखाई थी. यदि ब्याज दरों की वृद्धि पर रोक की कोई बात आती तो फिर बड़ी तेजी दिख सकती है. डॉलर इंडेक्स 106.67 के ऊंचे सत्र में पर बंद हुआ. बॉन्ड यील्ड 4.61है. मार्केट इनका अभ्यस्त सा होता दिख रहा. इसलिए गिर नही रहा. यहां से भी अधिक तेजी से बढ़े, यद्यपि इसकी संभावना कम ही है, तो यूएस मार्केट में तीव्र गिरावट देखी जा सकती है. इसका प्रभाव भारत के शेयर मार्केट पर पड़ सकता है, भले बहुत अधिक न पड़े. इसलिए गिरावट पर खरीदिए. भारत में त्योहार ऋतु प्रारंभ होने को है. उन कंपनियों में निवेश कर सकते हैं जिन्हे उससे प्रत्यक्ष लाभ है. अंत में भारत ने कोल्ड ड्रिंक तथा बिस्कुट की खपत बढ़ रही है. जब इनकी खपत बढ़ती है तो इसका अर्थ होता है देश धनी होता जा रहा है. इसलिए भारत में लगातार निवेश करते रहिए. एफआईआई की बिकवाली भी भारत की आधारभूत आर्थिक स्थिति सरंचना में किसी प्रकार की गिरावट को ले कर नहीं है. उसमे भारतीय शेयर मार्केट कहीं और न गिर जाए के भय की एक चिरपरिचित अवधारणा के कारण बिकवाली है.

नेतन्याहू के लिए 'भस्मासुर' बना हमास

इजरायल और हमास की जंग के बीच ही अब प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भी उंगलियां उठने लगी हैं. इजरायल के पत्रकारों से लेकर नेतन्याहू के करीबी भी अब उनकी उस नीति का जिक्र करने लगे हैं, जिसके तहत पीएम ने हमास को अपना सबसे करीबी बना लिया था. दबी जुबान से अब लोग कह रहे हैं कि पीएम नेतन्याहू के उस पाप को इजराइल के मासूम भोगने को मजबूर हुए हैं, जो उन्होंने किया ही नहीं.

इजराइल से निकलने वाले अखबार हेरात्ज में दिमित्री शुम्स्की ने लिखा है कि साल 2009 में नेतन्याहू ने एक ऐसी विनाशकारी, विकृत राजनीतिक सिद्धांत को अपनाया, जिसके बाद वह मानने लगे कि फिलिस्तीन की कीमत पर हमास को मजबूत करना इजराइल के लिए अच्छा होगा. 5 मई 2019 को नेतन्याहू के करीबी गेर्शोन हाकोहेन ने यनेट न्यूज वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में कहा, 'हमें सच बताना होगा.' उनका कहना था कि नेतन्याहू की रणनीति दो देशों के विकल्प को रोकने की है. इसलिए वह हमास को अपना निकटतम साझेदार बना रहे हैं. खुलेआम तो हमास दुश्मन है, लेकिन गुप्त रूप से, यह एक सहयोगी है. हाकोहेन रिजर्व बलों में मेजर जनरल थे. रेस्पॉन्सिबल स्टेटक्राफ्ट में मेरोन रैपोपोर्ट ने लिखा है कि 1996 में नेतन्याहू पहली बार पीएम बने थे. तब से ही नेतन्याहू ने फिलिस्तीनी नेतृत्व के साथ किसी भी बातचीत से बचने की कोशिश की है. बातचीत की बजाय उन्होंने हमेशा इससे बचने का ही विकल्प चुना. नेतन्याहू ने बार-बार दावा किया कि इजरायल को समृद्धि के लिए फिलिस्तीनियों के साथ शांति की जरूरत नहीं है. इसकी सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक ताकत इसके बिना भी काफी है. सच्चाई है कि उनके शासन के वर्षों के दौरान खासतौर पर साल 2009 और 2019 के बीच, इजरायल ने आर्थिक समृद्धि का अनुभव किया. इसकी अंतरराष्ट्रीय स्थिति में सुधार हुआ. ऐसे में वह मानने लगे कि वह सही रास्ते पर चल रहे हैं.

• देश-काल

बृजेंद्र दुबे

नेतन्याहू ने कभी भी गाजा और वेस्ट बैंक को अलग करने की कोई नीति नहीं बनाई. न ही उन्होंने फिलिस्तीन लिब्रेशन ऑर्गनाइजेशन (पीएलओ) और फिलिस्तीनी देश की स्थापना की इसकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को कमजोर करने के लिए एक हथियार के तौर पर हमास का यूज किया. नेतन्याहू साल 2018 में इस बात पर सहमत हो गए थे कि कतर, गाजा में हमास सरकार को फंड देने के लिए हर साल लाखों डॉलर ट्रांसफर करेगा. जंग में अब तक इजरायल की तरफ 1600 लोगों की मौत हो चुकी है. जबकि हजारों लोग घायल हो गए हैं. लोगों का दबी जुबान में ही सही, लेकिन अब मानना है कि दो देशों के अपने सिद्धांतों की रणनीति के तहत नेतन्याहू ने हमास को अपने बहुत करीब कर लिया था. सार्वजनिक तौर पर तो हमास को वह इजरायल का दुश्मन कहते थे, लेकिन असल में वह उनका करीबी साथी बन चुका था. उसी का खामियाजा इजराइल भुगत रहा है. 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर सबसे खतरनाक आतंकी हमला किया. इस आतंकी हमले में हमास ने जो रणनीति अपनाई है, वह अब तक की सबसे एडवांस्ड और सोफेस्टिकेटेड मानी जा रही है. आसमान, समुद्र और जमीन से हमास ने इजरायल पर हमले किए. इसे मिलिट्री की भाषा में मल्टी-डोमेन ऑपरेशन के तौर पर जाना जाता है. हमला इतना ज्यादा खतरनाक था कि इसने इजरायली आयरन डोम डिफेंस सिस्टम को भी फेल कर दिया. रॉकेट हमलों से पहले ड्रोन का प्रयोग करके हमास ने इजरायल की सिक्योरिटी पोस्ट्स पर हमले किए. हमलों के लिए हमास ने पहले से ट्रेनिंग तक ली थी.

हमास के हमलों की तैयारी को लेकर आई रिपोर्ट हैरान करने वाली है. ट्रेनिंग के बाद हमास के आतंकी इजरायल की सीमा में दाखिल हुए. इजरायल पर कई दिशाओं से हमले हुए. कई नागरिकों और सैनिकों की हत्या कर दी गई और सैन्य उपकरणों पर आतंकियों का कब्जा हो गया. आतंकियों ने एक म्यूजिक फेस्टिवल को निशाना बनाया और कुछ लोगों को बंधक बना कर ले गए. रक्षा विशेषज्ञों की मानें, तो हमास ने कई योजनाएं उस समय बनाई होंगी, जब इजरायल राजनीतिक प्रदर्शनों से गुजर रहा था, जिन्होंने देश को महीनों तक हिला कर रख दिया था. प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरफ से लाए गए कानून के विरोध में जनता प्रदर्शन कर रही थी. माना जा रहा है कि इन प्रदर्शनों की वजह से इजरायल की खुफिया जानकारी कमजोर पड़ गई थी. कहा जा रहा है कि हमास ने अपनी तैयारियों को छिपाने के लिए इजरायली खुफिया जानकारी का अच्छे से अध्ययन किया होगा. उसने इजरायल के स्रोतों को पहचाना होगा और उन्ही पर ध्यान केंद्रित किया होगा. कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमास ने सुरंग के बुनियादी ढांचे में भी भारी निवेश किया है. अंडरग्राउंड बंकर का अच्छा खासा नेटवर्क तैयार किया गया है. इन सुरंगों ने उसे इजरायल की चेकपोस्ट्स तक गुजरने और चौंकाने वाले हमले करने में सक्षम बनाया है. सुरंगों और अंडरग्राउंड फैसिलिटज से हमास को बड़ा फायदा हुआ है. हमास ने साल 2014 में जब इजरायल पर हमला किया तो हमास को समझ आया कि शहरों में युद्ध कैसे लड़ा जा सकता है. इसके बाद उसने आईईडी, सुरंग नेटवर्क, मनोवैज्ञानिक युद्ध और बाकी रणनीतियों का फायदा उठाया. ऐसा लगता है कि हमास ने साल 2002 में हुई जेनिन की लड़ाई के दौरान जेनिन सैनिकों की रणनीति से हमले की प्रेरणा ली थी. अप्रैल 2002 में, जेनिन शरणार्थी शिविर पर एक इजरायली हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 52 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई थी. इसमें 23 इजरायली सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. जेनिन की लड़ाई से हमास ने जो प्रमुख सबक सीखा है, वह घायलों को पहुंचाने और इजरायली मिलिट्री ऑपरेशंस को ब्लॉक करने में आईईडी का यूज था. आईईडी कम लागत वाले और आसानी से छिपाए जाने योग्य होते हैं. तब से हमास ने अपने जखीरे में आईईडी को शामिल कर लिया और उयका उपयोग इजरायली सैन्य वाहनों, गश्ती दल और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए किया है.

जलवायु परिवर्तन के खतरे

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) की ताजा रिपोर्ट बेचैन करने वाली है. इस रिपोर्ट ने पहली बार जलवायु परिवर्तन के लिए मानवीय गतिविधियों को 'असंदिग्ध'रूप से जिम्मेवार ठहराया है. यह जलवायु परिवर्तन पर छठी मूल्यांकन रिपोर्ट है. अगस्त में जारी इस रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी अपरिहार्य है. अभी ही 1.1 डिग्री बढ़ोतरी हो गई है. वर्तमान आकलन है कि वैश्विक तापमान औद्योगीकरण के पहले के तापमान के मुकाबले हुई 1.1 डिग्री की बढ़ोतरी के नतीजे दुनिया भर में दिखने लगे हैं. वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री की सीमा को 2035-40 तक पार कर जाने की आशंका है और इस शताब्दी के अंत तक बढ़ोतरी 2 डिग्री के पार जा सकती है. उल्लेखनीय है कि वैश्विक तापमान में 2 डिग्री बढ़ोतरी हो जाने पर पृथ्वी पर मनुष्य और अनेक जीव-जंतु व पौधों का जीवन कठिन हो जाएगा. पूरे वातावरण में ऐसे परिवर्तन हो जाएंगे, जिन्हें पहले की स्थिति में वापस लाना नामुमकिन होगा. इसलिए तत्काल ठोस कार्रवाई की जरूरत है, हालांकि इन कार्रवाइयों का असर 12-15 वर्षों में दिख सकेगा. भारत के लिए यह रिपोर्ट अधिक गंभीर चेतावनी देती है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन से होने वाली अतिरेक मौसम की घटनाओं की यह लीलाभूमि है. यहां गर्म हवाएं (लू) चलना, अत्यधिक और असमय वर्षा, भूस्खलन, समुद्री स्तर में खतरनाक बढ़ोतरी, दीर्घकालीन सूखा और ग्लेशियरों के टूटने, पिघलने की घटनाएं अक्सर होने लगी हैं. देश के विभिन्न इलाकों में विभिन्न किस्म की आपदाएं आती हैं, उनमें दिनानुदिन बढ़ोतरी हो रही है. हालांकि इस छठी रिपोर्ट में कुछ भी ऐसा नहीं है, जो पहले कभी नहीं कहा गया, सिवा इसके कि सारी बातें असंदिग्ध रूप से कही गई हैं और अधिक जानकारी व साक्ष्यों के साथ कही गईं हैं. रिपोर्ट को जारी करते हुए आईपीसीसी कार्यदल के सह-अध्यक्ष वीएम डेलमोटे ने कहा कि पृथ्वी की जलवायु के बारे में अब वैज्ञानिकों के पास अधिक ठोस व स्पष्ट जानकारी हैं. वैज्ञानिकों के पास अब पृथ्वी की जलवायु कैसे काम करती है और मानवीय गतिविधियां उसे किस तरह प्रभावित कर रही हैं, इसकी अधिक स्पष्ट जानकारी है. हम अब बेहतर ढंग से जानते हैं कि जलवायु में कैसे परिवर्तन हुए हैं, कैसे परिवर्तन हो रहे हैं और कैसे परिवर्तन होने वाले हैं.आईपीसीसी ने पिछली रिपोर्टों में कहा था कि मानवीय गतिविधियां वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी का कारण हो सकती हैं, पर इस बार कहा है कि वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी मानवीय गतिविधियों का सीधा परिणाम हैं. इसमें अब कोई संदेह नहीं रह गया है. इस रिपोर्ट में केवल औसत में बात नहीं की गई है, बल्कि इस औसत का मतलब भी बतलाया गया है.

> **रिपोर्ट जारी करते हुए आईपीसीसी कार्यदल के सह-अध्यक्ष वीएम डेलमोटे ने कहा कि पृथ्वी की जलवायु के बारे में अब वैज्ञानिकों के पास अधिक ठोस व स्पष्ट जानकारी हैं. वैज्ञानिकों के पास अब पृथ्वी की जलवायु कैसे काम करती है.**

सुभाषित

स्वदेशं पतितं कष्टे,
दूरस्था लोकयन्ति ये।
नैव च प्रतीकुर्वन्ति,
ते नराः शत्रुनन्दनाः।।

जब देश संकट में पड़ा हो तो जो उदासीन भाव से दूर खड़े होकर केवल देखते रहते हैं और कोई भी प्रतिकार नहीं करते, ऐसे व्यक्ति अथवा समूह, शत्रु को आनंद देने वाले होते हैं.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय

कौन हैं हनुमान जी

हनुमानजी रावण की स्वर्ण नगरी लंका को जला कर राख करके चले जाते हैं और रावण उनका कुछ नहीं कर सका, वह सोचते-सोचते रावण परेशान हो जाता है कि आखिर उस हनुमान में इतनी शक्ति आई कहां से और हनुमान है कौन? परेशान होकर वह महल में ही स्थित शिव मंदिर में जाकर शिवजी की प्रार्थना आरम्भ करता है. उसकी प्रार्थना से शिव भगवान प्रसन्न होकर प्रकट होते हैं. रावण अभिभूत होकर उनके चरणों में गिर पड़ता है. कहो दशानन कैसे हो ? शिवजी पूछते हैं. आप अंतर्यामी हैं महादेव, सब कुछ जानते हो प्रभु. एक अकेले वानर ने मेरी लंका को और मेरे दर्प को भी जला कर राख कर दिया. मैं जानना चाहता हूं कि यह वानर जिसका नाम हनुमान है आखिर कौन है ! और प्रभु उसकी पूंछ तो और भी ज्यादा शक्तिशाली थी. किस तरह सहजता से मेरी लंका को जला दिया. मुझे बताइए कि यह हनुमान कौन है? शिवजी मुस्कुराते हुए रावण की बात सुनते रहते हैं और फिर बताते हैं कि रावण यह हनुमान और कोई नहीं मेरा ही रूद्र अवतार है. विष्णुजी ने जब यह निश्चय किया कि वे पृथ्वी पर अवतार लेंगे और माता लक्ष्मी भी साथ ही अवतरित होंगी. तो मेरी इच्छा हुई कि मैं भी उनकी लीलाओं का साक्षी बनूं ! और जब मैंने अपना यह निश्चय पार्वती को बताया तो वह हठ कर बैठी कि मैं भी साथ ही रहूंगी. लेकिन यह समझ नहीं आया कि उसे इस लीला में किस तरह भागीदार बनाया जाए. तब सभी देवताओं ने मिलकर मुझे यह मार्ग बताया. आप तो वानर बन जाइये और शक्ति स्वरूपा पार्वती देवी आपकी पूंछ के रूप में आपके साथ रहे, तभी आप दोनों साथ रह सकते हैं. उसी अनुरूप मैंने हनुमान के रूप में जन्म लेकर रामजी की सेवा का व्रत रख लिया और शक्ति रूपा पार्वती ने पूंछ के रूप में और उसी सेवा के फलस्वरूप तुम्हारी लंका का दहन किया. अब सुनो रावण! तुम्हारे उद्धार का समय आ गया है. अतः श्रीराम के हाथों तुम्हारा उद्धार होगा. मेरा परामर्श है कि तुम युद्ध के लिए सबसे अंत में प्रस्तुत होना. जिससे कि तुम्हारा समस्त राक्षस परिवार भगवान श्रीराम के हाथों से मोक्ष को प्राप्त करें और तुम सभी का उद्धार हो जाए.

मौद्रिक उपायों से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

• आर्थिकी

मधुरेन्द्र

अक्तूबर माह की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने मुद्रास्फीति के खतरे को दरकिनार रखते हुए रेपो रेट न बढ़ाने का फैसला किया. रेपो रेट के न बढ़ने से ब्याज दरें स्थिर रहीं. यह एक बड़ा कदम है जो तेजी से बढ़ती हुई इकोनॉमी को बढ़ावा देगा. इससे पहले भी रिजर्व बैंक ने रेपो रेट न बढ़ाने का फैसला किया था और इसलिए इस बार यह लग रहा था कि मुद्रास्फीति को थामने के लिए रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाएगा. लेकिन उसने ऐसा नहीं किया और उसका एक बड़ा कारण यह था कि भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू खपत के कारण बढ़ रही है. घरेलू मांग बढ़ने के कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में स्थिरता आई है. लेकिन कंपनियों की समस्या है कि वे न केवल ऊंची मुद्रास्फीति दर, बल्कि बढ़ी हुई ब्याज दरों से परेशान थीं. ऐसे में रिजर्व बैंक ने समझदारी भरा एक कदम उठाया और रेपो रेट को यथावत रहने दिया. यहां पर एक बात समझने की है कि दुनियाभर के केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को थामने के लिए ब्याज दरों का सहारा लेते हैं और उसे बढ़ाते रहते हैं. भारत में भी यह प्रयोग किया जाता है. एक आक्रामक मौद्रिक नीति के तहत रेपो रेट बढ़ाना एक सामान्य-सी बात रही है. अमेरिका और पश्चिम के देशों ने इसे खूब आजमाया लेकिन वहां ब्याज दरें इतनी बढ़ गईं कि कारोबारियों को आर्थिक मोर्चे पर जूझना पड़ा. इसका नतीजा यह हुआ कि न तो मुद्रास्फीति घटी और न ही इकोनॉमी संभल पाई. इस परीक्षण की असफलता को देखकर अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक ने भी अपने पैर खींच लिये. आलोचकों का मानना है कि यह कदम प्रतिगामी है और इससे नुकसान हो रहा है. इसलिए फेडरल रिजर्व भी ब्याज दरें बढ़ाने से बच रहा है. समस्या है कि पहले तो वहां शून्य ब्याज दरों पर काम हो रहा था जो अब बढ़कर 4 फीसदी से भी ज्यादा हो गई. इससे कारखानों में निवेश करके मुनाफा कमाना घाटे का सौदा होता जा रहा है. अब स्थिति यह होती जा रही है कि वहां महंगाई तो है ही, इकोनॉमी भी फिसल रही है. स्थिति इस सीमा तक जा रही है कि फेडरल रिजर्व को बड़े पैमाने पर नोट छापने पड़ सकते हैं जिसका दूरगामी असर होगा.बहरहाल, भारत में भी रिजर्व बैंक ने रेपो रेट न बढ़ाकर एक विराम दिया है, क्योंकि उसका मानना है कि छह बार रेपो रेट बढ़ाने के बावजूद भारत में महंगाई पर काबू नहीं पाया जा सका. दरअसल भारत में महंगाई हमेशा रोजमर्रा के सामानों की कीमतों से जुड़ी रहती है. इनमें सब्जियां, फल, चावल-दाल वगैरह जैसी रोजमर्रा की चीजें होती हैं. इनकी कीमतें सीजन के हिसाब से होती हैं. सूखा या फिर अतिवृष्टि से इनकी कीमतें बढ़ जाती हैं. टमाटर एक छोटा-सा उदाहरण है. ऐसे में रेपो रेट में बढ़ोतरी करके समाधान नहीं ढूंढ़ा जा सकता. इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था जैसे विदेशों से आयात, सस्ती दरों पर वह सामान उपलब्ध कराना आदि होता है. इन सबसे ही कीमतें काबू में आती हैं न कि ब्याज दरें बढ़ाने से. यह बात रिजर्व बैंक को अच्छी तरह से समझ में आ गई है. जब सुब्बा राव रिजर्व बैंक के गवर्नर थे तो महंगाई रोकने के लिए उन्होंने एक दर्जन से भी ज्यादा बार रेपो रेट में बढ़ोतरी की थी, जिसका धक्का कारोबार को लगा. कारखानों में उत्पादित वस्तुओं की लागत बढ़ गई और महंगाई घटने की बजाय बढ़ने लगी. यह प्रयोग बाद में भी किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली. रिजर्व बैंक ने अप्रैल, 2022 से लेकर मई, 2023 तक छह बार रेपो रेट बढ़ाया लेकिन महंगाई उसके द्वारा रखी गई सीमा के बाहर ही रही. इसलिए अब इस अस्त्र का रिजर्व बैंक संभल कर इस्तेमाल कर रहा है. ऊंचे रेपो रेट के अपने नुकसान हैं और इसका फायदा जल्दी देखने को नहीं मिलता. दरअसल भारत की अर्थव्यवस्था में नकदी का बहुत बड़ा योगदान है. अभी भी आधी अर्थव्यवस्था नकद पर चलती है, ऐसे में रेपो रेट बढ़ाकर महंगाई नियंत्रित करने के बारे में सोचना गलत है. एक फॉर्मल इकोनॉमी में तो यह संभव होता रहा है, लेकिन भारत में नहीं. अमेरिका और यूरोप में भी इस समय रेपो रेट के इस्तेमाल और उसके फायदों पर बहस छिड़ी हुई है. आलोचक कहते हैं कि मुद्रास्फीति रोकने के लिए फेडरल रिजर्व के पास ले-देकर एक हथौड़ा है जिसे वह चलाता रहा है चाहे उसका कितना ही बुरा असर क्यों न पड़े.अमेरिका में इस समय कम वेतन पाने वाले इसका असर झेल रहे हैं क्योंकि मुद्रास्फीति तो नियंत्रण में आ नहीं रही है, उलटे उनकी नौकरियां जा रही हैं.

> **रिजर्व बैंक ने अप्रैल, 2022 से लेकर मई, 2023 तक छह बार रेपो रेट बढ़ाया, लेकिन महंगाई उसके द्वारा रखी गई सीमा के बाहर ही रही. इसलिए अब इस अस्त्र का रिजर्व बैंक संभल कर इस्तेमाल कर रहा है. ऊंचे रेपो रेट के अपने नुकसान हैं और इसका फायदा जल्दी देखने को नहीं मिलता. दरअसल भारत की अर्थव्यवस्था में नकदी का बहुत बड़ा योगदान है.**

यातनाओं के विरुद्ध जबरदस्त आवाज

• देशांतर

कविता

उन्होंने उस दकियानूसी समाज के बीच में रहकर महिलाओं के हक-ओ-हुकूक की लड़ाई लड़ी, जहां जुबां से दो बोल भी खिलाफत में कहना मौत के घाट उतार दिए जाने का कारण बन जाए. महिला अधिकारों के लिए जान की भी परवाह न करने वाली इस महिला का जज्बा ही है कि वे एक-दो बार नहीं, पूरे 13 बार गिरफ्तार हो चुकी हैं. गलत को गलत कहने वाली यह महिला अब भी जेल में हैं. ईरान की रहने वाली नरगिस मोहम्मदी इन दिनों सुर्खियों में इसलिए हैं कि उन्हें शांति के लिए विश्व के सर्वोच्च नोबेल पुरस्कार से नवाजे जाने की घोषणा हुई है. शांति का पुरस्कार जीतने वाली वह 19वीं महिला हैं. ईरान की यह महिला पत्रकार और एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी बड़े लंबे अरसे से ईरान में महिलाओं की आजादी और उनके अधिकारों के लिये लड़ रही हैं. ईरान में छोटी-छोटी बातों पर मौत की सजा दिये जाने के खिलाफ लड़ने वाली नरगिस भी मौत के साये में जी रही हैं. नरगिस का जन्म कुर्दिस्तान यानी ईरान के जंजन शहर में 21 अप्रैल, 1972 को हुआ था. उनके पिता एक किसान थे और मां राजनीतिक परिवार से थीं. वर्ष 1979 में ईरान में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद उनके चाचा और 2 चचेरे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था. एक इंटरव्यू में नरगिस ने कहा था कि वे तब 9 साल की थीं. ईरानी सरकार रोज किसी न किसी कैदी को फांसी देती थी, जिसका नाम टीवी पर बताया जाता था. एक दिन टीवी पर उनके भाई का नाम भी बताया गया. यही वह पल था जब नरगिस ने देश में मृत्युदंड को खत्म करने के लिए अभियान चलाने का फैसला लिया. मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस के संघर्ष की कहानी बहुत लंबी है. उनके जीवन में पग-पग पर कठिनाइयां रही हैं. छोटी-सी कठिनाई में भी कोई आम इंसान अपने कदम खींच लेता है, लेकिन नरगिस तो जैसे किसी और मिट्टी की बनी हैं तभी तो 13 बार गिरफ्तार हो चुकी हैं, पांच बार दोषी ठहरायी जा चुकी हैं और 31 साल की जेल और 154 कोड़ों की सजायाफ्ता हैं. नरगिस को अंतिम बार जहां से गिरफ्तार किया गया वह कार्यक्रम उन लोगों की याद में आयोजित किया गया था जो लोग 16 नवंबर, 2019 में तेहरान में सरकार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन में सरकारी गोली का निशाना बने थे. इधर उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार दिए जाने की घोषणा हुई, उधर परिवार तो खौफजदा है ही. परिवार तो उम्मीद ही खो चुका है कि कभी जेल से रिहा भी हो पाएंगी. नरगिस कहती हैं कि वे जितनी यातनाएं देंगे, मैं उतनी मजबूत बनूंगी. नरगिस पहली बार 1998 में गिरफ्तार की गई थीं. तब उन पर ईरान सरकार की निंदा का आरोप लगा था. एक साल में ही उन्हें छोड़ दिया गया था. इसके बाद 2010 में डिफेंडर ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर की सदस्य होने पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी कोर्ट ने उन्हें तलब किया और फिर उनकी गिरफ्तारी हुई. जुलाई, 2011 में मोहम्मदी को दोबारा राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ काम करने, डिफेंडर ऑफ ह्यूमन राइट्स में काम करने और सरकार के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाने के आरोप में फिर जेल में डाला गया. इस बार नरगिस को 11 साल की सजा मिली, हालांकि बाद में यह सजा घटाकर 6 साल की गई. तब अंतरराष्ट्रीय समुदाय उनके समर्थन में आ गया था, जिसके दबाव में ईरान सरकार को 2012 में उन्हें छोड़ना पड़ा. अपनी किताब व्हाइट टॉर्चर में नरगिस ने एकांतवास की भयावहता के बारे में लिखा है. नरगिस लिखती हैं कि जेल वह जगह है, जहां आप तक रोशनी की एक किरण तक नहीं पहुंचती. यहां चार सफेद दीवारों और छोटे दरवाजे के अंदर आपको केवल अपनी आवाज़ सुनाई देती है, बाहर से हवा भी यहां का रुख़ नहीं करती. जेल में कैद होने के बावजूद नरगिस ने अपना काम नहीं छोड़ा. वे जेल के भीतर से कैदियों की स्थिति, हिंसा और महिलाओं के प्रति अत्याचार जैसे कई मुद्दों पर लिखती रही हैं. अप्रैल, 2022 में उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार को जेल के अंदर से ही फोन पर एक गुप्त इंटरव्यू दिया था. इसमें उन्होंने कहा था, 'मैं हर दिन खिड़की के सामने बैठती हूं, हरियाली को देखती हूं और एक स्वतंत्र ईरान का सपना देखती हूं.' यूं तो दुनिया पहले से नरगिस के संघर्षों को जानती रही है, लेकिन आज नोबेल पुरस्कार से नवाजे जाने की खबर जब सामने आई तो दुनियाभर के लोगों, खासतौर से महिला अधिकारों के लिए लड़ने वालों ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की. उम्मीद की जानी चाहिए कि नरगिस जल्दी ही सलाखों से बाहर आएंगी.

> **यह महिला पत्रकार और एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी बड़े लंबे अरसे से ईरान में महिलाओं की आजादी और उनके अधिकारों के लिये लड़ रही हैं. ईरान में छोटी-छोटी बातों पर मौत की सजा दिये जाने के खिलाफ लड़ने वाली नरगिस भी मौत के साये में जी रही हैं. नरगिस का जन्म कुर्दिस्तान यानी ईरान के जंजन शहर में 21 अप्रैल, 1972 को हुआ था.**

मीडिया में अन्यत्र

अस्थिरता का एक और दौर

आने वाले वर्ष यानी 2024 के मध्य तक या उससे आगे भी राजनीतिक और भूराजनीतिक अनिश्चितताएं निवेशकों के सामान्य आर्थिक विचारों पर हावी रहेंगी. वैश्विक वित्तीय बाजार भी इजरायल और हमास के बीच छिड़े संघर्ष के कारण अप्रत्याशित अस्थिरता के दौर के लिए तैयार हैं. इसके चलते ईंधन आपूर्ति को लेकर नए सिरे से आशंकाएं उत्पन्न हो गई हैं और यह बात पहले ही मुश्किल से जूझ रही विश्व अर्थव्यवस्था में गतिविधियों को नए सिरे से प्रभावित करेगी. जहां तक भारत की बात है तो घरेलू राजनीतिक अनिश्चितताएं भी रुझानों में तेज बदलाव की वजह बन सकती हैं. आगामी त्योहारी मौसम में हो सकता है कि उपभोक्ताओं के रुझान में सुधार हो या शायद न भी हो. दूसरी तिमाही में कॉर्पोरेट जगत के प्रदर्शन में नजर आ रहे रुझानों का भी सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया जाएगा. इन मोर्चों पर जो भी चिंताएं हैं उनका रुझानों पर गहरा असर होगा. इजरायल-हमास संघर्ष के कारण कच्चे तेल और गैस की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं, जबकि यूक्रेन युद्ध ने धातु बाजार को प्रभावित करना जारी रखा है. इस युद्ध की वजह से वैश्विक खाद्य बाजार में भी तंगी के हालात बने हुए हैं. इन बातों के बीच चीन में वृद्धि दर धीमी हो रही है तथा वहां अचल संपत्ति और विनिर्माण क्षेत्र गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है.चीन में एवरग्रांडे जैसे बड़े अचल संपत्ति डेवलपरों का भारी भरकम कर्ज चिंता का सबब बन चुका है. ईंधन की कीमतों में इजाफा मुद्रास्फीति को बढ़ा सकता है और साथ ही बाहरी घाटे और मुद्रा पर दबाव डाल सकता है. कुछ कॉर्पोरेट विश्लेषक मानते हैं कि मॉनसून के अस्थिर होने के बावजूद उपभोक्ता रुझानों में सुधार हुआ है. चुनाव संबंधी खर्च और आगामी त्योहारी मौसम को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी छमाही में खपत में इजाफा देखने को मिल सकता है.अब तक भारत का शेयर बाजार अच्छी स्थिति में है, लेकिन विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का रुख सतर्कता भरा है. अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के वक्तव्य सख्ती के रुझान वाले हैं, ऐसे में जल्दी मौद्रिक सहजता की आशा नहीं की जा सकती. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बीते दो महीनों में 22,700 करोड़ रुपये की बिकवाली की है.

(बिजनेस स्टैंडर्ड)

शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

दुर्ग/दुर्गा

शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हो चुका है. चारों ओर दुर्गा पूजा की धूम मची है. पूरे वातावरण में श्रद्धा और भक्ति सनातन धर्मियों के लिए अमृत बन कर घुल चुकी है. दस दिनों तक चलनेवाला यह ऐसा प्रमुख पर्व है, जिसमें दुर्गा शब्द का प्रयोग खूब होता है. यह शब्द किसी जाति, धर्म या संप्रदाय के बंधन में नहीं बंधता. कोई श्रद्धापूर्वक, कोई अश्रद्धा पूर्वक तो कोई मजबूरी में ही सही, दुर्गा शब्द का उच्चारण तो कर ही लेता है. इतना तो हर कोई जानता है कि दुर्गा एक देवी का नाम है, जिसे महाशक्ति माना जाता है. इस देवी ने कई भयंकर राक्षसों का वध किया था, लेकिन इसके गूढ़ार्थ से हर कोई अवगत नहीं है. उस गूढ़ार्थ को समझने के लिए हमें इसके समीप के शब्द दुर्ग से परिचित होना होगा. दुर्ग तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इस शब्द में दो शब्द जुड़े हैं-दुः+ग. 'दुः' एक उपसर्ग है, जिसका अर्थ कठिन और बुरा होता है. वहीं ग का अर्थ है जाना, पहुंचना. जहां जाना कठिन हो, उसे दुर्ग कहा जाता है. वैसे दुर्ग पुराने जमाने के राजा-महाराजाओं के महल को कहा जाता था, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण पहुंचना हर किसी के वश की बात नहीं होती थी. सेनाओं के व्यूह को भी दुर्ग ही कहा जाता है, जिसे तोड़ पाना मुश्किल होता हो. दुर्गा शब्द में भी इसी प्रकार दुः+गा की संधि है. मतलब यह कि दुर्गा ऐसी महाशक्ति हैं, जिनसे पार पाना महाबली दानवों के लिए भी असंभव था. अध्यात्म के अनुसार 'द' का अर्थ है जो स्थिर है, रुका हुआ है और 'ग' का अर्थ है, जिसमें गति है, जो चलता है. 'उ' का अर्थ है स्थिर और गतिमान का बीच का संतुलन और 'अ' का अर्थ है अजन्मे ईश्वर की परमात्मा की शक्ति. इस प्रकार दुर्गा का अर्थ हुआ परमात्मा की वह शक्ति, जो स्थिर भी है, गतिमान भी है और संतुलन में भी है.

फैल गया तो रायते का क्या कसूर

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

न जाने , रायते को इतनी गिरी हुई दृष्टि से क्यों देखा जाता है कि अगर रायता कहीं गिर जाए तो उसको रायता फैलाना एक कहावत मान लिया जाता है? आज तक किसी ने नहीं कहा कि भिंडी फैलाना, आलू फैलाना, गोभी फैलाना. लेकिन "रायता फैलाना" बहुत बुरे अर्थों में लिया जाता है. जबकि देखा जाए तो बेचारे रायते का क्या कसूर ! उसे रायतेदान में जो व्यक्ति ले जाकर पंगत में परोसने जा रहा था, उसके हाथ से सर्वप्रथम रायतेदान गिरा, परिणामस्वरूप रायता गिरा और जमीन पर फैल गया. रायते का गिर कर जमीन में फैल जाना एक सामान्य घटना के तौर पर लोग क्यों नहीं लेते? फैलने से याद आया कि प्रायः बच्चे फैल जाते हैं. इसका अभिप्राय नाराज होना होता है. बच्चे फैलने का अर्थ है, बच्चा नाराज हो जाना और अपना मांग पत्र अभिभावकों के सामने उसके द्वारा प्रस्तुत किया जाना. इसे बच्चा फैलना कहते हैं. यह फैलना उस फैलने से भिन्न है जिससे जंगल कटते हैं और शहर फैलता है. यह फैलना वैसा भी नहीं है जैसा रिश्वतखोरों का पेट फैलता है. खैर, रायता दही से बनता है और दही स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है. बहुत से लोग दही की कढ़ी बनाते हैं. कढ़ी का अभिप्राय है कि बेसन और दही के घोल में बेसन की पकौड़ियां डालकर जो गर्म-गर्म बनता है, उसे कढ़ी कहते हैं. कई लोग कढ़ी में बेसन की पकौड़ियां डालने के स्थान पर रायता डाल देते हैं. रायते में नुकती होती है, जो बेसन की बनी हुई होती है. इस तरह छोटी बूंदी की कढ़ी तैयार हो जाती है. रायता कई प्रकार का होता है. बेसन की बूंदी वाला रायता, पुदीने का रायता, खीरे का रायता आदि. जब रायता खट्टा हो जाता है अर्थात उसका दही स्वाद में खट्टा होता है, तब वह खाने योग्य नहीं रहता तथा गला खराब कर देता है. याद आया कि खट्टे दही अथवा खट्टे रायते का सदुपयोग कढ़ी बनाने में खूब होता है. इससे नींबू या टाटरी का खर्चा बच जाता है. कढ़ी भी बढ़िया बनती है. खैर , कुछ लोग रायते में चीनी डालकर खाते हैं. यह लोग दही में भी चीनी डालकर खाते हैं. दही-मिष्टी अपने आपमें एक अनूठा स्वादिष्ट व्यंजन होता है. जो लोग दही पसंद नहीं करते, उन्हें रायता भी पसंद नहीं आता. भंडारे में आलू की सब्जी और गंगाफल के साथ रायते का विशेष महत्व रहता है. रायता दो प्रकार से बनता है. एक, गाढ़ा रायता. इसमें दही में पानी कम मिलाया जाता है. दूसरे प्रकार का पतला रायता कहलाता है. कुछ लोग ब्याह-बरातों और भंडारों में रायता खाने की बजाय पीते हैं. कुछ लोग दो या तीन कटोरी रायता पी जाते हैं.

सुकून

मां नौ दिनों के लिए धरती पर आईं हैं. माहौल उत्सवी है. पग-पग पर सात्विकता पसरी है. हर कोई अपने अंदाज में मां का स्वागत कर रहा. हमने देश के अलग अलग कोनों से जुड़े लेकिन संप्रति झारखंड में बसे लोगों से बात की और जाना उनकी संस्कृति में कैसे मनाई जाती है दुर्गा पूजा...

गोलू डॉल्स व रंगोली की सजावट के साथ मां शारदे की आराधना

भुवना
रांची

मैं तमिलनाडू से हूं. यहां नवरात्रि त्योहार के पहले दिन गणपति की पूजा होती है. इसके बाद तीन देवियों के स्वागत के लिए कुछ विधि-विधान होते हैं. ये विधि विधान कलस आहनवम कहलाता है. परिवार का कोई बुजुर्ग ही यह विधि विधान करता है. इसके बाद एक रैक पर गोलू डॉल्स (छोटे-छोटे खिलौने सी आकृति) को सजाया जाता है. रैक के अधिकतम सेल्फ की संख्या नौ होती है. सभी डॉल्स को साफ-सुथरे कपड़े पहनाए जाते हैं. पहले स्टेप पर कलस होता है. ऐसी मान्यता है कि नवरात्रि के नौ दिनों तक कलस के भीतर देवी का वास होता है.

शाम के समय महिलाएं एक दूसरे के घर जाकर कोलू की सजावट देखती हैं और एक दूसरे को अपने घर आने के लिए आमंत्रित भी करती हैं. मिठाइयों व उपहारों का आदान-प्रदान भी होता है. विवाहिताओं को छोटा सा बैग जिसे तम्बूलम कहा जाता है, बतौर उपहार दिया जाता है. तम्बूलम में नारियल, मिठाई, फल, हल्दी, छोटा आइना, पान के पत्ते और कंघी होती है. नवमी का व्रत रखने की परंपरा है. इस दिन मां शारदे की अराधना में नृत्य-संगीत की प्रस्तुति दी जाती है.उत्सव मनाने की प्रक्रिया में रंगोली बनाना भी शामिल होता है. रंगोली के बीच में कुथुविलक्कू लैंप सजाया जाता है. अगर कला के क्षेत्र में कुछ नया सीखना चाहते हैं तो इसके लिए नवरात्रि के दशमी का दिन हमारी संस्कृति में सर्वोत्तम माना गया है.

खड्ग का प्रतीक है डांडिया ब्रह्मांड का प्रतीक है गरबा

पूजा चौहान
रांची

मैं गुजरात में कच्छ के एक छोटे से गांव अंजार से हूं, हालांकि तीन पीढ़ियों से झारखंड में रह रहे हैं हम. गुजराती संस्कृति में नवरात्र के प्रथम दिन गरबा की स्थापना की जाती है. यह दरअसल मिट्टी का घड़ानुमा ही होता है. गरबा ब्रह्मांड का प्रतीक है. इसमें में 27 छिद्र होते हैं जो हमारे नक्षत्र के प्रतीक हैं. है और एक-एक नक्षत्र के चार चरण होते हैं. सुबह शाम गरबा को दीया दिखाते हैं. जब हम इसकी परिक्रमा करते हैं गरबा करते हुए तो हम देवी की आराधना करते हैं. भावना यह होती है कि देवी माता ने दुष्टोंका संहार कर हमारी रक्षा की. हम उनका ऋण तो नहीं चुका सकते; इसीलिए उन्हें रिझानेके लिए उन्हें प्रसन्न करनेके लिए यह नृत्य किया जाता है. इस नृत्यका अर्थ है, कीर्तन, भजन के समान देवीको प्रसन्न करनेके लिए की जानेवाली आराधना. 'गरबा नृत्यमें उपयोगमें लाई जानेवाली डांडिया देवी के हाथ के खड्ग का प्रतीक है.

झारखंड में भी अपनी संस्कृति को जीते हैं. नवरात्रि के दिनों में हर दिन रात साढ़े नौ बजे से सामूहिक रूप से हम एकत्र होते हैं और अंबा जी की आरती व गरबा करते हैं.

यहां अरवा चावल पर लिख कर बच्चे करते हैं विद्यारंभ

सुकुमारन
जमशेदपुर

मैं केरल के कोचिन से हूं और झारखंड में जमशेदपुर में रहता हूं. हमारी संस्कृति में दुर्गा पूजा के दौरान घर पर उतने अनुष्ठान तो नहीं होते, लेकिन हम मंदिर जाते हैं. मां सरस्वती, मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्ति/फोटो लगी होती है. अष्टमी, नवमी और दशमी में विशेष रौनक होती है. इन तीन दिनों तक छात्र-छात्राएं पढ़ाई-लिखाई नहीं करते. अष्टमी के दिन मां सरस्वती की अराधना की जाती है. छात्र-छात्राएं अपनी किताबें अष्टमी को मां सरस्वती को समर्पित करते हैं. दो, ढाई, तीन साल के बच्चों के अभिभावक जो अपने बच्चों की पढ़ाई शुरू करवाना चाहते हैं, इसी दिन अरवा चावल पर बच्चों से अक्षर लिखवा कर शुभारंभ करवाते हैं. यह चावल भी उन्हें ही दे दिया जाता है और वे खीर आदि इससे बनवाते हैं.

षष्ठी से शुरू होती है मां की पूजा, बेटी की तरह करते हम विदा

संचिता मुखोपाध्याय
रांची

दुर्गा पूजा बंगाल का एक मुख्य त्योहार है, जो महिषासुर राक्षस के पराजय और मां दुर्गा की जीत की खुशी में मनाया जाता है. हम मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले हैं. यहां भव्य दुर्गा पंडाल सजाए जाते हैं. शहरी ही नहीं, ग्रामीण इलाकों में भी मूर्ति की दिव्यता आऔर पंडाल की भव्यता देखने लायक होती है. में दुर्गा पूजा आमतौर पर षष्ठी से शुरू होती है. इस दिन बेलन्यौता से मां का बोधन करते हैं. संधि पूजा का विशेष महत्व है. पारम्परिक पोशाक पहनकर पंडालों में धुनुची नृत्य करने की परंपरा हैं. बंगाल में दुर्गा पूजा के दौरान होने वाले धुनुची नृत्य का बड़ा महत्व है. मान्यता है महिषासुर वध से पहले देवी दुर्गा ने शक्ति बढ़ाने के लिए धुनुची नृत्य किया था. इसलिए दुर्गा पूजा के दौरान यहां धुनुची नृत्य किया जाता है.

अष्टमी के दिन अंजलि का भी विशेष महत्व है. नए कपड़े पहनकर बिना कुछ खाए सुबह-सुबह मां को अंजलि देते हैं. इन दिनों घर में सामान्य भोजन नहीं बनता. पूरी, सब्जी, खिचड़ी भोग आदि बनता है. दशमी को मां की विदाई होती है. यह बेहद भावुक घड़ी होती है जब वे सभी रसम निभाए जाते हैं जो घर की बेटी की विदाई के समय होते हैं.

मां का पहले घड़े में विसर्जन होता है. दर्पण में मां का चेहरा देखते हैं. फिर सिंदूर खेला होता है. सुख-सौभाग्य का प्रतीक होता है सिंदूर खेला जिसमें शामिल हो कर हमें बेहद खुशी मिलती है. रांची में भी हर साल हम दुर्गा बाड़ी जा कर सिंदूर खेला में शरीक होते हैं.

उत्सव के ये रंग निराले

कहीं धुनुची-गरबा तो कहीं कोलू की सजावट

धान की खेत्री बीजी जाती है

मोना बग्गा दिशा
हजारीबाग

पंजाबी संस्कृति में मां के आगमन और विदाई के जो नौ दिन हम मां की विशेष आराधना करते हैं वो नवरात्र कहलाते हैं. कलश स्थापना कर खेत्री बीजी जाती है. खेत्री बीजने के दिन से नवरात्र के नौ दिनों मे कलश के आसपास अन्न धन की महिमा को दिखाती मां अपनी झलक दे जाती है. विसर्जन दशमी के दिन कुछ प्रसाद स्वरूप उपजी जौ और धान की खेत्री को अपने घर पर पूजा स्थान ,धन के और शुभ जगहों पर रखते हैं. हमारे यहां पहले नवरात्र से व्रत रखने के साथ पूजा शुरू की जाती है. कलश स्थापना कर खेत्री बीजी जाती है. उसके बाद नित्य प्रतिदिन नौ दुर्गा के नव रूपों की पूजा होती होती है.

जो कलश रखते हैं. वे नौ दिनों तक उपवास कर हवन कर के कुमारी कन्या पूजन कर अपनी पूजा समाप्त करते हैं और जिन्होंने कलश की स्थापना नहीं की होती, केवल उपवास रख अपनी पूजा शुरू की होती है. वे अष्टमी को कुमारी कन्या का पूजन कर अपना व्रत खोलते हैं. सुबह एक थाल मे गेहूं को फैला कर बिछाते हैं. उसमें आटे का दीपक बना कर घी से भर कर रोली का टीका लगा उसे सजा कर उसे माता के समक्ष रख सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं.

प्रसाद मे पूड़ी हलवा और काले चने का प्रसाद मां को भोग में चढ़ाया जाता है. साथ में फल होता है. माता के नौ रूप को कन्या के रूप मे पूजा जाता है. उनके पांव धुला कर आलता लगा कर उन्हें बिठा कर टीका मौली बांधी जाती है. फिर उन्हें प्रसाद दिया जाता है और कुछ भेंट स्वरूप पैसे और पढाई से संबंधित या श्रृंगार दिए जाते हैं. मां के पैर छू कर उनसे आशीर्वाद लेकर उन्हें विदा किया जाता है. नवें दिन हम जोत प्रतिदिन की तरह ही जगाते हैं किंतु अन्न ग्रहण हम माता की जोत जगा कुमारी कन्या पूज कर कर लेते हैं.

मोटिवेशन

रावण की जिंदगी से 3 महत्वपूर्ण सबक

डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

आदमी अपनी गलतियों से सीखता है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह जिंदगी भर गलतियां करता रहे. मूर्ख एक ही गलती बार-बार करता है, बुद्धिमान हर गलती से सबक लेता है. एक बुद्धिमान आदमी अपनी गलतियों से तो सीखता ही है, दूसरों की गलतियों से भी सीखता है. फिलहाल ये बातें रावण के संदर्भ में बोली जा रही हैं. यह सर्वविदित है कि रावण प्रकांड विद्वान था, महान शिव भक्त था, निपुण संगीतकार था. वह महाप्रतापी, महापराक्रमी राजा था. वह पंडित और महाज्ञानी था. लेकिन उसकी तीन गलतियों ने उसका सर्वनाश कर दिया. आइए, हम अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दें. रावण की उन तीन गलतियों के बारे में जाने और प्रण करें कि हम ये गलतियां कभी नहीं करेंगे.

1. रावण की सबसे बड़ी गलती थी मर्यादा का उल्लंघन. रावण ने सीता माता का अपहरण कर बहुत अनैतिक कार्य किया था. उसकी यही गलती उसके लिए प्राण घातक साबित हुई . हमारे लिए पहला सबक यही है कि हम सभी स्त्रियों का सम्मान करें. उनसे कभी भी अमर्यादित व्यवहार न करें . किसी भी अनैतिक कार्य का फल कभी अच्छा नहीं हो सकता. हमें देर-सवेर इसकी सजा मिलेगी ही मिलेगी.

2. रावण को उसका अहंकार ले डूबा. रावण ने अपने पराक्रम और युद्ध कौशल से तीनों लोकों को जीत रखा था. उसने जिंदगी में जितनी भी लड़ाइयां लड़ी थीं, उसमें वह कभी नहीं हारा था. अपनी भक्ति से देवों के देव - महादेव को प्रसन्न कर रखा था, देवी को अपने वश में कर रखा था. वह अपनी भक्ति और शक्ति के मद में चूर था. उसने वानर सेवा का उपहास उड़ाया था, हनुमान का अपमान किया था और राम की शक्ति को बहुत कम आंका था. अंततः वानर सेना और हनुमान की मदद से श्री राम ने रावण का वध कर डाला. हमें कभी भी अपने धन, बल, ज्ञान पर घमंड नहीं करना चाहिए. कभी किसी का उपहास नहीं उड़ाना चाहिए. किसी को कम नहीं आंकना चाहिए. रावण जैसा त्रिलोक विजेता, प्रकांड विद्वान और भक्त अपने अहंकार से डूब गया, तो हमारी क्या बिसात !

3. रावण की नाभि में अमृत कुंड था. यह रहस्य सिर्फ विभीषण को पता था. विभीषण ने यह जानकारी राम को दी. राम ने आग्नेय बाण से अमृत कुंड को सुखा दिया और रावण को मारने में सफल हुए. इस कहानी से एक महत्वपूर्ण सबक मिलता है . व्यक्ति को अपनों से कभी शत्रुता नहीं करनी चाहिए. अपना राज कभी किसी को नहीं बताना चाहिए. अगर रावण ने विभीषण को अपना राज न बताया होता और वह विभीषण का अपमान न करता, तो उसकी मृत्यु कभी न होती. और एक महत्वपूर्ण बात. अगर कोई सही और नीतिपूर्ण सलाह देता है, तो उसे मानना चाहिए.

मूल मंत्र : रावण की जिंदगी से ये तीन सबक सदैव याद रखने की जरूरत है . एक, कभी हम अमर्यादित काम न करें . दो, अहंकार से दूर रहें . और तीन, अपने जब सही सलाह दें, तो उसे मान लेना चाहिए . अपनों का अपमान नहीं करना चाहिए . अपना राज हमें किसी को नहीं बताना चाहिए .

ढाकेर ताले कोमोर दोले ख़ुशी ते नाचे मोन...

सौमेन मुखर्जी
रांची

ढाक (एक तरह का वाn`;यंत्र) की जो प्रमुखतः दुर्गापूजा में बजाया जाता है. बांग्ला संस्कृति में इसके बिना दुर्गापूजा की कल्पना नहीं की जा सकती. इसका इतिहास पुराना है. कहा जाता है कि ढाक आर्य सभ्यता के समय से पूर्व से बजाया जा रहा है. इसका उल्लेख प्राचीन संगीतशास्त्र में भी पाया गया है. पहाड़ तथा गुफाओं में भी कई अन्य वाद्ययंत्रों के ढाक की उकेरी तस्वीरें मिली हैं. किसी जमाने में कोलकाता शहर में ढाक बजाकर ही खबरें जन साधारण तक संप्रेषित की जाती थीं.

दुर्गोत्सव में बजाए जाने वाला ढाक की आवाज इतनी मधुर लगती है कि दिल करता है यह बजता ही रहे. इसे बजाने वाले प्रमुखतः बंगाल के विभिन्न गांवों से आते हैं. ये ज्यादातर गरीब तथा किसान होते हैं. दुर्गापूजा में विभिन्न अनुष्ठान के मद्देनजर ढाक के अलग – अलग ताल-लय निर्धारित हैं. जैसे आरती, स्नान, बलिदान तथा विसजर्न, सबके लिए अलग-अलग ताल-लय हैं.

दुर्गापूजा का ढाक की मूल संरचना कटहल तथा आम पेड़ की लकड़ी से तैयार की जाती है. जिस तरफ बजाया जाता है वह चिकना तथा सफ़ेद होता है, और इसे नमक तथा चूना लगाकर तथा धूप लगाकर पक्का किया जाता है. ढाक बजाते समय दो काठी (बांस का पतली लकड़ीनुमा) प्रयोग की जाती है जिसमें एक थोड़ी मोटी तथा दूसरी पतली रहती है. मोटी काठी से 'बोल' (लय – ताल) निकलती है और यही मधुर लय, ताल आदि ढाक की 'बोल' के रूप में निकलकर हमें मंत्रमुग्ध तथा नाचने पर मजबूर कर देती है और हम ख़ुशी से झूम उठते हैं. जो आनंद ढाक की आवाज में है, अन्य वाद्ययंत्र में नहीं मिलता है. इस तरह ढाक दुर्गापूजा में हमें आनन्द देता है और पूजा का अंग भी है.

ढाकी (ढाक बजानेवाले) नए वस्त्र सफ़ेद धोती तथा सफ़ेद बनियान पहन कर कंधे पर ढाक को लटकाकर जब पूजा प्रांगण में बजाना शुरू करते हैं तो माहौल उत्सवी और भक्तिमय हो जाता है. संध्या आरती के बाद कुछ पंडाल / मंदिर में धुनुची (आरती) नृत्य का आयोजन भी किया जाता है जिसमें युवा वर्ग बढ़चढ़ कर ढाक की मधुर धुन पर धुनुची हाथों में लेकर नृत्य करते हैं. ऐसे माहौल का जीना अलग ही अनुभव देता है. पूरा शरीर ख़ुशी में झूम उठता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

अंक तालिका

रैंक	टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
1	भारत	03	03	00	06	+1.821
2	न्यूजीलैंड	03	03	00	06	+1.604
3	दक्षिण अफ्रीका	02	04	00	04	+2.360
4	पाकिस्तान	03	02	01	04	-0.137
5	इंग्लैंड	03	01	02	02	-0.084
6	अफगानिस्तान	03	01	02	02	-0.652
7	बांग्लादेश	02	01	01	02	-0.699
8	श्रीलंका	02	00	02	00	-1.161
9	नीदरलैंड	02	00	02	00	-1.800
10	ऑस्ट्रेलिया	02	00	02	00	-1.846

एक नजर में

अफगानिस्तान	प्लेयर ऑफ द मैच	भारत
284/10	मुजीब उर रहमान	215/10

फील्ड कॉर्नर

नई दिल्ली। विकेट चटकाने के बाद जश्न मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी मुजीब उर रहमान.

आगे कौन

सबसे अधिक रन	सबसे अधिक विकेट
248	08

मोहम्मद रिजवान, पाकिस्तान

जसप्रीत बुमराह, भारत

सिक्सर किंग कुशाल मेंडिस : 14

बाउंड्री

6	4
152	634

विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच मैच आज

जीत की राह पर लौटना चाहेगी दोनों टीमें

भाषा । लखनऊ

अपने पहले दोनों मैच में हार से आहत ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका वनडे विश्व कप में सोमवार को यहां जब एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य एक दूसरे से बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना होगा. यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं. ऑस्ट्रेलिया को जहां भारत और दक्षिण अफ्रीका से करारी हार का सामना करना पड़ा वहीं श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान से हार गई थी. पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम 10 टीमों की अंक तालिका में नौवें स्थान पर है. उसका नेट रन रेट -1.846 है. श्रीलंका -1.161 के नेट रन रेट के साथ सातवें स्थान पर है. इन दोनों टीमों ने अभी तक टूर्नामेंट में तीनों विभाग में लचर प्रदर्शन किया है. ऑस्ट्रेलिया का खराब क्षेत्ररक्षण वास्तव में हैरान करने वाला है. उसने अभी तक दो मैच में छह कैच टपकाए हैं. यह टूर्नामेंट में अभी तक किसी भी टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है. उसकी गेंदबाजी में भी वह पैनापन नहीं दिखा जिसके लिए वह जाने जाते हैं. उसके बल्लेबाज भी नहीं चल पाए हैं और आलम यह है कि उसकी टीम अभी तक 200 रन की संख्या पर नहीं कर पाई है. पहले मैच में उसके बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने नहीं चल पाए जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने उनकी बखिया उधेड़ दी थी. खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रहे श्रीलंका का आक्रमण कमजोर है और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के लिए लय हासिल करने का यह सुनहरा मौका होगा.

दोनों टीमें अपने पहले दोनों मैच हार चुकी है

टीमें

ऑस्ट्रेलिया: पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा, मिशेल स्टार्क.

श्रीलंका: कुसाल मेंडिस (कप्तान), कुसाल परेरा, पथुम निसांका, लाहिरू कुमारा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, महीश तीक्षणा, डुनिथ वेलालेज, कासुन राजिथा, मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, चमिका करुणारत्ने.

ऑस्ट्रेलिया टीम से जुड़ सकते हैं ट्रेविस हेड

ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने बाएं हाथ में फ्रैक्चर से उबरने के बाद रविवार को नेट अभ्यास किया जिससे मध्यक्रम के इस बल्लेबाज के भारत में खेले जा रहे एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में जल्दी शामिल होने की उम्मीद बढ़ गयी है. वामहस्त बल्लेबाज हेड के गुरुवार को भारत आने की संभावना है. उन्होंने बीते शुक्रवार को हाथ से सुरक्षात्मक पट्टी हटा दी थी. विश्व कप से पहले सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जे की गेंद लगने के बाद उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया था.

श्रीलंका की गेंदबाजी चिंता का विषय

श्रीलंका की टीम भी अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई है. उसके बल्लेबाजों ने बेहतर खेल दिखाया है तथा पिछले दोनों मैच में 320 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन गेंदबाजी उसके लिए चिंता का विषय है. कई प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में खेल रही श्रीलंका की टीम ने अभी तक दो मैच में 775 रन लुटाए हैं. पाकिस्तान के खिलाफ एक समय उसकी टीम जीत की तरफ बढ़ रही थी लेकिन 20 वर्षीय मथीशा पथिराना जैसे युवा गेंदबाजों की अनुभवहीनता उसकी राह में रोड़ा बन गई.

अब हमारे लिए प्रत्येक मैच फाइनल जैसा: कमिंस

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को लगता है कि अब उनके लिए एकदिवसीय विश्व कप में प्रत्येक मैच फाइनल जैसा बन गया है लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम उन टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है जिनके खिलाफ हाल में उनका रिकॉर्ड बेहतर रहा है. ऑस्ट्रेलिया को पहले मैच में भारत से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने उसे 134 रन से हराया था. अब उसे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लीग चरण के बचे हुए सात मैच में से कम से कम छह मैच में जरूर जीत दर्ज करनी होगी. कमिंस को हालांकि लगता है कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है. कमिंस ने श्रीलंका के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर रविवार को यहां कहा कि अगर हम विश्व कप 2019 पर गौर करें तो भारत और दक्षिण अफ्रीका दो ऐसी टीम थी जिन्होंने हमें राउंड रोबिन दौर में हराया था. पिछले साल भी यही दो टीम थी जिनके खिलाफ हमें सबसे ज्यादा परेशानी हुई. उन्होंने कहा कि अब हमारे पास ऐसी टीमों के खिलाफ खेलने का मौका है जिनके खिलाफ हम पिछले कुछ समय से नहीं खेले हैं और जिनके खिलाफ हमें काफी सफलता मिली है. इसलिए हम उन टीमों के खिलाफ आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेंगे.

विश्व कप में पहला बड़ा उलटफेर

गुरबाज और अफगानिस्तान के गेंदबाजों के सामने गत चैंपियन इंग्लैंड हुआ पस्त

भाषा । नई दिल्ली

अफगानिस्तान में यहां रविवार को विश्व कप 2023 का सबसे बड़ उलटफेर किया. अफगानिस्तान नें गत चैंपियन इंग्लैंड को 69 रनों से हराया. अफगानिस्ता के 285 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की पूरी टीम 215 रनों पर ढेर हो गयी. अफगानिस्तान के लिए राशिद और मुजीब में 3-3 विकेट चटकाए. वहीं इंग्लैंड के लिए ब्रुक ने सर्वाधिक 66 रन बनाए. इससे पहले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के 57 गेंद में 80 रन की मदद से अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को विश्व कप के मैच में 284 रन बनाये. अफगानिस्तान की टीम एक गेंद बाकी रहते आउट हो गई. उसके लिये गुरबाज ने 57 गेंद में 80 रन बनाये जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल थे. भारतीय टीम का मैच नहीं होने पर भी अरूण जेटली स्टेडियम पर भारी तादाद में दर्शक थे जो अफगानिस्तान का समर्थन कर रहे थे. गुरबाज के अलावा इकराम अलीखिल ने 66 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 58 रन बनाये जबकि निचले क्रम पर अनुभवी मुजीबुर रहमान ने 16 गेंद में 28 रन की आक्रामक पारी खेली. पहले दोनों मैच हार चुकी अफगानिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर ठोस शुरूआत की. पहले दोनों मैचों में नाकाम रहे गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने पहले विकेट की साझेदारी में 114 रन जोड़े. गुरबाज खास तौर पर जबर्दस्त फॉर्म में थे जिन्होंने तीसरे ही ओवर में क्रिस वोक्स को छक्का लगाकर अपने तेवर जाहिर किये. अफगानिस्तान के 50 रन 39 गेंद में बने. गुरबाज ने नौवें ओवर में सैम कुरेन को कवर्स और स्कवेयर लेग में चौका लगाने के बाद मिडविकेट पर छक्का जड़कर 20 रन निकाले.

स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान	रन	बॉल	4	6
गुरबाज रन आउट विली/जोस बटलर	80	57	8	4
इब्राहिम जादरान कै रूट बोआदिल राशिद	28	48	3	0
रहमत स्ट जोस बटलर बो आदिल राशिद	3	8	0	0
शाहिदी (सी)बो रूट	14	36	0	0
अज़मतुल्लाह कै वोक्स बो लिविंगस्टोन	19	24	1	1
इकराम अलिखिल कै सैम कुरेन बो टॉपले	58	66	3	2
नाबिक कै रूट बो वुड	9	15	1	0
राशिद खान कै रूट बोआदिल राशिद	23	22	3	0
मुजीब कै रूट बो मार्क वुड	28	16	3	1
नवीन-उल-हक रन आउट (जोस बटलर)	5	6	1	0
फजलहक फारुखि नॉट आउट	2	4	0	0

अतिरिक्त :15, **कुल** : 284/10, 49 .5 ओवर, विकेट पतन : 114-1, 122-2, 122-3 , 152- 4 , 174-5 , 190-6, 233-7 , 277-8 , 277-9 , 284-10, गेंदबाजी : क्रिस वोक्स : 4-0-41-0, टॉपले : 8 .5-1-52-1, सैम कुरेन : 4-0-46-0, आदिल रशीद :10-1-42-3, मार्क वुड :9-0-50-2, लिविंगस्टोन :10-0-33-1, रूट : 4-0-19-1

इंग्लैंड	रन	बॉल	4	6
जॉनी बेयरस्ट्रो एलबीडब्ल्यू बो फजलहक फारूकी	2	4	0	0
डेविड मलान कै जादरान बो नबी	32	39	4	0
जो रूट बो मुजीब	11	17	2	0
हैरी ब्रूक कै इकराम बो मुजीब	66	61	7	1
जोस बटलर बो नवीन-उल-हक	9	18	1	0
लिविंगस्टोन एलबीडब्ल्यू बो राशिद खान	10	14	1	0
सैम कुरेन कै रहमत बो नबी	10	23	0	0
क्रिस वोक्स बो मुजीब	9	26	1	0
आदिल रशीद कै नबी बो राशिद	20	13	2	0
वुड बो रशीद	18	22	3	0
टॉपले नॉट आउट	15	7	3	0

अतिरिक्त :1, कुल :215/10, 40 .3 ओवर, विकेट पतन : 3- 1, 33-2 , 68-3 , 91-4 , 117-5 , 138- 6 , 160-7 , 169-8 , 198-9, 215/10
गेंदबाजी : मुजीब :10-1-51-3, फारूकी : 7-0-50-1, नवीन -उल-हक : 6-1-44-1, मोहम्मद नबी : 6-0-16-2, रशीद खान : 9 .3-1-37-3,अजमतुल्लाह उमरजई : 2-0-13-0-

जेएससीए में आज से शुरू होगा सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट

रांची । रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सोमवार से सैयज मुश्ताक अली टूर्नामेंट की शुरूआत होगी. सोमवार को जेएससीए स्टेडियम में कुल चार मैच खेले जाएंगे. पहला मुकाबला अरुणाचल प्रदेश और गुजरात के बीच सुबह नौ बजे जेएससीए के ओवल ग्राउंड में खेला जाएगा. दूसरा मैच जेएससीए के मुख्य ग्राउंड सुबह 11 बजे मणिपुर और रेलवे के बीच मैच खेला जाएगा. तीसरा मैच ओवल ग्राउंड में आंध्रा और गोवा के बीच दोपहर 1:30 बजे से खेला जाएगा. वहीं दिन का आखिरी मैच जेएससीए के मुख्य मैदान में शाम 4:30 बजे पंजाब और सौराष्ट्र के बीच मैच खेला जाएगा .

खेल प्रतियोगिता में 300 बच्चों ने लिया हिस्सा

संवाददाता । सिमडेगा

कोलेबिरा के नवाटोली बगीचा में रविवार को एकल अभियान अभ्युदय यूथ कल्ब के माध्यम से बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में 300 बच्चे-बच्चियों ने भाग लिया. मौके पर एकल अभियान अभ्युदय यूथ कल्ब के जनेश्वर बिरहोर, कृष्णा दास, श्यामसुंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, कोलेबिरा संघ के प्रमुख आचार्य राधिका, लुकेश्वर देवी टूटिकेल, कमला प्रधान घसीलारी, पुष्पा देवी सुंदराटोली, लीलावती देवी भवरपाहड के अलावा शाहपुर, छगरबंधा, गोंदलटोली और मोनिका कुमारी जामटोली सराईपणी कोंडेकेकेरा बलवंती देवी पिथरटोली के बच्चे और बच्चियों ने कार्यक्रम में भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत ओमकार, गायत्री मंत्र विजय महामंत्र के बाद सरस्वती वंदना से हुई. उसके बाद 100/200 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, कबड्डी का आयोजन किया गया साथ ही विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया.

क्रिकेट टूर्नामेंट : टाइगर क्लब बरकट्ठा ने गझंडी को हराया

संवाददाता । कोडरमा

जयनगर प्रखंड अंतर्गत गड़गी पानी टंकी मैदान में आजाद हिंद क्लब गड़गी के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. उद्घाटन मैच टाइगर क्लब बरकट्ठा हजारीबाग और गझंडी कोडरमा के बीच खेला गया. जिसमें गझंडी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 163 रन बनाए. 164 रनों के लक्ष्य को बरकट्ठा की टीम ने 5 विकेट खोकर 11.4 ओवर में मैच को अपने नाम किया. मैच का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव व जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया. वहीं अतिथियों को आजाद हिंद क्लब के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया. मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय, स्थानीय मुखिया फरीदा खातून, पूर्व मुखिया लखपत यादव, पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि घरौंजा अजय यादव, अंपायर लक्ष्मण यादव, सचिन यादव समेत भारी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे.

एसआर रुंगटा बी-डिविजन लीग 2023-24

एकतरफा मैच में प्रताप क्लब ने फेनेटिक क्लब को हराया

संवाददाता । चाईबासा

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत खेले गए मैच में प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा ने फेनेटिक क्लब चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में 115 रनों से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए. स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए रविवार के मैच में टॉस फेनेटिक क्लब के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रताप क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित तीस ओवरों में नौ विकेट खोकर 192 रन बनाए. चक्रधर ने सात चौकों एवं एक छक्का की मदद से सर्वाधिक 46 रन बनाए. अन्य बल्लेबाजों में अमन पासवान ने दो चौकों एवं एक छक्का की मदद से 28 रन, पश्चिमी उद्घाटक बल्लेबाज अनीस कुमार दास ने 24 रन, प्रभात बोयपाई ने 19 रन तथा चंदन कुमार ने 17 रन बनाए. फेनेटिक क्लब की ओर से सुनील कुमार चातर ने 31 रन देकर तीन विकेट, अनमोल टोपनो ने 49 रन देकर दो विकेट तथा अभिषेक बोदरा ने 41 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए. जीत के लिए निर्धारित तीस ओवर में 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फेनेटिक क्लब की हालत उस समय काफी खराब हो गई थी. जब मात्र 40 रन के स्कोर पर उसके 9 खिलाड़ी पैविलियन लौट चुके थे. लेकिन दसवें विकेट के लिए सन्नी सन तिरिया एवं सावन गोप ने 37 रनों की साझेदारी निभाकर टीम की लाज बचाई.

सावन गोप ने तीन चौकों एवं एक छक्का की मदद से मात्र आठ गेंदों पर 18 रन बनाए और अंत तक नाबाद रहा. कृपा सिंधु चंदन ने 15 तथा सन्नी सन तिरिया ने 13 रन बनाए. अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया. प्रताप क्रिकेट क्लब की ओर से आदित्य कुमार यादव ने 3.5 ओवर की गेदबाजी कर मात्र 21 रन देकर पांच खिलाड़ियों को चलता किया.

रांची दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजाति खेल प्रतियोगिता का समापन

प्रतियोगिता में लगभग 125 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

खेल संवाददाता । रांची

झारखंड खेल विभाग एवं जिला प्रशासन रांची के तत्वावधान दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजाति खेल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ. समापन समारोह के मुख्य अतिथि साझा के उपनिदेशक राज किशोर खाखा , विशिष्ट अतिथि खूंटी सह सिमडेगा के जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार , सरायकेला - खरसावां के अमित कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी रांची शिवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से सभी विजेताओं को पदक, ट्रॉफी एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया. इस प्रतियोगिता में रांची, खूंटी , लोहरदगा, सिमडेगा, गुमला जिले से लगभग 125 बालक -बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में तीरंदाजी, गुलेल , मटका दौड़ , गेड़ी दौड़, भारा दौड़ ,सेकोर में सभी प्रतिभागी ने अपना शानदार प्रदर्शन किया. प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः पांच हजार, तीन हजार एवं दो हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रशिक्षक राजू साहु,कुमार,तपन राउत, गोपाल तिर्की, अनमोल तिर्की, सुनील महली,करम मुंडा ,काली चरण महतो, अनीता तिर्की, जोलेन होरो , जेम्स पूर्ति, अंगद कुमार हंसराज,जीत नाथ साहु, रेमण्ड मिंज ,गणेश्वर कुमार ने अहम भूमिका निभाई. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार , प्रदीप राम एवं बिरसि मुंडू का पूर्ण सहयोग रहा. स्वागत भाषण रांची जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार ने किया. जबकि मंच का संचालन वरिष्ठ खो-खो प्रशिक्षक अजय झा ने किया.

प्रतियोगिता का परिणाम

तीरंदाजी
- पुरुष टीमः 1. राजेश उरांव (गुमला), 2. करण पातर मुंडा (रांची), 3. सिंगराय मुंडा (खूंटी)
- महिला टीमः 1. मेधा तिर्की (रांची), 2. अंशु कुमारी (रांची),

गुलेल
- महिला वर्गः-1. गुरूमणि टुट्टी (खूंटी), 2. गांगी बारला (सिमडेगा), 3. अनिता होरो (गुमला)
- पुरुष वर्गः 1. कंचन भेंगरा (गुमला), 2. विनय हेमरोम (खूंटी), 3. रघुवीर उरांव (लोहरदगा)

घड़ा दौड़
- पुरुष वर्गः 1. संदीप उरांव (गुमला), 2. अमिताभ उरांव (लोहरदगा)

भारा दौड़
- महिला वर्गः 1. मुक्ता इन्दवार (गुमला), 2. असीमा होरो (खूंटी), 3. अनीता होरो (गुमला)

गेड़ी दौड़
- महिला वर्गः 1. आरती कुमारी (गुमला), 2. सृष्टि कुजूर (सिमडेगा)
- पुरुष वर्गः 1. जोगेंद्र उरांव (लोहरदगा), 2. अतुल होरो (खूंटी), 3. जोर्ज कच्छप (गुमला).

पीएम मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं

नया गरबा साझा किया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नवरात्रि के मौके पर उनके द्वारा लिखा एक 'गरबा' साझा किया और इस पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गरबा वीडियो का यूट्यूब लिंक साझा करते हुए लिखा, 'नवरात्रि के पावन अवसर पर, मुझे पिछले सप्ताह लिखा एक गरबा साझा करते हुए खुशी हो रही है. उत्सव की यह धुन सभी को सराबोर करें. मैं इस गरबा को आवाज और संगीत देने के लिए मीत ब्रदर्स, दिव्या कुमार को धन्यवाद देता हूं.' गुजरात में खासतौर पर नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा नृत्य किया जाता है. लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'शक्ति प्रदायिनी मां दुर्गा हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आएं. जय माता दी.'

कोलकाता में एक दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करतीं अभिनेत्री विद्या बालन व बंगाली अभिनेता जय. जगमग करता कोलकाता का एक भव्य पंडाल.

आओ जानें

विश्व भर में सर्वाधिक बोली जाने वालीं भाषाएं

1.	अंग्रेजी	1,132 मिलियन
2.	मंदारिन चीनी	1,117 मिलियन
3.	हिंदी	615 मिलियन
4.	स्पैनिश	534 मिलियन
5.	फ्रेंच	280 मिलियन
6.	मानक अरबी	274 मिलियन
7.	बंगाली	265 मिलियन
8.	रूसी	258 मिलियन
9.	पुर्तगाली	234 मिलियन
10.	इंडोनेशियाई	199 मिलियन

पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी. साथ ही कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव सम्मानपूर्वक याद किया जाएगा. कलाम का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम में 1931 में हुआ था. 2015 में उनका निधन हो गया.

ब्रीफ खबरें

समृद्धि एक्सप्रेसवे पर हादसा, 12 की मौत

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात तेज गति से आ रही एक मिनी बस ने एक कंटेनर को टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई तथा 23 अन्य घायल हो गए. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि निजी बस में 35 यात्री सवार थे जो बुलढाणा जिले में सैलानी बाबा दरगाह से नासिक लौट रहे थे. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस हादसे की जांच के आदेश दिए हैं. उन्होंने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजन को राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है.

केरल में भारी बारिश से कई हिस्सों में जलभराव

तिरुवनंतपुरम। केरल के कई हिस्सों में रविवार को भी भारी बारिश हुई, जिससे तिरुवनंतपुरम सहित राज्य के कई हिस्सों में जलभराव स्थिति देखने को मिली. मौसम विज्ञान विभाग ने भारी बारिश की संभावना के चलते रविवार के लिए तिरुवनंतपुरम सहित चार जिलो के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है. टेलीविजन पर प्रसारित दृश्यों में जिले की सड़कें शनिवार से हो रही भारी बारिश की वजह से जलमग्न नजर आ रही हैं, जबकि कई घरों में भी पानी घुस गया. दृश्यों में कारें लगभग डूबी हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि बचाव दल जिले के कुछ हिस्सों में घरों से लोगों को नाव के सहारे शिविरों में लेकर जाते दिख रहे हैं.

भारत में कोरोना के 27 नए मामले सामने आए

नयी दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 27 नये मामले सामने आए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 340 रही. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 से जान गंवाने वालों की संख्या 5,32,037 है. वहीं संक्रमण के मामले 4,49,99,588 पर पहुंच गए हैं. मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,67,211 हो गई है. देश में संक्रमण से ठीक होने की दर 98.81%, जबकि मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है. भारत में अब तक कोविड-19 टीकों की 220,67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.

सुरक्षाबलों संग मुठभेड़ छह आतंकी मारे गये

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में रातभर चले छापे के दौरान सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह आतंकवादियों को मार गिराया जबकि आठ अन्य को घायल कर दिया. सेना ने रविवार को यह जानकारी दी. सेना ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में सुरक्षाबलों ने अभियान चलाया जिस दौरान आतंकवादियों के साथ उनकी मुठभेड़ हुई. उसने बताया कि इस मुठभेड़ में एक सैनिक भी मारा गया तथा आतंकवादियों के ठिकानों से हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किये गये. उत्तरी वजीरिस्तान आतंकवादियों के लिए दशकों से हाल तक पनाहगाह था.

गाजा पट्टी के लिए अबतक का सबसे घातक बना मौजूदा युद्ध

फिलिस्तीन में मृतकों की संख्या पहुंची 2,300 के पार

भाषा। दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)

हमास और इजराइल के बीच जारी मौजूदा संघर्ष में 2,329 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है और यह पांच गाजा युद्धों में से फिलिस्तीनियों के लिए सबसे घातक युद्ध बन गया है. गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, इजराइल और हमास के बीच 2014 में हुए युद्ध में 2,251 फिलिस्तीनियों की मौत हुई थी, जिनमें से 1,462 आम नागरिक थे. मौजूदा युद्ध में मृतक संख्या रविवार को 2014 में हुए युद्ध की मृतक संख्या को पार कर गई. वर्ष 2014 में हुआ युद्ध छह सप्ताह चला था और इसमें इजराइली पक्ष के 74 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें छह आम नागरिक शामिल थे.

मौजूदा युद्ध लगभग एक सप्ताह पहले उस समय शुरू हुआ था, जब हमास के आतंकवादियों ने अचानक दक्षिणी इजराइल में हमला कर दिया था. इन हमलों में 1,300 से अधिक इजराइली मारे गए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हैं. इजराइल के लिए यह मिस्र और सीरिया के साथ 1973 में हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे घातक युद्ध साबित हो रहा है.

दो विमानों से 471 भारतीय इजराइल से लौटे

ऑपरेशन अजय

भाषा। नयी दिल्ली

तेल अवीव से कुल 471 भारतीयों को लेकर दो विमान रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे. इनमें से एक उड़ान एअर इंडिया और दूसरी उड़ान स्पाइस जेट की थी. ऑपरेशन अजय के तहत कुल चार उड़ानें संचालित की गई हैं. सरकार ने यह अभियान उन भारतीयों के लिए शुरू किया है, जो फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की ओर से इजराइल पर किए गए हमले के बाद इजराइल से वापस आना चाहते हैं. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने रविवार को कहा कि सुबह 197 यात्रियों को लेकर तीसरी उड़ान दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरी. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि 274 यात्रियों को लेकर चौथी उड़ान राष्ट्रीय राजधानी पहुंची. उन्होंने यात्रियों की तस्वीरें भी साझा कीं. एअर इंडिया द्वारा संचालित दो चार्टर्ड उड़ानें तेल अवीव से शुक्रवार और शनिवार को कुल 435 से अधिक यात्रियों को लेकर आई हैं.

खास बातें

- एअर इंडिया व स्पाइस जेट की उड़ान से आए भारतीय
- भारतीयों का स्वागत केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने किया

हमास का समर्थन करने वालों पर नजर : रवींद्र

बलिया (यूपी)। इजराइल और हमास में जारी संघर्ष के बीच सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद रवींद्र कुशवाहा ने कहा है कि हमास के समर्थन में जो लोग भी इस तरह के गलत मुद्दे को लेकर देश के अंदर अव्यवस्था पैदा करने का काम करेंगे, भारत और उत्तर प्रदेश की सरकार पूरी सख्ती के साथ उनसे निपटेगी. बलिया में बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत में कुशवाहा ने कहा, भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति है कि विश्वभर में कहीं भी किसी भी प्रकार का आतंकवाद हो, तो उसका खुलकर विरोध किया जाए. हमास ने जिस तरह इजराइल के अंदर घुसकर आतंकवादी हमले किए, निर्दोष लोगों को बर्बरतापूर्वक मारा और महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया, उसे देखकर मानवता शर्मसार हो गई है.

ईरान के फिल्म निर्देशक व उनकी पत्नी की हत्या

तेहरान। एक अज्ञात हमलावर ने ईरान के जाने-माने फिल्म निर्देशक दारियुश मेहरजुई के घर में घुसकर उनकी और उनकी पत्नी की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी. सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी. सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने न्यायिक अधिकारी हुसैन फैजेली के हवाले से बताया कि दारियुश मेहरजुई और उनकी पत्नी वाहिदेह मोहम्मदिफर अपने घर पर मृत पाए गए हैं व दोनों की गर्दन पर चाकू से हमला किए जाने के निशान हैं. फैजेली के मुताबिक, निर्देशक की बेटी मोना मेहरजुई शनिवार रात राजधानी तेहरान से 30 किलोमीटर पश्चिम में स्थित अपने पिता के घर गई थीं, जहां उन्हें दारियुश मेहरजुई और उनकी पत्नी के शव मिले. अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच हो रही है.

पश्चिमी अफगानिस्तान में फिर आया 6.3 तीव्रता का भूकंप

भाषा। इस्लामाबाद

पश्चिमी अफगानिस्तान में रविवार को 6.3 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. इससे करीब एक सप्ताह पहले ही अफगानिस्तान के इसी क्षेत्र में तेज भूकंप और भूकंप बाद के झटकों के कारण हजारों लोगों की मौत हो गई थी और पूरे के पूरे गांव तबाह हो गए थे.

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि रविवार को आए भूकंप का केंद्र प्रांतीय राजधानी हेरात से लगभग 34 किलोमीटर दूर और सतह से आठ किलोमीटर (पांच मील) गहराई में था. हेरात प्रांत में आपातकालीन राहत दल के प्रमुख मोहम्मद जहीर नूरजई ने बताया कि भूकंप में अब तक एक व्यक्ति की मौत होने और लगभग 150 अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है. उन्होंने बताया कि हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि राहतकर्मी सभी प्रभावित क्षेत्रों तक अभी नहीं पहुंच पाए हैं. हेरात में सात अक्टूबर को आए भूकंप के कारण पूरे के पूरे गांव तबाह हो गए थे.

हमास के टॉप कमांडर बिलाल मारा गया, आतंकी ठिकाने ध्वस्त

एजेंसी। तेल अवीव

इजराइली एयर फोर्स ने दक्षिणी खान यूनिस बटालियन में नहबा बल के टॉप कमांडर बिलाल अल-कदरा को मार गिराया है. खबर है कि इजराइल के फाइटर जेट्स ने शनिवार रात गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठन हमास की दक्षिण खान यूनिस बटालियन पर हमला किया. इसी में आतंकी बिलाल अल-कदरा ढेर हो गया. इस आतंकी ने दक्षिणी इजरायल के किबुत्ज निरिम और निरओज इलाके में घरों में घुसकर लोगों की हत्या की थी. हमास के इस कमांडर की फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद संगठन में भी अहम भूमिका थी.

हमास के ऑपरेशनल स्थानों पर हमला किया गया : इजराइल डिफेंस फोर्सेज बयान जारी कर कहा है कि आईडीएफ ने जेयतुन, खान यूनिस और पश्चिम जाबलिया के पड़ोस में सौ से अधिक हमास ठिकानों पर हमला किया. कहा कि जहां से आतंकी इजराइल के खिलाफ हमला करते थे, हमास के उन ऑपरेशनल स्थानों पर हमला किया गया है.

इजराइल डिफेंस फोर्स ने एक्स कर कहा है कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि हमास फिलिस्तीनी नागरिकों को उत्तरी से दक्षिणी गाजा की ओर जाने से रोकने के लिए बाधाएं खड़ी कर रहा है.

इजराइल ने ग्राउंड ऑपरेशन शुरू करने की बात कही है. हमास के आतंकी आमने-सामने की लड़ाई में गाजा पट्टी के आम नागरिकों को अपनी सुरक्षा ढाल के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं.

युद्ध जारी

- इजरायली एयर फोर्स ने जवाबी कार्रवाई की
- हमास के इस्लामिक जिहाद परिषद का मुख्यालय ध्वस्त

नेतन्याहू युद्ध अपराधी : असदुद्दीन ओवैसी

ओवैसी ने पीएम मोदी से की अपील गाजा पट्टी के लोगों की मदद करें

हैदराबाद। एआईएमआईएम चीफ और हैदराबाद के सांसद और असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि वे फिलिस्तीन के साथ खड़े हैं. बेंजामिन नेतन्याहू को एक शैतान और युद्ध अपराधी करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वह गाजा के लोगों के साथ एकजुटता दिखाएं और उन्हें सहायता प्रदान करें. हैदराबाद के अंबरपेट में एक जनसभा में ओवैसी ने कहा, गाजा के बहादुर लोग लंबे समय तक जीवित रहें. भारत उन्हें मदद करे. इसी क्रम में ओवैसी ने यूपी के सीएम योगी पर हल्ला बोलते हुए कहा, हमारे देश में एक बाबा मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलिस्तीन का नाम लेने पर केस दर्ज करेंगे. उन्होंने कहा कि सुनो बाबा मुख्यमंत्री, मैं गर्व से तिरंगा झंडे के साथ फिलिस्तीन का झंडा पहनकर आया हूं.

गाजा में 2200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं : याद करें कि हमास के आतंकियों ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमला कर बच्चों समेत सैकड़ों निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी. भारी संख्या में लोगों क बंधक बना लिया है. इसके जवाब में इजरायली सेना गाजा पट्टी पर लगातार बमबारी कर रही है .गाजा में 2200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं. इजरायल ने हमास को धमकी दी है कि जब तक वो बंधकों को नहीं छोड़ेगा तब तक गाजा पट्टी में बिजली पानी और खाद्य पदार्थों की आपूर्ति नहीं होगी.

जो बाइडन ने इजराइल के पीएम फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से बात की

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की ओर से इजराइल पर हमला किए जाने के बाद जारी युद्ध के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की. अमेरिका ने 'यूएसएस ड्वाइट डी आइजनहोवर कैरियर स्ट्राइक ग्रुप' को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर भेजना भी शुरू कर दिया है.

व्हाइट हाउस के मुताबिक, बाइडन ने अब्बास के साथ बातचीत में इजराइल पर हमास के क्रूर हमलों की निंदा की और कहा कि आतंकवादी समूह 'फिलिस्तीन के लोगों के सम्मान और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए खड़ा नहीं है.' व्हाइट हाउस ने बताया कि बाइडन ने नेतन्याहू के साथ बातचीत में उन्हें अमेरिकी सैन्य सहयोग के बारे में अद्यतन जानकारी दी. उन्होंने संघर्ष को बढ़ावा देने की मंशा रखने वालों को भी चेताया.

राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, 'राष्ट्रपति बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात की और अमेरिकी सैन्य समर्थन के बारे में जानकारी दी. उन्होंने संघर्ष को बढ़ावा देने की कोशिश करने वालों को भी चेतावनी दी. इसमें कहा गया है कि बाइडन ने पानी, भोजन और चिकित्सा देखभाल तक निर्दोष नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र, मिस्र, जॉर्डन, इजराइल और क्षेत्र के अन्य सहयोगियों के साथ अमेरिका के समन्वय पर नेतन्याहू के साथ चर्चा की.

मशहूर अभिनेत्री 91 वर्षीया पाइपर लॉरी का निधन

वाशिंगटन। मशहूर अभिनेत्री पाइपर लॉरी का लॉस एंजिलिस में उनके आवास पर शनिवार तड़के निधन हो गया. वे 91 वर्ष की थीं. लॉरी एक मजबूत इच्छाशक्ति वाली अभिनेत्री थीं, जिन्हें उनके दमदार अभिनय के लिए तीन बार ऑस्कर के लिए भी नामांकित किया गया था. लॉरी की प्रबंधक ने ईमेल के माध्यम से 'द एसोसिएटेड' प्रेस को बताया कि उनका निधन बढ़ती उम्र संबंधी समस्या की वजह से हुआ. लॉरी ने 1949 में रोसेटा जैकब्स के रूप में हॉलीवुड में कदम रखा था और उन्हें जल्द ही 'यूनिवर्सल इंटरनेशनल' के साथ काम करने का मौका मिल गया. लॉरी को तीन शानदार फिल्मों के कारण ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया था, जिनमें 1961 में आई 'द हस्लर', 1976 में आई स्टीफन किंग की हॉरर फिल्म 'कैरी' और 1986 में आई रोमांटिक फिल्म ''चिल्ड्रन ऑफ ए लेसर गॉड'' शामिल हैं.

चुनाव मैदान कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

पाटन से बघेल और अंबिकापुर से सिंहदेव लड़ेंगे चुनाव

भाषा। रायपुर

छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए पुराने नेताओं पर भरोसा जताने के साथ ही नए चेहरों को भी मौका देने की कोशिश की है. राज्य में अगले महीने की सात और 17 तारीख को दो चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है. छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी, जिसमें 22 मौजूदा विधायकों के नाम भी शामिल हैं. सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत समेत सभी मंत्रियों को स्थान दिया गया है. पार्टी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज को भी चुनाव मैदान में उतारा है.

छत्तीसगढ़ विस चुनाव

कांग्रेस ने आठ मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है और छह नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है. पहली सूची की 30 सीटों में से 14 अनुसूचित जनजाति (एसटी) और तीन अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं. अन्य 13 सामान्य सीटों में से नौ पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है. पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार, मुख्यमंत्री बघेल अपने वर्तमान विधानसभा क्षेत्र पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे, जहां भाजपा के उम्मीदवार और उनके रिश्तेदार विजय बघेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं.

वहीं, उपमुख्यमंत्री सिंहदेव को भी उनके वर्तमान विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर से उम्मीदवार बनाया गया है. राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग-ग्रामीण, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत को सक्ती और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा मंत्री मोहन मरकाम को कोंडागांव से टिकट दिया गया है. पार्टी ने चित्रकोट विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक राजमन बेंजाम का टिकट काट दिया है. उनके स्थान पर बस्तर क्षेत्र के सांसद और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला लिया गया है.

पहली सूची में 69 निवर्तमान विधायकों को शामिल किया

कांग्रेस ने 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

भोपाल। कांग्रेस ने अगले माह होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 144 उम्मीदवारों के नामों की पहली सूची रविवार को जारी की, जिसमें 69 निवर्तमान विधायकों को शामिल किया गया है. कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को उनके गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा से चुनाव मैदान में उतारा गया है, जहां से वह वर्तमान में विधायक हैं.

मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती तीन दिसंबर को की जाएगी. पार्टी ने राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ से और उनके भाई लक्ष्मण सिंह को गुना के चचौरा से चुनाव मैदान में उतारा है. ये दोनों ही विधायक हैं.

मप्र विस चुनाव

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ. गोविंद सिंह को भिंड जिले के लहार निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है. कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व भाजपा के उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ अभिनेता विक्रम मस्ताल को सीहोर जिले के बुधनी से चुनाव मैदान में उतारा है.

मुंबई में एक इवेंट के दौरान अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट.

फिल्म निर्माण की बारीकियों को लेकर 26 से 10 दिवसीय कार्यशाला

विशेष संवाददाता । रांची

झारखंड में पहली बार फिल्म निर्माण से जुड़ी बारीकियों से रूबरू कराने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन होगा. इंजोत डहर नाम की संस्था केबी जॉन प्रोडक्शन, मुंबई के साथ मिलकर इसका आयोजन कर रही है. यह वर्कशॉप पुरुलिया रोड स्थित सत्यभारती ऑडिटोरियम में होगा, जो 26 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चलेगा. कार्यशाला का समापन समारोह अदन वाटिका, सहेरा रोड नामकुम में 4 नवंबर को फिल्म स्क्रीनिंग, सम्मान समारोह एवं संगीत के रंगारंग कार्यक्रम से होगा. समापन समारोह में झारखंड फिल्म इंडस्ट्री के सम्मानित गणमान्य शख्सियतों को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा. कार्यक्रम में झारखंड फिल्म इंडस्ट्री की मौजूदा चुनौतियों और समाधान पर परिचर्चा की जायेगी. झारखंड की फिल्म को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की कोशिश की जाएगी. यह जानकारी संस्था व आयोजन के संयोजक सह वरिष्ठ सलाहकार जॉन डेनिस होरो ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी.

झारखंड के कलाकारों को उपलब्ध कराया जाएगा प्लेटफॉर्म

संस्था व आयोजन के संयोजक सह वरिष्ठ सलाहकार जॉन डेनिस होरो ने बताया कि मुंबई के स्थापित फिल्म प्रोड्यूसर- निर्देशक केबी जॉन (जॉन ब्रेकमंस केरकेट्टा) के सहयोग से इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्क्रिप्ट राईटिंग, सिनेमेटोग्राफी, विडियोग्राफी, एडिटिंग, साउंड एवं विडियो मिक्सिंग, प्रोडक्शन, डिस्टरिब्यूशन, मार्केटिंग की सभी तकनीकी, प्रैक्टिकल, व्यावहारिक जानकारी दी जायेगी. शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी सशक्तिकरण, खेलकूद एवं स्किल डेवलपमेंट आदि के क्षेत्र में कार्य करने वाली सामाजिक संस्था इंजोत डहर का उद्देश्य झारखंड की प्रतिभाओं को फिल्म निर्माण के क्षेत्र से जुड़ी बुनियादी जानकारी के साथ साथ आवश्यक प्लेटफार्म मुहैया कराना है .जॉन डेनिस होरो नें बताया कि झारखंड फिल्म इंडस्ट्री को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान दिलाने के लिए सतत सकारात्मक प्रयास में भागीदार बने. इस उद्देश्य से इस वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है. इस वर्कशॉप में वॉल्टर भेंगरा, मेघनाथ, बीजू टोप्पो, नंदलाल नायक, दीपक बाड़ा, निरंजन कुजूर, सेरल मुरमू जैसे स्थानीय एक्सपर्ट के साथ ही मुंबई फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों से भी रूबरू होंगे.

क्षेत्रीय भाषाओं में बड़ी संख्या में बन रही हैं फिल्में और एलबम

संस्था के सचिव सह जाने मामले चिकित्सक डॉ. देवनीस खेस ने बताया कि आदिवासियों का गीत संगीत से विशेष नाता है. अब अखड़ा से निकलकर यह बड़े पर्दे या छोटे स्क्रिन पर अपनी जगह बना चुकी है. उसके और बेहतर प्रस्तुति में यह वर्कशॉप एक बड़ी भूमिका निभायेगा. आयोजन के सह संयोजक आनंद खलखो ने बताया कि हाल के दिनों में क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्म व एलबम बड़ी संख्या में बन रहे हैं.

आओ जानें

16 अक्टूबर का इतिहास

- 1788 – मराठों ने शाह आलम को दिल्ली की गद्दी पर बिठाया. 1868 – डेनमार्क ने निकोबार द्वीप समूह के अधिकार ब्रिटेन को बेचे और इसके साथ ही भारतीय उपमहाद्वीप से डेनमार्क के दखल का आखिरी निशान भी मिट गया.
- 1905 – भारत के तत्कालीन वायसराय लार्ड कर्जन के आदेश पर बंगाल का विभाजन हुआ.
- 1942 – बंगाल में आए प्रलयंकारी तूफान में 40 हजार लोगों की मौत.
- 1951– आधुनिक पाकिस्तान की स्थापना में योगदान देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लियाकत अली की एक जनसभा के दौरान हत्या कर दी गई.
- 1959 – राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद का उद्घाटन.
- 1964 – परमाणु स्पर्धा में शामिल होने को उत्सुक चीन ने अपने पहले परमाणु बम का सफल परीक्षण किया.

जमशेदपुर के परसुडीह में पाइप का वॉल्ब हुआ क्षतिग्रस्त

पीने का पानी बह रहा सड़क पर

संवाददाता । जमशेदपुर

परसुडीह से सरजामदा जाने वाली मुख्य सड़क पर दयाल टावर के पास पानी के पाइप का वाल्व क्षतिग्रस्त हो जाने से हजारों लीटर पानी पिछले दो दिनों से बर्बाद हो रहा है. सड़क पर पानी बहने से आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोगों को भी काफी समस्या हो रही है. सड़क में बने गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की भी संभावना बनी हुई है. इतना ही नहीं पाइप के लीकेज के कारण प्रेशर कम होने की वजह से लोगों को पानी भी पर्याप्त नहीं मिल पा रहा. इधर, राहगीर पानी के फव्वारे के बीच आवागमन करते दिखाई दिए. स्थानीय लोगों ने बताया कि लोग बूंद-बूंद पानी को तरसते हैं और यहां सड़क पर पानी बहता रहता है. सड़क पर पानी बहने से कई बार सड़क भी टूटती रहती है और स्थानीय लोग भी इसका विरोध करते हैं. इसके बावजूद पाइप क्षतिग्रस्त होकर पानी का बहना लगातार जारी है. यह पहली बार नहीं है कि जब परसुडीह में पाइप फटा हो. इससे पहले कई दफा इलाके में जलापूर्ति पाइपलाइन फटने की वजह से पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो चुका है.

पीएचइडी को दुर्गा पूजा से पूर्व क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत करने को कहा गया है. कार्यपालक अभियंता से भी बात हुई है. क्षेत्र में कहीं भी पानी की सप्लाई में दिक्कत न आए, इससे सम्बंधित निर्देश भी दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद काम न होना ठीक बात नहीं.

–पंकज सिन्हा, उपाध्यक्ष, जिला परिषद

परसुडीह के लोग एक–एक बूंद पानी के लिए तरसते है. कई बार तो खरीद कर उन्हें पानी पीना पड़ता है. पीएचडी विभाग द्वारा पाइप लाइन मेंटेनेस नहीं किया जा रहा है, जिस कारण हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है. इसके बाद भी संबंधित विभाग सोया हुआ है. यह बेहद ही दु:ख की बात है.

–बाली मुर्मू, स्थानीय निवासी

"किसी भी तरह की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है. क्षतिग्रस्त पाइप को दुरुस्त कराया जाएगा. पानी की निर्बाध आपूर्ति हो इसप्रयास किए जा रहे हैं. गोविंदपुर जलापूर्ति योजना से परसुडीह क्षेत्र में पानी की सप्लाई होती है. कमर्चारियों को भेजकर टूटे हुए पाइप को शीघ्र ही दुरुस्त कराया जाएगा.

–सुनील कुमार, कार्यपालक अभियंता, पीएचइडी

लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी में लगाए गए हैं 35 स्टॉल

जमशेदपुर। बिष्टुपुर स्थित एक होटल में रविवार को दो दिवसीय ब्रांडेड लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाज सेविका सुधा गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया. सोमवार तक चलने वाले इस प्रदर्शनी का आयोजन आईना द्वारा किया गया है. रविवार को उद्घाटन के अवसर पर अतिथि के रूप में समाज सेविका बीना खिरवाल, निशा सिंघल, कवल दुग्गल, समाजसेवी बाबूलाल गर्ग, कमल नरेडी आदि उपस्थित थे. आईना ग्रुप की संचालिका अनीता खिरवाल, प्रीति रामसीसरिया, रुचि झुनझुनवाला एवं नीलम मोदी ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है. इसमें 35 स्टॉल लगे हैं. स्टॉल लगाने के लिए झारखंड के जमशेदपुर, रांची, रामगढ़, धनबाद सहित दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, पुरुलिया से महिला एवं पुरुष व्यापारी आये हैं. इन व्यापारियों की सारी वस्तुएं उचित मूल्य पर एक ही छत के नीचे मिलने से लोगों को समय की भी बचत हो जाती है. पहले दिन प्रदर्शनी में स्टाइलिश कपड़े, आर्टिफीसियल ज्वेलरी, फुटवियर, बच्चों के खूबसूरत डिजाइनर कपड़े, कॉस्मेटिक और रियल ज्वेलरी आदि लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं.

आर्थिक स्थिति सुधारने के चक्कर में फंस गए बेरोजगार युवक

उज्ज्वल भविष्य का लालच दिखा युवकों से की ठगी

संवाददाता । चंदवा

सरकारी शिक्षा की लचर व्यवस्था का निजी विद्यालय तो फायदा उठा ही रहे हैं साथ ही इसका फायदा ठग भी उठा रहे हैं. ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को शिक्षा के क्षेत्र में आकर उज्जवल भविष्य का सब्जबाग दिखा अपना शिकार बना रहे हैं. ठगों ने चैरिटेबल ट्रस्ट बनाकर हजारों युवाओं से लाखों की ठगी कर ली.

ठगों ने स्वामी विवेकानंद शैक्षणिक चैरिटेबल ट्रस्ट संस्थान बनाकर शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया गया है. इतना ही नहीं सिस्टम तालिका में सबकी माहवार सैलरी स्लिप दिखाई गई है, जिसमें स्टेट एजुकेशन प्रोजेक्ट ऑफिसर की मंथली सैलरी पच्चास हजार रुपए तथा टीए डीए चालीस हजार, स्टेट प्रोजेक्ट प्लानिंग ऑफिसर की चालीस हजार, टीए डीए तीस हजार तथा रीजनल ऑफिसर की सैलरी पैंतीस हजार टीए डीए बीस हजार के साथ ही शिक्षकों की सैलरी तीन माह तक साढ़े तीन हजार रुपये तथा चौथे माह से साढ़े चार हजार रुपए चार्ट के माध्यम से दिखाई गई है.

जल्द धनवान बनने के लालच में फंस गया : धनराज

ठगी के शिकार हुए धनराज यादव ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि मैं एक बेरोजगार युवक हूं. मैं उन लोगों के दिखाए सब्जबाग में फंसकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के चक्कर में फंस गया. उन लोगों के द्वारा मुझे एफओ का रैंक दिया गया, जिसमें मुझे सात हजार रुपए प्रतिमाह देने की बात कही गई थी. इसी लालच में मैंने अपने पंचायत क्षेत्र के 28–30 युवकों को शिक्षक के रूप में नियुक्त करवाया. ट्रस्ट ने सभी से 1500 रुपये के हिसाब से ज्वाइनिंग के नाम पर लिया. एक महीना बीत जाने के बाद भी शिक्षकों को मानदेय नहीं मिला. सभी मुझसे सैलरी मांगने लगे. मैंने जब अपने सीनियर को फोन लगाया तो फोन बंद आने लगा. बाद में पता चला कि विवेकानंद शैक्षणिक चैरिटेबल ट्रस्ट संस्थान ही फ्रॉड थी. युवकों से ज्वाइनिंग के नाम पर रुपए वसूल कर भाग गई. उपरोक्त संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पक्ष जानने के लिए उनसे कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, पर संपर्क नहीं हो सका, इस वजह से उनका पक्ष नहीं मिल सका.

कॅरियर-काउंसिलिंग

कृषि की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद

भारतीय एक कृषि प्रधान देश है. आज के समय में कृषि के क्षेत्र में कई बड़े व्यवसाय है. मल्टी फार्मिंग सिस्टम और एंटिग्रेटिव फार्मिंग सिस्टम में कृषि का काम बड़े पैमाने पर हो रहे है. वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र में रोजगार अवसर भी बढ़ रहे हैं. अगर हम 2011 की कृषि जनगणना के अनुसार देखे तो देश की कुल जनसंख्या का 61.5 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण भारत में निवास करता है और कृषि पर निर्भर है. वर्ष 2019 में 75000 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड निवेश के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की गई. 2019-20 के रिपोर्ट के अनुसार भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा अन्य क्षेत्रों की तुलना में रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर है. आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार भारत में कृषि का मशीनीकरण 40 प्रतिशत है. कृषि का क्षेत्र अपने आप में एक फैला हुआ क्षेत्र है और इससे जुड़ी सभी शाखाएं और सब-फील्ड्स आपको आपकी पसंद की फीलड में ज्ञान अर्जित करने के साथ साथ बेहतर डिग्री प्रदान करती है जिससे भविष्य में नौकरियों का दायरा बढ़ जाता है. बैचलर हो चाहे मास्टर डिग्री आप अपनी पढ़ाई के बाद अपना बिजनेस भी शुरू कर सकतें हैं जिसमें आपको अपनी स्किल्स और आइडियाज एक्स्प्लोर करने का मौका मिलेगा.

नौकरी के विकल्पों की अगर बात करें तो आपकी जॉब प्रोफाइल आपके चुनें गए कोर्स पर निर्भर करती है. एक ब्रॉड फील्ड होने के कारण आपके पास कई नौकरियों के विकल्प होंगे, जिसमें क्रॉप प्रोडक्शन एनालिस्ट, फार्म मैनेजर, सॉइल एंड प्लांट साइंटिस्ट आदि शामिल हैं .डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर, बीएसी इन एग्रीकल्चर और सर्टिफिकेट कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं. बीएससी एग्रीकल्चर के बाद एमएससी इन एग्रीकल्चर जैसे कोर्स किये जा सकते हैं. इस फील्ड में बैचलर ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर कोर्स की अवधि 4 साल की होती है और डिप्लोमा कोर्स 2 से 3 साल के होते हैं. बीएससी करने के बाद आप एग्रीकल्चर से एमएससी कर सकते हैं यह एक मास्टर डिग्री है इसमें करने के बाद आपके लिए कई करियर के रास्ते खुल जाते हैं. जिनमें आप उच्च स्तर की नौकरी पा सकते हैं इस कोर्स को करने के बाद आप सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में एग्रीकल्चर टीचर बन सकते हैं.

यहां मिलता है काम

- भारत सरकार और राज्य सरकारों के कृषि से संबद्ध सभी विभाग
- आईसीएआर के सभी अनुसंधान केंद्र और स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी
- कृषि विज्ञान केंद्र
- स्टेट एग्रीकल्चर रिसर्च स्टेशन
- मृदा जांच केंद्र
- राष्ट्रीय बीज निगम
- केंद्रीय कृषि पशुपालन मंत्रालय और कृषि विभाग
- राज्य कृषि व पशुपालन मंत्रालय व विभाग
- जल एवं पर्यावरण मंत्रालय
- मौसम विभाग
- खाद व उर्वरक कंपनी
- फार्मिंग इंडस्ट्री कंसल्टेंट्स
- पेस्टिसाइड इंडस्ट्रीज
- एग्रीकल्चर इक्यूपमेंट इंडस्ट्रीज
- एग्रीकल्चरल कमोडिटीज प्रोसेसर
- सीड इंडस्ट्रीज
- एनजीओ
- स्ववित्तपोषित संस्थान
- मीडिया ग्रुप
- फ़ूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज
- डेरी इंडस्ट्रीज

12वीं के बाद कर सकते हैं इन विषयों की पढ़ाई

- सॉइल साइंस
- एग्रोनॉमी
- प्लांट पैथोलॉजी
- एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स
- प्लांट बायोकेमिस्ट्री
- एक्सटेंशन एजुकेशन
- बायोटेक्नोलॉजी
- एंटोमोलॉजी
- एनिमल साइंस
- बागवानी
- हॉर्टिकल्चर
- मृदा
- जीव विज्ञान
- जल संसाधन प्रबंधन
- पशु और कुक्कुट प्रबंधन
- भारत के टॉप 10 कॉलेज
- इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली
- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- आचार्य एनजी रांगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- जवाहरल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- केन्द्रीय संस्थान कृषि अभियांत्रिकी, भोपाल
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना
- अंबिल धर्मलिंगम कृषि कॉलेज और अनुसंधान संस्थान, थिरुचिरापाली
- भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
- इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टिट्यूट, बरेली
- राष्ट्रीय डेयरी रिसर्च इंस्टिट्यूट, करनाल

झारखंड बिहार के कॉलेज

- बिरसा कृषि विश्वविद्याय, रांची
- डॉ. कलाम एग्रीकल्चर कॉलेज, किशन गंज
- बिरसा कृषि कॉलेज, भागलपुर
- मदन भारती एग्रीकल्चर कॉलेज, सहरसा
- भोला पासवान शास्त्री एग्रीकल्चर कॉलेज, पूर्णिया
- विर कुवंर सिंह कॉलेज, बक्सर
- नालंदा कॉलेज हॉर्टिकल्चर, नालंदा
- जानिए क्या है करियर
- फार्म मैनेजर
- सुपरवाइजर
- सॉइल साइंटिस्ट
- एंटरोलॉजिस्ट
- पैथोलॉजिस्ट
- हॉर्टिकल्चरिस्ट
- एग्रोनोमिस्ट
- मौसम वैज्ञानिक
- पशुपालन विशेषज्ञ
- एग्रीकल्चर इंजीनियर
- एग्रीकल्चरल कम्प्यूटर इंजीनियर
- वे एग्रीकल्चर मंत्र जियोस्पेशल सिस्टम्स
- आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस
- एग्रीकल्चर फ़ूड साइंटिस्ट
- एग्रीकल्चर रिसर्च ऑफिसर
- एग्रीकल्चर ऑफिसर
- प्लांट फिजियोलॉजिस्ट
- सर्वे रिसर्च एग्रीकल्चर इंजीनियर
- एनवायरोमेंटल कंट्रोल्स इंजीनियर
- माइक्रोबायोलॉजिस्ट
- फ़ूड सुपरवाइजर
- रिसर्चर
- एग्रीकल्चर क्रॉप इंजीनियर
- बी कीपर
- फिशरी मैनेजर
- बॉटनिस्ट
- सॉयल इंजीनियर
- सॉयल एंड प्लांट साइंटिस्ट
- लैब टेक्नीशियन
- मीडिया मैनेजर

कृषि विश्वविद्यालयों में ऐसे लें प्रवेश

आईसीएआर एआईईईए (यूजी) से प्रवेश

भारत के कृषि विश्वविद्यालयों में 15% सीटों पर प्रवेश के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा परीक्षा आयोजित की जाती है. शेष सीटें राज्य कोटा से विशेष राज्य के प्रवेश नियमों के अनुसार होता है.

राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा

अलग अलग राज्य अपने कृषि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन करती है. भारत के सभी राज्यों में जो परीक्षा ली जाती है उससे 85 प्रतिशत छात्र–छात्रों को प्रवेश मिलता है. बाकी के 15 प्रतिशत छात्र–छात्राओं को आईसीएआर एआईईईए से प्रवेश मिता है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)